रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72600 10 ग्राम

₹91000 01 किलो

सेंसेक्स 79,223.11 −720.60

डॉलर 85.788 -0.028

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 04 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 330, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 ओसाका 2022 के बाद पहली बार...

# सतबरवा में घने कोहरे के कारण बस-ट्रक में टक्कर, तीन की मौत

## दर्जनों लोग घायल, तुबागाड़ा में चल रहा इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

सतबरवा (पलामू)। सतबरवा थाना क्षेत्र स्थित रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बकोरिया कसीयाडीह मोड़ के आगे एनएच 39 पर शुक्रवार की सुबह करीब 07:00 बजे घने कोहरे के कारण ट्रक और जेपीएस यात्री बस के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस व ट्रक के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री घाायल हो गए। घायल सभी यात्रियों को नवजीवन अस्पताल तुबागाड़ा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

पुष्पेंद्र कुमार (पिता विनोद कुमार) गांव टोली थाना कलुआ यूपी और 52 वर्षीय रियासत अंसारी (पिता जहीर मिंया) ताबर मुक्ता गांव पलामू निवासी की मौत इलाज के दौरान नवजीवन हॉस्पीटल तुंबागड़ा में हो गई। बस ड्राइवर 40 वर्षीय शशि पांडेय (पिता देवनारायण पांडेय) छपरवाल खुर्द गांव मेराल थाना **शेष पेज 11 पर**

### सुबह में दो-तीन दिन से है कुहासा

घायल यात्रियों में रोहिणी बेबी ताबर मुक्ता निवासी, 35 वर्षीय फिरोज अंसारी, पिता स्व. गुलामनबी टेटर गांव मनातू थाना निवासी तीनों की दयनीय स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। 50 वर्षीय रोशनी बीबी, पति रियासत मियां ताबर मुक्ता, 23 वर्षीय अंकित कुमार, पिता विरेन कुमार ईटा ओपी, 24 वर्षीय रुपा कुमारी, पति शैलेश कुमार तुंबागड़ा, 38 वर्षीय अजीत कुमार, पिता रामलाल राम पुराना खस्सी मार्केट मेदिनीनगर, 42 वर्षीय जगरानी बाड़ा, पिता निकोलश बाड़ा विजयनगर चियांकी मेदिनीनगर भी घायल हैं। सभी का इलाज नवजीवन हॉस्पीटल में चल रहा है। सतबरवा अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, गणेश मुंडा, बसंत महतो, एएसआई जोगेश चंद्र बोजपाय, राजू कुमार, सुबोध कुमार,अमीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। बाद में जेसीबी से बस व ट्रक को सड़क से किनारे किया गया, जिससे आवागमन चालू हो पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी। ट्रक रांची से मेदिनीनगर की ओर जा रहा था। धुंध व कुहासा होने के कारण यह टक्कर हो गई। दो-तीन दिन से कुहासा लगातार गिर रहा है। कुहासा इतना अधिक गिर रहा है कि 10 फीट की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि इलाज के दौरान नवजीवन हॉस्पीटल तुंबागड़ा में दो की मौत हो गई है। 6 लोग घायल है। दोनों शव को क जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया गया है।

### रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 20.0° | अधिक. | 20.8° |
| न्यून. | 03.3° | न्यून. | 08.0° |

### मुख्यमंत्री ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को जयंती पर किया याद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को उनकी जयंती पर याद किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड की माटी के लाल, संविधान सभा के सदस्य और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शत-शत नमन। **पेज 2 भी देखें**

### एचएमपीवी से भारत में घबराने की जरूरत नहीं : डीजीएचएस

**नई दिल्ली।** चीन में सांस संबंधी बीमारी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले तेजी से बढ़ने की खबरों के बीच स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ अतुल गोयल ने कहा कि इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन में एचएमपीवी वायरस तेजी से फैल रहा है। चीन में फैल रहे एचएमपीवी वायरल ठीक फ्लू और कोविड-19 के लक्षणों से मेल खाता है। इस पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने कहा कि इस वायरस पर स्वास्थ्य अधिकारियों की कड़ी नजर है।

### संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल बैंकनेट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने वाणिज्यिक संपत्तियों, औद्योगिक प्लॉट, कृषि और गैर कृषि भूमि, वाहनों तथा दुकानों की ई-नीलामी के लिए शुक्रवार को बैंकनेट के नाम से नया पोर्टल लांच किया। ये पोर्टल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से ई-नीलामी वाली संपत्तियों का पूरा ब्योरा इकट्ठा करके खरीदारों और निवेशकों के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा।

## नामकुम के आर्मी ग्राउंड में 6 जनवरी को होगा कार्यक्रम का आयोजन

# मंईयां सम्मान योजना समारोह में शामिल होंगी 3-4 लाख महिलाएं

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आयोजन आगामी 06 जनवरी को नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में होगा। इस राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। रांची जिला प्रशासन कार्यक्रम का आयोजन वृहत स्तर पर कर रहा है। इसमें राज्यभर से लाखों महिलाएं शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लाभुकों के खाते में योजना की बढ़ी हुई सम्मान राशि 2500 रुपये भेजेंगे। कई लाभुकों के खाते में योजना के अंतर्गत बढ़ी हुई सम्मान राशि भेजी जा चुकी है। बचे हुए सभी लाभुकों के खाते में 06 जनवरी 2025 को डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि ट्रांसफर की जाएगी।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में पूरे राज्य से तीन से चार लाख महिलाएं शामिल होंगी। दूसरे जिलों से आने वाले लाभुकों के आवागमन, अल्पाहार, वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारियों पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बारीकी से नजर रखी जा रही है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।

उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री लगातार कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर की गई तैयारी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां तय समय में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।



**मुख्यमंत्री** लाभुकों के खाते में भेजेंगे सम्मान राशि

**तैयारियों** की लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं उपायुक्त

### लोक कलाकार देंगे नृत्य-संगीत की प्रस्तुति

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कलाकारों द्वारा गीत-नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। एक ओर जहां आधुनिक नागपुरी गायक पवन राय, कुडुख गायक सुरेंद्र कुजूर और सादरी गायक इग्नेश कुमार अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगे, तो वहीं दूसरी ओर झारखंड के पारंपरिक नृत्यों जैसे पाइका, छऊ आदि का भी कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

## गढ़वा के भंडरिया में बाघ कर रहा है मवेशियों का शिकार

**नवीन मेल डेस्क**



प्रतीकात्मक फोटो

- वन विभाग ने रमकंडा और भंडरिया में जारी किया अलर्ट

**रांची/गढ़वा।** गढ़वा जिले के भंडरिया के जंगल में एक बाघ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। इसके बाद इलाके के ग्रामीण दहशत के माहौल में हैं। वन विभाग ने बाघ को लेकर रमकंडा और भंडरिया में अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों को वन विभाग ने जंगल में नहीं जाने की हिदायत दी है। हालांकि, वन विभाग बाघ की तस्वीर या पगमार्क नहीं मिला है, लेकिन शिकार के तरीके से वन विभाग के अधिकारी भी इलाके में बाघ होने की बात मान रहे हैं। वन विभाग की टीम बाघ को ट्रैक करने के कोशिश में जुटी है।

गुरुवार की रात बाघ ने एक भैंस और एक बैल को निशाना बनाया। भंडरिया वन क्षेत्र के रोदो जंगल में इंद्रदेव यादव की भैस को जख्मी कर दिया और रमकंडा के बलिगढ़ पंचायत के बैदेशी टोला में हुलास सिंह की गाय को मार डाला। रोदो गांव के ठेकही टोला निवासी इंद्रदेव यादव अपनी भैस को जंगल में चराने गया था। रात में जंगल में चर रही भैंस पर बाघ ने हमला कर दिया। दो दिन पहले भंडरिया के संगाली गांव के जंगल में बाघ के होने की बात ग्रामीणों ने कही थी। 13 नवंबर की रात बड़गड़ थाना क्षेत्र के बहेराखांड़ में मवेशी का शिकार कर बाघ भंडरिया क्षेत्र के जंगल से होते हुए नदी पार कर पलामू टाइगर रिजर्व एरिया में पहुंच गया था। इसकी पुष्टि वन विभाग और पीटीआर के अधिकारियों ने की थी। गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के डीएफओ इबिन बेनी अब्राहम ने कहा है कि ग्रामीण सावधान रहें। पशुओं को लेकर जंगल में ना जाएं। अंधेरा होने के पहले अपने घरों में रहे। मवेशियों का शिकार जिस तरह से किया गया है, वह इलाके में बाघ के होने का इशारा कर रहा है।

## पीएलएफआइ के 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**



**खूंटी।** कर्रा, तोरपा, कमडारा जरियागढ़ आदि थानों में पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन चुके प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने गुरुवार को जरियागढ़ थाना के बकसपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में कुख्यात उग्रवादी प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू, कमलेश गोप उर्फ लंबू और राम दयाल सिंह शामिल हैं। पकड़े गए नक्सलियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पीएलएफाआई के 14 पर्चे और चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। ये जानकारी तोरपा के एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। बताया गया कि प्रशांत कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव का रहनेवाला है, जबकि कमलेश गोप बकसपुर किनुटोली और राम दयाल सिंह बड़का रेगरे गांव का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि प्रशांत एक साल तक जेल में रहने के बाद हाल में जमानत पर बाहर निकला है और नक्सली गतिविधियों में संलिप्त हो गया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं और बकसपुर जंगल में जमा हैं। सूचना के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जंगल में छापामारी की गई और तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। **शेष पेज 11 पर**

## सीएम हेमंत को मिला चार सप्ताह का समय

### झारखंड हाईकोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के जवाब पर प्रति उत्तर देना है

**रांची (हि.स.)**




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीएम हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के जवाब (प्रतिशपथ पत्र) पर प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने आग्रह स्वीकार करते हुए चार सप्ताह का समय हेमंत सोरेन को प्रदान किया। मुख्यमंत्री सोरेन की ओर से ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया है। इसमें हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर वे नहीं गए थे, उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था। दरअसल, ईडी की ओर से समन की अवहेलना मामले में शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था, लेकिन वे चार तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि, अब यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है, लेकिन हेमंत सोरेन पिछली कई तिथियों को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित पिटीशन को खारिज कर दिया है। **शेष पेज 11 पर**

### उचित मुआवजा दिए बिना संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संपत्ति का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि किसी को भी कानून के मुताबिक उचित मुआवजा दिए बिना उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति का अधिकार भले ही मौलिक अधिकार नहीं हो **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया: रंगे हाथ पकड़े तो एक घूसखोर साहब हैं, अभी पूरे तंत्र की सफाई बाकी है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

नए साल के दूसरे ही दिन राजधानी रांची के टाउन सीओ मुंशी राम 37 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुए तो इसकी बहुत चर्चा हुई क्योंकि कभी कभार पकड़े जाने वाली छोटी मछलियों में वे थोड़ी बड़ी मछली हैं और उस विभाग में है जहां के बारे में कहा जाता है कि बिना पैरवी या पैसे के कोई भी काम करना आसान नहीं। बड़े बड़े नेताओं और भ्रष्ट अधिकारियों के करीबी लोगों से करोड़ों रुपए की बरामदगी और जेल यात्रा से झारखंड की छवि खराब हुई है पर किसी घूसखोर अफसर के पकड़े जाने में लोग इसलिए खुश हो जाते हैं कि शायद अब भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। झारखंड पुलिस और हेमंत सोरेन की नई सरकार के बदले हुए तेवर से लग रहा है कि अब हवा बदलने वाली है। अंचल कार्यालयों और प्रखंडों में जहां ग्रामीण और जनजातीय जनता भ्रष्ट तंत्र के सामने निरीह मेमने की तरह विवश हो जाती है और सरकारी बाबुओं के दौड़ाने से थक हार कर हर विकास योजना को पूरा करने के लिए बिचौलियों के पास जाती है जिससे विकास योजनाओं का उद्देश्य ही पूरा नहीं हो पाता। योजनाएं भी घटिया या अधूरे निर्माण के कारण अनुपयोगी हो जाती हैं जिससे राज्य का विकास भी अवरुद्ध होता है और जनता के या विश्व बैंक के कर्ज के पैसे की बंदरबांट से समाज में सरकार की गलत छवि बनती है। कई बार जिला मुख्यालय या राज्य मुख्यालय तक शिकायत पहुंचती भी नहीं क्योंकि ऐसा कोई तंत्र प्रभावी रूप से विकसित नहीं हुआ है जहां आसानी से शिकायत की जा सके और त्वरित कार्रवाई हो सके। प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए बने लोकायुक्त कार्यालय में लोकायुक्त का पद 2021 से रिक्त है जिससे स्थिति और भी बिगड़ी है। लोकायुक्त कार्यालय में पूर्व में आ रही शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित आती थीं। इन विवादों का केंद्र अंचल कार्यालय हैं, जहां सरकारी अमीन से लेकर अंचल निरीक्षक व अंचलाधिकारी तक लपेटे में आते हैं। शिकायतें भी अजीबो-गरीब, जैसे गलत तरीके से दाखिल खारिज होना, गलत तरीके से जमाबंदी कर देना, सरकारी जमीन को रैयती बताकर उसका नामांतरण कर रसीद जारी कर देना। जांच में इसकी पुष्टि होती रही है और दोषी अफसरों-कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की फाइलें विभागों में चक्कर लगाती रही हैं। लोकायुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 2020 में जमीन से संबंधित भ्रष्टाचार के 175 मामले लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे थे जबकि भ्रष्टाचार से संबंधित 375 मामले पहुंचे थे, जिनमें जमीन संबंधित 50 मामले शामिल थे। राज्य के 35 विभागों में भ्रष्टाचार से संबंधित 1500 शिकायतें लोकायुक्त कार्यालय में लंबित थीं, जिनकी जांच चल ही थी। इन शिकायतों में 250 शिकायतें जमीन से संबंधित थीं। जमीन संबंधित कई मामले निष्पादित भी हो चुके थे, जिसमें संबंधित अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक व अमीन की मिलीभगत उजागर हो चुकी है। एक ही जमीन दो अलग-अलग लोगों के नाम पर दाखिल खारिज करवा दिया और फर्जी जमीन मालिक को एयरपोर्ट विस्तारीकरण के एवज में मुआवजे का भुगतान कर दिया। पांच साल तक जांच व सुनवाई के बाद लोकायुक्त ने तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी रांची अभय नंद अंबष्ट, तत्कालीन अंचलाधिकारी नामकुम अमित कुमार व तत्कालीन अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार को दोषी पाते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की थी। बोकारो के चास में सीएनटी एक्ट के अधीन आने वाली भुइयां जाति की जमीन का गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर खरीद-बिक्री व नामांतरण का खुलासा हुआ। लोकायुक्त ने तत्कालीन चास अंचलाधिकारी वंदना सेजवलकर व चास के पूर्व अंचल निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की थी। रांची के नामकुम अंचल में एक ही नंबर के दो अलग-अलग डीड पर अलग-अलग खरीदारों के नाम जमीन का दाखिल खारिज कर दिया गया था। जब लोकायुक्त के आदेश पर पूरे मामले की जांच हुई तो पता चला कि जिस डीड पर दाखिल खारिज किया गया था, वह फर्जी था। इसके बाद दोषी अधिकारियों-कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। रांची में कांके के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह पर गलत तरीके से दाखिल खारिज के आवेदन को अस्वीकृत करने के आरोपों की लोकायुक्त के आदेश पर पूर्व डीसी के आदेश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी की विभागीय जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। उल्लेखनीय है प्रदेश में झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी नियमावली 2011 लागू की गई थी जिसमें लगभग सभी प्रमुख सेवाओं जिसमें दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र जैसे सभी मामले शामिल थे जिसके पुराने बोर्ड किसी किसी कार्यालय में त्रस्त जनता का मुंह चिढ़ाते हैं। कहने को जमीन की बिक्री के साथ निश्चित अवधि में दाखिल खारिज अपने आप होनी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन भी भ्रष्ट बाबुओं के कारण मज़ाक बन कर रह गई है जिसे एक रसीद लेने जैसी औपचारिकता बना कर रख दिया गया है और अंचल कार्यालय में चक्कर काटते लोगों को महीनों से सालों तक दौड़ाया जाता है जिससे थक हार कर वह रिश्वत देने के लिए मजबूर हो जाता है। सीएम हेमंत सोरेन लगता है इस बार इस तंत्र पर कड़ा प्रहार करना चाहते हैं।



### एसबीआई रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

## देश में 12 वर्षों में 21 प्रतिशत कम हुई है ग्रामीण गरीबी दर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

**2011-12** में ग्रामीण गरीबी दर 25.7 प्रतिशत थी

**2023-24** में कम होकर 4.86 प्रतिशत हो गई है

भारत में ग्रामीण गरीबी दर में बीते 12 वर्षों में करीब 21 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। यह जानकारी एसबीआई रिसर्च द्वारा शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में वित्त वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी दर 25.7 प्रतिशत थी, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में कम होकर 4.86 प्रतिशत हो गई है, जो कि 20.84 प्रतिशत की कमी को दर्शाता है। इस दौरान शहरी गरीबी दर 4.6 प्रतिशत गिरकर 4.09 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, समग्र स्तर पर हमारा मानना है कि भारत में गरीबी की दर अब 4 प्रतिशत से 4.5 प्रतिशत के बीच हो सकती है। वहीं, अत्यधिक गरीबी का स्तर भी अब लगभग न्यूनतम हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण गरीबी में तेज गिरावट की वजह कमजोर वर्ग में सरकारी समर्थन से उपभोग बढ़ना है। साथ ही, रिसर्च में पाया गया कि खाने-पीने की वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी होने का असर खाद्य खर्च पर ही, बल्कि कुल खर्च पर भी होता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 के फ्रैक्टाइल वितरण के आधार पर, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी का सैंपल अनुपात **शेष पेज 11 पर**

# युवाओं का एबीवीपी से जुड़ाव ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक : राज्यपाल

- *राज्यपाल ने झारखंड की स्थापना के रजत वर्ष का उल्लेख किया*
- *भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के झारखंड राज्य निर्माण में योगदान को स्मरण किया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि झारखंड के 82 हजार से अधिक युवाओं का एबीवीपी से जुड़ाव, यह संख्या मात्र आंकड़ा नहीं, बल्कि राज्य के युवाओं की ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन और झारखंड को शिक्षा, रोजगार, खेल, नवाचार तथा सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए योगदान दें।

राज्यपाल शुक्रवार को धनबाद के केके पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड के तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन न केवल राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है, बल्कि युवाओं को उनकी सकारात्मक ऊर्जा के लिए एक दिशा प्रदान करता है।

राज्यपाल ने कहा कि अधिवेशन का यह आयोजन कई ऐतिहासिक संदर्भों से प्रेरणादायी है। भगवान धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती तथा एबीवीपी के शिल्पकार प्राध्यापक यशवंत राव केलकर के शताब्दी वर्ष के दौरान यह अधिवेशन झारखंड के युवाओं को नई ऊर्जा और संकल्प का संदेश देता है।

राज्यपाल ने झारखंड की स्थापना के रजत वर्ष का उल्लेख करते हुए भारत रत्न एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के झारखंड राज्य निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन संबंधी विधेयक संसद में लाया गया था तो वे अटल की सरकार में मंत्रिपरिषद के सदस्य थे और लोकसभा सदस्य के रूप में उन्होंने राज्य के गठन के पक्ष में मत दिया था।

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के विचार उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये का उल्लेख करते हुए युवाओं को निरंतर प्रयास और समर्पण का महत्व समझाया। साथ ही सभी युवाओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में अपनी भूमिका निभायें।

अधिवेशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने कहा कि देश में कहीं भी जब छात्र हित का हनन होता है तो छात्र समुदाय उम्मीद भरी नजरों से विद्यार्थी परिषद की ओर देखता है। उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान दौर में छात्राओं को सशक्त करने के लिए और बंगाल में जिस प्रकार की असामाजिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है उसको देखते हुए छात्राओं को मिशन साहसी के माध्यम से आत्मरक्षा के शिक्षा दी जा रही है ताकि सरकार की नाकामी होने पर राज्य की छात्राएं स्वयं अपनी सुरक्षा कर सकें।

स्वागत समिति के अध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि झारखंड का यह रजत जयंती अधिवेशन यहां के छात्र युवाओं को अपने हक और झारखंड के अस्मिता संस्कृति को बचाने के लिए जागृत करने वाला अधिवेशन है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक-एक कार्यकर्ता अपने सभ्यता अपनी संस्कृति को आत्मसात कर राष्ट्र पुनर्निर्माण के उद्देश्य के लिए एक-एक परिसर में पूरी तन्मयता के साथ लगा रहता है।

आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने कहा कि आज के टेक्नोलॉजी के इस दौर में युवा विभिन्न माध्यमों से अपने करियर को एक नई दिशा दे सकता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता परिसर में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से नवाचार के साथ युवा किस क्षेत्र में अपना करियर चुने इस लिए वर्षभर सकारात्मक दिशा में प्रयत्न करते रहते हैं।

परिषद की प्रदेश अध्यक्ष डॉ। मौसमी पॉल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह रजत जयंती अधिवेशन युवाओं के लिए शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने स्वयं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रयत्न करने सहित विभिन्न रूपों से लाभकारी साबित होगा। प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि यह अधिवेशन केवल एक अधिवेशन मात्र नहीं है, बल्कि यह एक महामंथन है।

उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद राउत, प्रांत प्रमुख डॉ पंकज कुमार और निवर्तमान अध्यक्ष डॉ दीपनारायण जायसवाल सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** आत्महत्या के लिए मनोज कुमार नामक पड़ोसी को उकसाने के केस में धुर्वा निवासी प्रह्लाद शर्मा को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में शुक्रवार को बरी कर दिया गया। फैसला अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सुनाया। मृतक की मां करमी देवी ने धुर्वा थाने में 2023 में नामजद प्राथमिकी की थी। आरोप था कि मनोज की पत्नी का अवैध संबंध प्रह्लाद से था। इसे लेकर बेटे-बहू में लड़ाई होती थी। मनोज ने प्रह्लाद को आरोपी बनाते हुए पत्र लिखकर आत्महत्या कर ली थी।

### एसडीओ मामले में हाई कोर्ट स्वत: संज्ञान ले : सुधीर

**रांची।** हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार एवं उनके परिवार के सदस्यों पर हत्या के आरोप लगे हैं। वहीं इस मामले में अभी तक एसडीओ की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस संबंध में अधिवक्ता सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर मामले में स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वहीं कहा है कि एसडीओ अशोक कुमार की तत्काल गिरफ्तारी हो और उनका मामला स्पीडी ट्रायल कोर्ट में भेजा जाए।

## मुख्यमंत्री ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई को जयंती पर किया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को उनकी जयंती पर याद किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में शुक्रवार को लिखा है कि झारखंड की माटी के लाल, संविधान सभा के सदस्य और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शत-शत नमन। सोरेन ने लिखा कि जयपाल सिंह मुंडा को सम्मान देते हुए अबुआ सरकार के जरिये ओवरसीज स्कॉलरशिप योजनाओं को चलाया जाता है, जिसमें वंचित समाज के युवा हर वर्ष विदेश में सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा लेते हैं। हेमंत सोरेन ने दूसरे पोस्ट में लिखा कि देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर शत-शत नमन। झारखंड की लाखों बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का काम कर रही है अबुआ सरकार।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो क्षेत्र का किया दौरा

## बैंक की कम शाखा को लेकर जाहिर की चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हो में बैंक की कम शाखा को लेकर चिंता जाहिर की। पंजाब नेशनल बैंक में क्षेत्र के लोगों को बैंक से संबंधित परेशानियों को लेकर बैठक की। राज्य सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही 2 लाख रुपए तक की ऋण माफी योजना में आ रही अड़चनों को लेकर बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी केवाईसी को लेकर हो रही है। केवाईसी नहीं होने से क्षेत्र के लोग सरकार की योजना का समय पर लाभ नहीं उठा पा रहे है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस दौरान बैंक के शाखा में कैसे इजाफा हो इस पर भी बैंक अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैंक की शाखा चान्हो में कम होने से ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर कहा कि ठंड के इस मौसम में सहायता प्रदान करने का उद्देश्य जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। ये एक छोटा सा प्रयास है जिससे ठिठुरन भरी इस ठंड में उन्हें थोड़ी राहत दी जा सके। जरूरतमंदों को मदद करने की दिशा में सभी को मिलजुल कर पहल करने की जरूरत है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रघुनाथपुर पंचायत स्थित कोको आईयो शक्ति पूजा स्थल पर पुनः पहुंच कर मां के चरणों मत्था टेका।

## 32सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से धान खरीदी में किसानों को इंसाफ देने की मांग की। श्री मरांडी शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि पिछले दो वर्षों के सुखाड़ के बाद राज्य में इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। किसानों को अपने मेहनत का अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद राज्य सरकार से थी। कहा कि हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करने का आश्वासन दिया था। लेकिन राज्य सरकार अपने वादे से उलट गई। आज राज्य में 2300रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद और 100रुपए बोनस के साथ 2400रुपए प्रति क्विंटल से खरीद हो रही।राज्य सरकार ने 60लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है लेकिन स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गए हैं।ऑफिसरशाही इतनी हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उद्घाटन किए ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं।राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं उसमें में कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे। कहा कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15% धान भी अबतक नहीं खरीद सकी है। राज्य सरकार इसमें भी धान को गिला बताकर प्रति क्विंटल 10 से 15किलो की कटौती कर रही है। कहा कि राज्य सरकार ने धान खरीदी की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजाई फसल को 1800-1900रुपए प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं।

### हाई कोर्ट ने छवि रंजन के मामले में ईडी से मांगा जवाब



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से रांची की निचली अदालत के संज्ञान आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने ईडी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में छवि रंजन की ओर से ईडी कोर्ट के जरिये लिए गए संज्ञान आदेश को चुनौती देते हुए केस को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। साथ ही छवि रंजन की ओर से अपनी गिरफ्तारी को भी अवैध बताया गया है।

### उज्जैन में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा

## सामाजिक बदलाव में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका सराहनीय




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज शुक्रवार को उज्जैन में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले एनसीसी कैडेट्स के साथ संवाद किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अभी भारत में 17 लाख एनसीसी कैडेट हैं, जल्द ही यह संख्या बढ़ाकर 20 लाख की जायेगी। संजय सेठ ने कहा, एनसीसी वर्दीधारी राष्ट्रप्रेमी युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है। कहा कि सोशल सर्विस एवं कम्युनिटी डेवलपमेंट के कार्यों में इनकी भूमिका सराहनीय होती है। सामाजिक बदलाव में भी एनसीसी कैडेट सराहनीय कार्य करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलते हैं। पर्यावरण संरक्षण की बात हो या कोरोना संक्रमण काल में सेवा की, हर क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय रहा है।

## यात्रियों से मोबाइल और पैसे लूटने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहर की चुटिया थाना पुलिस ने साउथ रेलवे गेट के बाहर प्लेटफार्म नंबर पांच के सामने से यात्रियों के मोबाईल और पैसे लूटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार स्मार्ट मोबाईल, एक स्कूटी (जेए 0 ईडब्ल्यू-7427) और 510 रुपये नकद बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने शुक्रवार को बताया कि दो जनवरी की रात रांची की आरपीएफ थाने ने सूचना दी कि रेलवे यात्रियों से मोबाईल एवं पैसे की लूट की घटना का अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना तुरंत वरीय पुलिस अधीक्षक को दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस उपाधीक्षक नगर के निर्देशन में गठित टीम ने आरपीएफ थाने के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार अपराधियों में रोशन महतो और प्रीतम ठाकुर शामिल हैं। इनके पास से लूटा गया सामान भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि फरार एक अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, उसकी पहचान कर ली गई है।

### 6 वर्षों से लंबित सेल सिटी प्रोजेक्ट

## रेरा ने डेवलपर्स को दी अंतिम चेतावनी

- *अगली सुनवाई 16 जनवरी को, अनुपस्थिति पर एकतरफा निर्णय का आदेश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के न्यू पुंदाग में पिछले 16 वर्षों से निर्माणाधीन सेल सिटी परियोजना को लेकर रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की अदालत ने कशिश डेवलपर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजित चौधरी को 16 जनवरी 2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि वे हाजिर नहीं होते, तो उनके खिलाफ एकतरफा फैसला सुनाया जाएगा।

### विरोध और अदालती नोटिस की अनदेखी

रेरा के अध्यक्ष ने बताया कि मामले में पहले भी 19 दिसंबर को नोटिस भेजा गया था, लेकिन अजित चौधरी अदालत में पेश नहीं हुए। मामला सेल सिटी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बनाम कशिश डेवलपर्स लिमिटेड के रूप में दर्ज है। एसोसिएशन ने परियोजना में देरी, सुविधाओं की कमी और अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राधिकरण का दरवाजा खटखटाया था।

### निवासियों की मांगें और वादे का उल्लंघन

अदालत में दाखिल याचिका के अनुसार, कशिश डेवलपर्स लिमिटेड ने 2007 में डेवलपमेंट एग्रीमेंट के तहत 30 से 40 महीनों में परियोजना पूरा करने का वादा किया था। परियोजना की शुरूआत एक जनवरी 2008 को हुई थी और इसे 2013 तक पूरा होना था। लेकिन 16 वर्षों बाद भी न तो निर्माण कार्य पूरा हुआ और न ही आवासीय इकाइयों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयीं।

### अनुबंध में किए गए वादे

8 फीट ऊंची चहारदीवारी, सभी फ्लैट्स के लिए पार्किंग स्थल, अबाधित जलापूर्ति की व्यवस्था, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और केंद्रीयकृत संचार प्रणाली, 10 पार्क (300 वर्गफीट के दो और 200 वर्गफीट के आठ पार्क) बॉस्केटबॉल और लॉन टेनिस के मैदान इसके अलावा, क्लब, स्विमिंग पुल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कम्युनिटी हॉल, गेस्ट हाउस और अन्य सुविधाओं का भी वादा किया गया था।

### हरित क्षेत्र व प्रबंधन में अनदेखी

डेवलपमेंट एग्रीमेंट में लगभग एक-तिहाई भूमि हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने का प्रावधान था, लेकिन बिल्डर ने 10% क्षेत्र भी हरे-भरे नहीं छोड़े। इतना ही नहीं, बिल्डर ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को कमजोर करने और उसकी वैध मांगों को नजरअंदाज करने की कोशिश की।

### रेरा का अंतिम निर्देश

रेरा ने मामले में चार सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट ने बिल्डर को समयबद्ध तरीके से सभी सुविधाएं पूरा करने और सोसाइटी प्रबंधन निवासियों को सौंपने का निर्देश दिया। अगर 16 जनवरी को भी बिल्डर अदालत में पेश नहीं होते, तो रेरा एकतरफा फैसला सुनाने के लिए स्वतंत्र होगा। एसोसिएशन का कहना है कि यहां के निवासियों का यह संघर्ष केवल बुनियादी सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि परियोजना में विश्वास और न्याय बहाल करने के लिए भी है।

## न्यूज बॉक्स



*मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मंत्री कृषि शिल्पी नेहा तिर्की ने नववर्ष की शुभकामनाएं दी।*



*मुख्यमंत्री से शुक्रवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी ने भेंट कर नववर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।*

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले मंत्री, विधायक और सांसद



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल सांसद विजय हांसदा, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को नववर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले राज्य के आला अधिकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आरके मलिक, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबु बकर सिद्दीक, आईजी पंकज कंबोज, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, निदेशक रेवेन्यू भोर सिंह यादव, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक पर्यटन अंजली यादव एवं निदेशक उद्योग सुशांत गौरव ने मुलाकात कर नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### डीआईजी में प्रोन्नत चंदन सिन्हा को डीजीपी ने बैच लगाकर किया सम्मानित



**रांची।** डीआईजी में प्रोन्नत हुए चंदन सिन्हा को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बैच लगाकर सम्मानित किया है। शुक्रवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीजीपी ने बैच लगाकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि बीते 31 दिसंबर 2024 को सरकार ने रांची एसएसपी के पद पर पदस्थापित चन्दन कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति प्रदान करते हुए एसएसपी रांची के पद को डीआईजी में उत्क्रमित करते हुए उन्हें उस पद पर पदस्थापित किया गया है।

### जेल भेजा गया घूसखोर सीओ

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 37 हजार रूपए घूस लेते पकड़े गए सदर सीओ मुंशी राम को एसीबी की अदालत में न्यायधीश योगेश कुमार सिंह के सामने प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सारी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मुंशी राम को जेल भेजने का आदेश दिया। अदालत की पूरी कार्यवाही के दौरान एसीबी के विशेष लोक अभियोजक उपस्थित थे।

### राजाराम महतो ने रघुवर दास को दी नववर्ष की बधाई



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास को नववर्ष पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो ने बधाई दिया है। मौके पर पद्मश्री छुटनी महतो, ज्ञानेश्वर सिंह, भूदेव चंद्र महतो, परमानंद महतो उपस्थित थे।

# झारखंड में शीतलहर, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** झारखंड में पर्वतों की ओर से आ रही हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है। पूरे झारखंड में प्रचंड ठंड पड़ रही है। न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। ग्रामीण क्षेत्र का तापमान 3.3 डिग्री हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम केंद्र रांची और ग्रामीण कृषि मौसम सेवा कांके ने यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र रांची ने कहा है कि 24 घंटे तक लोगों को कनकनी वाली ठंड से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद 3 दिन के दौरान न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 जनवरी को सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा या धुंध रहने की संभावना है। इसके बाद आसमान साफ हो जाएगा।



## खूंटी का न्यूनतम पारा झारखंड में सबसे कम

मौसम विभाग ने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में मौसम शुष्क रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेंटीग्रेड खूंटी में रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.8 डिग्री सेंटीग्रेड सिमडेगा जिले के बानो में रहा। इस दौरान राज्य में कहीं भी बारिश नहीं हुई।

## बोकारो और चाईबासा का अधिकतम तापमान

बोकारो का अधिकतम पारा 0.9 डिग्री सेंटीग्रेड घटकर 21.2 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। चाईबासा का उच्चतम तापमान 0.6 डिग्री बढ़कर 26.4 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है।

## रांची का तापमान 1.4 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ा

अगर झारखंड के अलग-अलग जिले के तापमान की बात करें, तो राजधानी रांची के न्यूनतम तापमान में पिछले 24 घंटे के दौरान 1.4 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि हुई है। इसके बाद यह 8 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड घटकर 9.8 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

## डाल्टेनगंज, बोकारो और चाईबासा का न्यूनतम तापमान

डाल्टेनगंज का न्यूनतम पारा 0.4 डिग्री बढ़कर 7.4 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम है। बोकारो का न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस घटकर 8.1 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है। वहीं, चाईबासा का न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 8 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेंटीग्रेड कम है।

## रांची, जमशेदपुर और बोकारो में तापमान बढ़ा

रांची, जमशेदपुर और बोकारो के उच्चतम तापमान में वृद्धि हुई है और डाल्टेनगंज एवं चाईबासा के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रांची का उच्चतम पारा 0.6 डिग्री घटकर 20.8 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है।

## जमशेदपुर और डाल्टेनगंज का उच्चतम तापमान

जमशेदपुर का उच्चतम पारा 0.7 डिग्री सेल्सियस घटकर 23.5 डिग्री सेंटीग्रेड रह गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेंटीग्रेड कम है। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री बढ़कर 22.2 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम है।

## कांके का न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री और मैकलुस्कीगंज का पांच डिग्री रहा

**रांची/मैकलुस्कीगंज।** कांके और मैकलुस्कीगंज में हवा में कनकनी के साथ तापमान में भी गिरावट आई है। शुक्रवार को कांके का न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं हवा की गति 4.2 किमी रिकॉर्ड की गई। मैकलुस्कीगंज में शुक्रवार की सुबह न्यूनतम तापमान पांच डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री रहा। हवा में कनकनी से ठंड बढ़ने से लोग अलाव तापते देखे गए।

### खादी मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

# मेला परिसर में स्केचिंग का जीवंत प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का जैसे-जैसे समापन की तिथि निकट आ रही है, वैसे-वैसे महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को मेले में लगभग 10 हजार लोगों ने मेले का आनंद लिया। महोत्सव में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल में पुरुषों के लिए सूती, रेशमी, ऊनी बंडी, कुर्ता, पजामा, ड्रेस मैटरियल, टोपी, मफलर, शॉल के साथ साथ महिलाओं के लिए भी ऊनी और रेशमी बंडी के अलावा सूती, रेशमी साड़ी, डिजिटल प्रिंटेड साड़ी, सोहराई प्रिंटेड साड़ी, म्यूरल साड़ी और मधुबनी प्रिंटेड साड़ियां खूब डिमांड में हैं । मेला परिसर में स्केचिंग का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। रांची के कलाकार रोशन कुमार लोगों की जीवंत पेंटिंग बना रहे है। ब्लैक एंड वाइट पेंटिंग 500 रुपये से शुरू है वहीं रंगीन पेंटिंग की कीमत थोड़ी ज्यादा है। साबरमती आश्रम के जीवंत प्रदर्शनी में बच्चों का उत्साह देखा जा रहा है। यहां गांधी जी जुड़ी रोचक जानकारियां प्रदर्शनी में लगी चित्रों से प्राप्त की जा सकती है। आज कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा मलय कुमार साहू, एवं टीम ने सरायकेला छऊ नृत्य एवं रमण कुमार मिश्रा एवं दल ने भजन एवं गजल गायन की प्रस्तुती दी। बच्चों के लिए आयोजित फेस पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



● खादी फैशन शो का किया गया आयोजन

# चैंबर का संवाद-2 कार्यक्रम जल्द राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संवाद-2 कार्यक्रम आयोजन जल्द होगा। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रित किया। मंत्री से राज्य के समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में कार्यक्रम के संयोजक अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल व रोहित पोद्दार शामिल थे। संयोजक अमित शर्मा ने कहा कि मंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दे दी है। जल्द ही संवाद-2 की तिथि की घोषणा की जाएगी। यह कार्यक्रम राज्य में नई सरकार की भावी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा के साथ ही राज्य के विकासात्मक मुद्दों पर सरकार और स्टेकहोल्डर्स का संयुक्त प्रयास शुरू करने की दिशा में सार्थक साबित होगा।

# थान के कपड़े आज भी लोगों की पहली पसंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फैशन का दौर है। युवा से लेकर हर वर्ग के लोगों को कपड़े की पसंद अब वेस्टर्न, इंडो वेस्टर्न हो गया है। लेकिन यदि आप कुछ वर्ष पहले जाते हैं यानि अपनी दादी के जमाने में तो आप देखेंगे कि पुरुषों अपना कुर्ता-पजामा थान के कपड़े लेकर ही सिलवाते थे। महिलाएं सूट के लिए कटपीस लिया करती थीं। इसे हम उस जमाने का ट्रेंड कहें तो गलत नहीं होगा। वहीं वक्त के साथ और पसंद के साथ रेडिमेड की ओर बढ़ते जमाने में आज भी राजधानी के चर्च रोड में वर्ष 2011 से खालिद परवेज और उनके भाई के द्वारा थान के कपड़ों का दुकान संचालित किया जा रहा है।

**सूरत का थान जीत रहा राजधानी वासियों का दिल :** संचालक खालिद ने बताया सूरत, बनारस, जयपुर और कलकत्ता से थान आता है। जिसमें की सबसे ज्यादा सूरत से आए थान की ओर महिलाएं आकर्षित होती हैं। उन्होंने बताया पहले की तुलना में अब तो लोग रेडिमेड की और भागते हैं लेकिन कुछ लोग आज भी हैं जिन्हें अपने अंदाज में कपड़े बनाकर पहनना पसंद करते है। आज के दौर में भी महिलाएं अपने अनुसार डिजाइनर साड़ी, लहंगा, सूट और कुर्ती बनवा कर पहनती हैं। खालिद ने कहा दाम की बात की जाए तो रेडिमेड कपड़ों से कई गुना ज्यादा सस्ता कटपीस के कपडे होते हैं।



### आज भी थान को पसंद करते हैं लोग : खालिद

संचालक खालिद परवेज ने बताया साल 2011 में नजीर अली लेन में न्यू रांची कटपीस सेंटर की नींव रखी गई थी। उन्होंने बताया उस वक्त राजधानी के बहुत ही कम हिस्सों में थान की दुकान हुआ करती थी। खालिद ने बताया नजीर अली लेन में भी उस वक्त एक भी दुकान नहीं हुआ करती थी, लेकिन उस वक्त की तुलना में आज प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। कई दुकाने खुल गई है जिस कारण काफी नुकसान हुआ और हो रहा है। उन्होंने बताया उस वक्त थान की बिक्री जोरों पर हुआ करती थी। खास कर महिलाएं सूट सिलवाने के लिए रेडिमेड से ज्यादा कटपीस लेकर सिलवाने पर भरोसा रखती थी। आज की तारीख में भी लोग थान के कपड़ों को पसंद करते हैं लेकिन पहले की तुलना में अब लोगों का रुझान कम हो चुका है। उन्होंने कहा कि फैशन डिजाइनिंग करने वाले बच्चों का रुझान हमारी तरफ जरूर बढ़ता नजर आ रहा है।

## डीजे लदा पिकअप वैन के पलटने से 2 की मौत

**रांची।** नामकुम में एक पिकनिक पार्टी मातम में बदल गयी। दरअसल हुंडरू फॉल जा रहा एक डीजे लदा पिकअप वैन (जेएच 01 सीवाई 9934) ट्रक के धक्के से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। जिससे खेत में बकरी चरा रहे अधेड़ समेत दो की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। वैन में सवार सभी लोग एक वनभोज कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। मृतकों में 45 वर्षीय महिलौंग निवासी अरुण मिर्धा, 18 साल के युवक मनीष महतो शामिल है। जबकि घायलों में वैन चालक उदेन महतो, पिंटू, राहुल महतो, हेमंत महतो, विकास महतो, चमन महतो शामिल हैं। घटना टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत महिलौंग फतरु टोली रिंगरोड की है।जानकारी के अनुसार बालिका विद्यालय की स्कूली छात्राओं ने एक फुटबॉल टूर्नामेंट में खस्सी जीता था। इसी खुशी में हेसापीढी के ग्रामीणों के साथ सभी लोग रांची के हुंडरू फॉल पिकनिक मनाने जा रहे थे।

### सड़कों पर गुजारा कर रहे लोगों को आश्रय गृह पहुंचाने का डीसी ने दिया निर्देश

# जरूरतमंदों में कंबल का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री गुरुवार देर रात ठंड में आश्रय गृह और अन्य क्षेत्र का हाल जानने रात्रि भ्रमण पर निकले। इस क्रम में वे खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। सड़कों पर रात में गुजर-बसर कर रहे व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन वृहद स्तर पर चलाते हुए निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करने का भी निर्देश दिया, ताकि ठंड में सड़कों पर रात्रि में किसी को कोई परेशानी ना हो। बढ़ते ठंड को देखते हुए निगम के सभी आश्रय गृहों में बेड, कंबल और पेयजल आदि के बेहतर इंतजाम के साथ तमाम व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। आश्रय गृह का निरीक्षण करते हुए आश्रय गृह में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। बढ़ते ठंड को देखते हुए निगम के सभी आश्रय गृहों में बेड, कंबल, पेयजल आदि का बेहतर इंतजाम के साथ तमाम व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश भी दिया। इस दौरान अपर प्रशासक रांची नगर निगम संजय कुमार एवं संबंधित पदाधिकारी शामिल थे।



### राजधानी के 7 वार्डों में गरीबों के बीच बांटे गए कंबल

रांची। राजधानी में कड़ाके की ठंड और शीत लहर को देखते हुए रांची नगर निगम के आयुक्त ने निगम क्षेत्र में वार्डवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच नि:शुल्क कंबल बांटने का निर्देश दिया है। इस क्रम में शुक्रवार को वार्ड 11, 15, 29, 30, 37, 40 और 45 में रहने वाले गरीब-जरुरतमंदों के बीच ठंड से राहत के लिए कंबल बांटे गये।

**बेघरों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने के निर्देश :** नगर आयुक्त ने रात्रि में मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर शहर में गुजर बसर कर रहे बेघर लोगों को कंबल देने के साथ-साथ उन्हें आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिया है। इस कार्य में वार्ड सुपरवाइजर, सामुदायिक संगठनकर्ताओं, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक एवं सहायक प्रशासकों को लगाया गया है।

## झारखंड में पेसा नियमावली लागू करने के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**रांची।** राज्य में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियमावली 2024 यानी पेसा नियमावली को जल्द से जल्द लागू करने के लिए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और पंचायती राज निदेशक निशा उरांव को ज्ञापन दिया गया है। जनजातीय समाज से जुड़े गुमला स्थित डोयसागढ़ परगना डोकलो सोहोर और गुमला पड़हा के द्वारा यह ज्ञापन गुरुवार को राज्यपाल सचिवालय और पंचायती राज निदेशालय को दिया गया है। सौंपे ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए निदेशों का हवाला दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 10 सालों से गैर पारंपरिक लोग था।

# निजी विद्यालयों के मान्यता की शर्तों को बदले सरकार : रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पासवा (प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन) का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिला एवं ज्ञापन सौंपा। डॉक्टर रामेश्वर उरांव और राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की मांग पर छात्रों और शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा सचिव ने 15 जनवरी तक ऑनलाइन मान्यता के प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया। वहीं अपनी मांग में डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा निजी विद्यालयों के लिए जमीन बढ़ाना या कमरे का साइज बदलना संभव नहीं इसलिए मान्यता के शर्तों को बदले सरकार। आलोक कुमार दूबे ने कहा 2009 के आरटीई कानून को आधार बनाकर सरकार मान्यता दे, दूसरा कोई भी कानून स्वीकार नहीं होगा। जिस पर शिक्षा सचिव ने पासवा को आश्वाशन दिया।

**पासवा ने की भूमि बाध्यता कानून को निरस्त करने की मांग**

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव ने 2019 में रघुवर सरकार द्वारा निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए निर्धारित भूमि बाध्यता कानून को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के लिए जमीन बढ़ाना या कमरे का साइज बदलना संभव नहीं है मान्यता के शर्तों को बदले सरकार। इसके साथ ही पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने जोड़ देकर कहा कि 2009 के मूल आरटीई (शिक्षा का अधिकार) कानून के तहत निजी विद्यालयों को मान्यता दी जाए। शिक्षा सचिव को बताया गया कक्षा 8 तक के लिए कहीं भी जमीन के बाध्यता नहीं रखी गई है, मूल आरटीआई में सर्वकालिक भवन की बात की गई है जिसमें सर्दी, गर्मी बरसात में बच्चे पढ़ाई कर सके।

## हाई कोर्ट में स्टेट बार काउंसिल के सदस्य बनें जज

**रांची।** नए जजों की नियुक्ति को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से चीफ जस्टिस को पत्र लिखा गया है। एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार की ओर से लिखे पत्र में कहा गया है कि हाई कोर्ट में किसी बाहरी बार से नए जजों की नियुक्ति की अनुशंसा नहीं की जाए। ऐसे ही अधिवक्ता को जज बनाने की अनुशंसा की जाए, जो झारखंड हाई कोर्ट एसोसिएशन का सदस्य होने के साथ-साथ झारखंड स्टेट बार काउंसिल का सदस्य हो। इसके अलावा वह झारखंड हाई कोर्ट में नियमित रूप से प्रैक्टिस करता हो। कई बार देखा गया कि अधिवक्ता एडवोकेट एसोसिएशन की सदस्यता प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन यहां के हाई कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं करते हैं।

# फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास मामले में हाई कोर्ट ने मांगी अद्यतन रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत में मोरहाबादी मैदान से हटाए गए फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जिला प्रशासन से वेंडिंग जोन एक का वैकल्पिक स्थान चिह्नित करने की जानकारी कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अदालत ने नगर निगम से जोन दो और तीन में किए गए कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के दौरान रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वेंडिंग जोन एक में बहुत अतिक्रमण है, जिसे हटाने में कानूनी दांव-पेंच है। वेंडिंग जोन एक की वैकल्पिक जगह चिह्नित की गई है। इसको लेकर रांची नगर निगम भी सहमत है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने कोर्ट को बताया कि जोन दो एवं तीन के निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं है। अदालत ने नाराजगी जताते हुए सात मार्च तक रांची नगर निगम से इसकी अद्यतन जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कहा कि अगर जवाब नहीं दिया गया तो एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्त कर मामले की जांच कराई जा सकती है। इस दौरान अदालत ने कहा कि वहां दुकान लगाने वाले गरीब लोग हैं, जिनकी आजीविका इसी से चलती है। जिला प्रशासन और निगम को जल्द से जल्द उनका पुनर्वास करना है। पूर्व में कोर्ट ने मोरहाबादी मैदान से हटाए गए दुकानदारों का पुनर्वास करने का आदेश दिया था।




## आज / कल




## गुरु नानक सत्संग सभा के 130 श्रद्धालु पटना रवाना

**रांची।** पटना साहिब के प्रकाशपर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 130 श्रद्धालुओं का पहला जत्था इंदर मिढ़ा और रमेश पपनेजा के नेतृत्व में शनिवार को हटिया-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इस जत्थे में बुजुर्ग, महिला एवं युवा श्रद्धालु शामिल हैं। यह जत्था पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभात फेरी, नगर कीर्तन, कवि दरबार एवं प्रकाश पर्व की रात सजाए जाने वाले विशेष दीवान में शामिल होगा। इस बार कुल 350 श्रद्धालु पटना साहिब में प्रकाशपर्व में शामिल होंगे। श्रद्धालुओं का जत्था आठ जनवरी को वापस रांची पहुंचेगा।

# कैमरून में फंसे आठ श्रमिक लौटे, चेहरे पर दिखी खुशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अफ्रीका के कैमरून में फंसे आठ श्रमिक शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर इन मजदूरों का श्रम विभाग झारखंड की ओर से स्वागत किया गया। इन मजदूरों के पहुंचने के साथ कैमरून में फंसे कुल 47 में 46 मजदूर झारखंड लौट चुके हैं। केवल एक मजदूर बीमार है और उसका इलाज चल रहा है। एयरपोर्ट पर स्थित श्रम विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्वस्थ होने पर उस श्रमिक को भी जल्द झारखंड लाकर उसके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

कैमरून में फंसे इन मजदूरों ने अपनी पीड़ा भी सुनायी। अफ्रीका के मध्य भाग में स्थित कैमरून में ये सभी मजदूर मेसर्स ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड में काम कर रहे थे। इस कंपनी में झारखंड के 47 मजदूरों की हालत दयनीय हो गयी थी। तीन महीने से वेतन बंद था। वहां उनका जीवन दूभर हो गया था। तब जाकर राज्य सरकार के प्रयास और विदेश मंत्रालय के सहयोग से यह सभी मजदूर झारखंड आने में सफल हुए।

**ये मजदूर लौटे :** आनेवाले श्रमिकों में प्रेमचंद्र महतो (हजारीबाग), रोहित महतो (बोकारो), पिंटू कुमार महतो (हजारीबाग), निर्मल यादव (हजारीबाग), राजेंद्र महतो (हजारीबाग), रोहित महतो (हजारीबाग), राजेश कुमार (हजारीबाग) व रामचंद्र महतो (हजारीबाग) शामिल हैं।

संयुक्त लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद ने कहा कि सरकार ने पहल कर सभी श्रमिकों को वापस लाने का काम किया है। विभिन्न योजनाएं चल रही हैं। इसके तहत स्वरोजगार में सहयोग किया जा सकता है। इनके बकाए वेतन को लेकर विदेश मंत्रालय की ओर से पहल की जाएगी।

### कैमरून में बदहाल जीवन की श्रमिकों ने व्यथा सुनाई

हजारीबाग के अंबाटांड में रहनेवाले प्रेमचंद्र कुमार महतो ने कहा कि एजेंट झांसा देकर हमलोगों को कैमरून ले गया था। कहा गया था कि 32 हजार रुपये वेतन मिलेगा, खाना-पीना अलग से। वहां सिर्फ काम कराया जाता था, लेकिन जरूरत के मुताबिक वेतन नहीं मिला। सितंबर में 24 हजार मिला। उसी से किसी तरह जीवन यापन किया। वहां पानी की बड़ी किल्लत है। जब श्रमिकों ने इन सब चीजों की शिकायत की तो उन्हें परेशान किया जाने लगा। लगभग दो माह का वेतन नहीं मिला है। अब यहां पर सरकार रोजगार की व्यवस्था कर दे तो वह विदेश नहीं जाएंगे। जानकारी के मुताबिक एक श्रमिक भुवनेश्वर महतो अभी भी कैमरून में है। दुर्घटना में उसका एक हाथ कट गया है। उसका इलाज वहां चल रहा है।

# जयपाल सिंह मुंडा को लोगों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● जयपाल सिंह मुंडा ने झारखंडियों के हितों की रक्षा की : केशव महतो

हॉकी के महान खिलाड़ी, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा की आज जयंती है। संविधान सभा के सदस्य रहे जयपाल सिंह मुंडा ने 1938 में पहली बार अलग झारखंड राज्य की मांग उठाई थी। आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश मीडिया प्रवक्ता कमल ठाकुर समेत बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकतार्ओं ने जयपाल सिंह मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने देश की राजनीति के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अहम भूमिका निभाई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हॉकी के मैदान में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाले जयपाल सिंह मुंडा ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में अपनी अहम भूमिका के कारण आदिवासियों और मूलवासियों के हितों की रक्षा की।

## एक नजर

### विजय हजारे ट्रॉफी

### सामर्थ के शतक से उत्तराखंड ने झारखंड को चार विकेट से हराया

**रांची/जयपुर।** सामर्थ के शतक एवं अवनीश सुधा के अर्धशतक की बदौलत उत्तराखंड ने यहां खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी के तहत शुक्रवार को झारखंड को चार विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड ने जीत के लिए आवश्यक रन 48.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर बना लिए। सामर्थ ने 8 चौके की मदद से 108 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। जबकि अवनीश सुधा ने चार चौके की मदद से नाबाद 75 रन बनाए। कुणाल चंदेला ने 36 रनों की पारी खेली। झारखंड की ओर से बाल कृष्णा , मनीषी एवं अनुकूल राय ने एक - एक विकेट लिया। इससे पहले झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन बनाए। भारद्वाज ने 48 , इशान किशन ने दो छक्के एवं तीन चौके की मदद से 39, बालकृष्ण ने नाबाद 30 , मनीषी ने नाबाद 12 , विशाल ने 24 एवं अनुकूल राय ने एक छक्के में चार चौके की मदद से सर्वाधिक 52 रन बनाएं। उत्तराखंड की ओर से आदित्य सेठी ने 45 रन का 4 एवं स्वप्निल सिंह ने 36 रन देकर दो विकेट लिए।

### तमाड़ में कार दुर्घटनाग्रस्त, महिला की मौत

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मार्ग पर रुगड़ी के पास शुक्रवार को कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार 38 वर्षीय ज्योति गुप्ता की मौत हो गई। वहीं पति सुभाष भगत, पुत्र रौनक गुप्ता और पुत्री आस्था गुप्ता को हल्की चोट आई है। घटना शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे की है। हादसे के बाद घायल ज्योति गुप्ता को एंबुलेंस से तमाड़ सीएचसी लाया गया, परंतु रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। कार में सवार लोग मांडर से जमशेदपुर जा रहे थे।

### चान्हो में अलग-अलग हादसों में एक की मौत, तीन घायल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक ट्रक चालक की मौत हो गई और एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना बीजूपाड़ा-खलारी मुख्य पथ पर बाला नदी के पास गुरुवार की रात नौ बजे की है। यहां दो ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक ट्रक चालक चामा आसनाकोचा निवासी 22 वर्षीय सागर उरांव की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि सागर खाली ट्रक लेकर बीजूपाड़ा की ओर आ रहा था तभी चामा बाला नदी के पास सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से टक्कर हो गई।

### स्कूल का ताला तोड़कर बर्तन और खाद्य सामग्री की चोरी

**अनगड़ा।** उत्क्रमित प्राथमिक स्कूल गढ़टोली में गुरुवार की रात चोरों ने किचेन रूम, ऑफिस और स्टोर रूम का ताला तोड़कर किचेस सेट, चावल, दाल और तेल आदि सामान चुरा ले गए। हाल ही में 10 हजार रुपये से बर्तन सेट खरीदे गए थे। बर्तन सेट में थाली, गिलास, कुकर, जग और कड़ाही सहित अन्य बर्तन शामिल हैं। इस दौरान चोरों ने ऑफिस में रखा अलमीरा का ताला तोड़कर कई फाइलों को इधर-उधर फेंक दिया था।



# हाड़ कंपाने वाली ठंड से कांप रहे हैं लापुंग वासी

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में चल रही सर्द हवा और कनकनी के बीच हाड़ कंपाने वाली ठंड से ठिठुरते हुए लोगों ने लापुंग प्रखंड मुख्यालय सहित दूर दराज के इलाकों में सरकार की ओर अलाव जलाने एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण की मांग की है। लापुंग प्रखंड में पिछले दो दिनों से हाड़ कंपाने वाली ठंड से भारी परेशान हैं। लापुंग प्रखंड के डाडी, ककरिया एवं नावाटोली सहित दर्जनों गांवों में कनकनी हवा ने परेशान कर रखा है। शुक्रवार देर शाम को लोग ठंड से कांपते नजर आए। लापुंग प्रखंड के गांवों में सरकार की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं होने पर लोगों ने आक्रोश जताया और कहा कि सरकार को दूर दराज के गांवों में अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। उधर अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि अंचल प्रशासन की ओर से लापुंग के बिरसा चौक में अलाव की व्यवस्था की गई है। प्रशासन लोगों की मदद करने के लिए बिल्कुल तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी संवेदनशीलता के साथ अलाव की व्यवस्था की जा रही है। लापुंग प्रखंड में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री बतायी जा रही है। हालांकि ककरिया नावाटोली सहित डाडी.गांव में खुद ग्रामीण अपनी व्वस्था कर अलाव जलाकर आग तापकर ठंड दूर करने की कोशिश करते नजर आए। लकड़ी नहीं मिलने पर कई जगहों पर लोगों ने कहीं पुआल जलाकर तो कहीं मजबूरी में टायर जलाकर आग तापते नजर आए। कातिंगकेला के असमुद्दीन खान ने कहा कि सुबह 4 से पांच बजे लापुंग में सर्वाधिक ठंड पड़ रही है। इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में पाला गिरने से खेतों एवं खलिहानों में बर्फ की सफेद चादर जैसी स्थिति दो दिनों से दिखाई दे रही है।

# लापुंग पुलिस ने पीएलएफआई के जोनल कमांडर सहित अन्य के घरों में चिपकाया इश्तेहार

## 30 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण नहीं करने पर चल अचल संपत्ति को पुलिस करेगी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस के पदाधिकारी एवं जवानों ने राजेश साहु व संदीप साहु हत्याकांड के अभियुक्तों क्रमशः पीएलएफआई के जोनल कमांडर मार्टिन केरकेट्टा, सबजोनल कमांडर दुर्गा सिंह व एरिया कमांडर अमृत होरो के घरों में इश्तेहार चिपकाया। लापुंग पुलिस ने पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ कोर्ट के आदेशानुसार कड़ी कारवाई करते हुए गाजा बाजा के साथ लाउडस्पीकर से उनके घरों के आसपास लाउडीस्पीकर के माध्यम से पूरे गांव वालों को जानकारी देते हुए आम इश्तहार चिपकाया। लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव व एएसआई कामेश्वर प्रसाद सिंह ने हुलसू निवासी राजेश साहु व कचनपुर निवासी संदीप साहु के हत्या के आरोपी पीएलएफआई नक्सली संगठन के तीन शीर्ष उग्रवादियों के घरों में पहुंचकर ढिंढोरा पीटते हुए इश्तेहार चिपकाया। जिन पीएलएफआई उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें गुमला जिले के कमडारा थाना क्षेत्र के रेडवा चुआंटोली निवासी एवं पीएलएफआई के जोनल कमांडर मार्टिन केरकेट्टा पिता जोहन केरकेट्टा, रांची जिला के लापुंग थाना क्षेत्र के जरिया निवासी एवं पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर दुर्गा सिंह उर्फ पंझरी पिता ललित मोहन सिंह उर्फ झिरगू सिंह एवं 03 रांची जिले के ही लापुंग थाना क्षेत्र के जमाकेल सेमरटोली निवासी एवं पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो उर्फ मैचो पिता सुशील होरो शामिल हैं। तीनों के विरूद्ध न्यायालय रांची द्वारा निर्गत इश्तेहार का तमिला



शुक्रवार दिनांक तीन जनवरी को ढोल नगाड़ा तथा पब्लिक अड्रेस सिस्टम के माध्यम से प्रचार- प्रसार कर किया गया।तीनों की तलाश रांची जिले के लापुंग पुलिस सहित गुमला सिमडेगा एवं खूंटी पुलिस भी कर रही है। उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर 2023 को लापुंग के हुलसू में हुलसू निवासी राजेश साहू और कचनपुर निवासी संदीप साहू के दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। इसके अलावे एरिया कमांडर अमृत होरो के द्वारा 20 नवंबर 2023 को कारो नदी और लोहगाडा. नदी में एसएनजी ग्रुप कांट्रैक्टर के द्वारा हर घर नल जल योजना के ठेकेदार से 5 लाख की लेवी की मांग किया गया था। दोनो कांड का लापुंग थाना मे प्राथमिकी दर्ज है।मौके पर पुलिस के कई पदाधिकारी और जवान मौके पर मौजूद थे। लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने कहा कि तीनों उग्रवादियों को चेतावनी दी गई है कि 30 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा पुलिस कठोरतम कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

### मुरहू में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**खूंटी।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को मुरहू थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन जांच और जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को गुलाब दे कर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। लोगो को बताया गया कि वाहन से संबंधित सभी कागज दुरुस्त रखे तथा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन का परिचालन करें। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित की मदद करें। इस दौरान मुरहू थाना प्रभारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंड की बेटियों ने रजत पदक जीत बढ़ाया राज्य की शान

## बेटों ने भी जीता कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उत्तर प्रदेश के जमानियां, गाजीपुर के सेंट्रल पब्लिक स्कूल में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की सब जूनियर बालिका टीम ने अपने पहले लीग मैच में आंध्र प्रदेश को सीधे सेटो में 2-0 से हराया। वहीं दूसरे मैच में उत्तर प्रदेश को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अपने क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फिर सेमीफाइनल मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही तेलंगाना टीम को 2झ0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फिर संघर्षों एवं रोमांच से भरे फाइनल मैच में महाराष्ट्र से 2झ1 से हार कर रजत पदक अपने नाम किया।

वहीं झारखंड सब जूनियर बॉयज टीम ने अपने पहले लीग मैच में आंध्र प्रदेश को सीधे सेटों में 2-0 से हराया। वहीं दूसरे मैच में मध्य प्रदेश को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपने क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तराखंड को 2-0 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फिर सेमीफाइनल के अपने कांस्य पदक मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जानी जा रही महाराष्ट्र की टीम को 2-0 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं झारखंड की जुनियर बॉयज और गर्ल्स टीम ने भी क्वार्टर फाइनल तक अपना सफर तय किया। टीम को जीत की दहलीज तक ले जाने में मुख्य कोच दीपक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। झारखंड टीम की जीत पर समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू, पूर्वी सिंहभूम के सचिव अरशद अली, रांची जिला के दीपक वर्मा, अंश वर्मा एवं टेनिस वॉलीबॉल के सभी जिला सचिव ने जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। उक्त जानकारी टेनिस वॉलीबॉल असोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव सचिव ब्रजेश गुप्ता ने दी।




**टीम इस प्रकार है**

**सब जूनियर बालक वर्ग : कांस्य पदक**
रीहन कुमार(कप्तान), अंशु प्रसाद, आदर्श तिवारी, आशीष राज, अरशद अली, जाफर अली, दीपक कुमार शामिल हैं

**सब जूनियर बालिका वर्ग : रजत पदक**
दीक्षा राज(कप्तान), मुस्कान कुमारी, आराध्या कुमारी, हर्षिता भारद्वाज सभी सरायकेला खरसांवा से , खुशबू तिग्गा, मनीषा कुमारी कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय बूरमु टीम की प्रशिक्षिका सृष्टि कुमारी शामिल हैं।

### ऑल ऐज ग्रुप आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स नेशनल चैंपियनशिप 2024-25

# झारखंड राज्य के जूनियर जिम्नास्ट्स का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ऑल ऐज ग्रुप ऑल इंडिया आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स नेशनल चैंपियनशिप 2024-25 में झारखंड के जूनियर जिम्नास्ट्स ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। झारखंड के खिलाड़ियों ने चुनौतीपूर्ण इवेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई, जिससे पूरे राज्य में गर्व और उत्साह का माहौल है।

**दिबस गायेन का प्रभावशाली प्रदर्शन**

झारखंड के प्रतिभाशाली जिम्नास्ट दिबस गायेन ने पामेल हॉर्स में 11.65 अंक, पैरलल बार्स में 12.10 अंक, और स्टील रिंग्स में 10.30 अंक हासिल किए। और इवेंट के लिए क्वालीफाई किया उनके प्रदर्शन ने उनकी तकनीकी कौशल और अद्भुत मानसिक मजबूती का परिचय दिया। यह उपलब्धि दिबस की मेहनत और समर्पण का प्रमाण है।

**शुभरा ज्योति बासु की दमदार उपस्थिति**



एक अन्य होनहार झारखंडी जिम्नास्ट शुभरा ज्योति बासु ने पैरलल बार्स में 11.85 अंक और स्टील रिंग्स में 10.75 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा और वे पदक जीतने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। दिबस गयान और शुभराज्योति बासु दोनों ने संतुलन और कौशल का उच्च स्तर प्रस्तुत किया, जिससे झारखंड को फाइनल मुकाबले में पदक की उम्मीद है।

### पुलिस के जागरुकता अभियान का दिख रहा असर

# ग्रामीण स्वयं नष्ट कर रहे हैं अफीम की अवैध फसल

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती और इसके दुष्परिणामों के खिलाफ जिला पुलिस की ओर से चलाये जा रहे अभियान का असर अब गांवों में देखने को मिल रहा है। गांव के लोग अब खुद कही अफीम की खेती को नष्ट करने लगे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुरहू थाना क्षेत्र के चमराटोली गांव के लगभग आठ एकड़ खेत में लगी अफीम की अवैध खेती को ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट कर दिया। जिला पुलिस के सहयोग से मुरहू पंचायत की मुखिया ज्योति डोडराय ग्राम प्रधान बाले पाहन और बबलू खान ने लोगों को अफीम की न करने और जो अवैध खेती है,उसे नष्ट करने के लिए प्रेरित किया। चमराटोली में शुक्रवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जहां खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक, अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी और थाना प्रभारी रामदेव यादव को भी बुलाया गया।

# मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाएं अधिकारी: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को नार्को कॉ आर्डिनेशन सेंटर की हुई बैठक में उपायुक्त ने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में पुलिस विभाग और एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा की गयी।

साथ ही संबंधित अधिकारियों को




आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी के जरिये आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही अवैध अफीम की खेती एवं मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर उसे नष्ट करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले की सीमाओं और विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया गया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिया गया।

# चूरी का वैकल्पिक कांटा भी हुआ खराब

## कोयला आश्रित उद्योग परेशानी में, बीडरों को नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** सीसीएल के एनके एरिया में कोयले का उठाव नहीं हो पाने से कारोबारियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। एरिया के कई कांटाघरों में हैकिंग डिवाइस मिलने के बाद उन्हें बंद कर दिया गया है। चूरी परियोजना के कांटाघर में चिप मिलने के बाद उसे अगले निर्देश तक बंद कर दिया गया है। कोयला बीडरों की परेशानी को देखते हुए चूरी प्रबंधन ने एक वैकल्पिक कांटाघर को गुरुवार को चालू कराया। परंतु छह ट्रकों के वजन के बाद ही यह भी खराब हो गया। इसके बाद से कोयले का उठाव बंद है। पूरे एनके एरिया में केवल डकरा परियोजना का कांटाघर उपयोग में है। परंतु वह अपने ही परियोजना का कोयला उठाव कर सकता है। हैंकिंग चिप पाए जाने के बाद एनके एरिया में कांटाघर मरम्मत करने वाले एजेंसी का अनुबंध रद्द कर दिया गया है। नई एजेंसी को एनुअल मेंटेनेंस कान्ट्रैक्ट देने के लिए पूरी प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसमें काफी समय लग जाएगा। जैसे जैसे कोयला उठाव की तय सीमा नजदीक आती जा रही है, कोयला कारोबारियों की चिन्ता भी



## कांटाघर नहीं हुआ दुरूस्त, कोयले का रोड सेल संकट में

बढ़ती जा रही है।

**कोयला नहीं मिला तो बंद हो सकते हैं आश्रित कारखाने**

कोयला पर आश्रित जिन उद्योगों ने ई आक्शन के माध्यम से कोयला खरीदा था उनके लिए परेशानी बढ़ सकती है। कोयला की खरीदारी ई आक्शन में बीडिंग के माध्यम से होती है। कोयले का सेल आर्डर मिलने की तिथि से 45 दिनों के अंदर कारोबारियों को अपना कोयला उठा लेना होता है। निर्धारित समय सीमा में कोयला नहीं उठने से बचे हुए प्रति 100 टन कोयला पर 18 से 19 हजार रूपए का नुकसान हो जाएगा।

# कल से एसजीएफआई एथलेटिक्स, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता (एसजीएफआई) की तैयारी पूरी कर ली गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यालय में राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने शुक्रवार को बताया कि रविवार अपराह्न 3 बजे शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोरहाबादी में प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता में पूरे देश से 36 टीमों के लगभग 1600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

सभी प्रतियोगिताएं बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोरहाबादी में होंगी। झारखंड की 49 सदस्यीय टीम इसमें भाग लेगी। शशि रंजन ने बताया कि इस प्रतियोगिता के साथ चार अन्य खेलों की मेजबानी भी शिक्षा विभाग करने जा रहा है। इसमें भाग लेनेवाले खिलाड़ियों के आवासन, मेडिकल, खान-पान सहित अन्य सुविधाएं के लिए कमेटियों का गठन किया गया है। बालक खिलाड़ियों को होटलों में और बालिकाओं को जेसीईआरटी और जेयूटी के हॉस्टल में ठहराया जा रहा है। आयोजन स्थल और आवासीय स्थल पर मेडिकल टीम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### मांडर बियारखो नदी में मकर संक्रांति मेले की तैयारी शुरू

**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बियारखो धाम मे 14 जनवरी को होने वाले मेले व कीर्तन के आयोजन को कमिटी ने बैठक का आयोजन किया । बैठक मे मेले के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष प्रदीप महली ने बतलाया कि मकर संक्रांति मेला का आयोजन 14 जनवरी को ही किया जाएगा । मकर संक्रांति पूजा सह मेला में मांडर ,रांची के विभिन्न गांव के कीर्तन मंडली एवं गण मान्य लोगों को आमंत्रित किऐ जाएंगे । मौके पर प्रदीप महली , सचिव त्रिपुरारी तिवारी ,संयोजक क्लेश सिंह , सह सचिव अरुण मिश्रा, उपाध्यक्ष सुरेश लोहार ,सदस्य अजीत सिंह , धर्मेंद्र सिंह , बजरंग लोहरा व अन्य उपस्थित थे ।

### धान खरीद के लिए किसानों का निबंधन बढ़ाने का निर्देश

**ठाकुरगांव।** उपायुक्त के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी गुड़गांव धीरज कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में धान अधिप्राप्ति निबंध हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बीटीएम प्रदीप सरकार, बीसीओ मुकेश कुमार अग्रवाल, कृषि पदाधिकारी कमल कुमार उरांव, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शिबरा भगत, प्रभारी अंचल निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, प्रखंड के 14 पंचायत के लैंपस के अध्यक्ष व सचिव, सभी कृषक मित्र, जनसेवक, पंचायत सेवक आदि शामिल हुए। इन सभी अधिकारियों व कर्मियों को बीडीओ ने 10 जनवरी तक 3 हजार किसानों का निबंधन धान अधिप्राप्ति हेतु कराने का लक्ष्य दिया है। जबकि वर्तमान समय में पूरे प्रखंड क्षेत्र में मात्र 136 निबंधित किसान हैं। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 4200 किसान लाभान्वित हैं जो अपने आप में जांच का विषय बना हुआ है।

### सरला बिरला यूनिवर्सिटी में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी के प्रांगण में चौथा झारखंड स्टेट रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरला बिरला यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल प्रो डॉ गोपाल पाठक, विशेष अतिथि वाइस चांसलर एस बी डांडिल एवं रजिस्ट्रार विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। समारोह में ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, रांची जिला शतरंज संघ के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, संयुक्त सचिव एवं टुनार्मेन्ट के मुख्य निर्णायक दीपक कुमार, टाटा स्टील के खेल प्रमुख विभूति अद्रेसा, सिन्गो मुर्मू, को-ऑर्डिनेटर प्रभात रंजन कुमार उपस्थित थे। यह टूनार्मेंट 8 चक्रों में खेला जाएगा। इसके बाद आठ चक्रों का ब्लिट्ज टूनार्मेंट खेला जाएगा जो दिनांक 4 से 5 जनवरी तक चलेगा। इस टूनार्मेंट में झारखंड के 17 जिलों के 231 प्लेयर भाग ले रहे हैं।

### नौढी नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**अड़की।** अड़की के नौढी नदी में 70 वर्षीय चन्द्रधर स्वासी की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार को ओटेबूटी मैदान के समीप घटी है। बताया जा रहा है चन्द्रधर स्वासी गुरुवार दोपहर लगभग 2 बजे नहाने के लिए नदी में गए हुए थे, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर उनके परिवार को चिंता हुई। उनके स्वजनों ने उनकी खोज शुरू की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह, ग्रामीणों ने बताया कि चन्द्रधर स्वासी नौढी नदी में नहाते हुए देखे गए थे। इस जानकारी के आधार पर, उनके स्वजन नदी के किनारे गए और वहां उनका तौलिया, साबुन, तेल और कुछ कपड़े मिले। स्वजनों ने शक के आधार पर, ग्रामीणों की मदद से नदी में खोज शुरू की इस दौरान उनका शव नदी के किनारे झाड़ियों में फंसा मिला जिसके बाद काफी मशक्कत से, चन्द्रधर स्वासी का शव नदी से बाहर निकाला गया।

### जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन हाकेदाग गांव में बूढ़े बुजुर्ग और गरीबों के बीच 200 कंबल का वितरण रविंद्र बेदिया,सुषेण बेदिया और सरोज कुमार महतो के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी प्रकार का नशा पान से दूर रहे ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके और असहाय लोगों को जरुर मदद करें। बताते चलें कि ये लोग हर वर्ष असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हैं ताकि ठंड से बचा जा सके। सरोज कुमार महतो भारतीय थल सेना में फिलहाल 2019 से सेवा दे रहे हैं और अपनी ओर से ठंड में कंबल का वितरण भी करते आ रहे हैं साथ ही गरीब बच्चों के बीच कॉपी किताब का वितरण भी करते रहे हैं ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू ढंग से चल सके एवं असहाय लोगों का जरूरत के मुताबिक मदद भी करते हैं।

### कांटाघर मामले में दोषियों पर की कार्रवाई की मांग



**खलारी।** जनता मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल यूनियन के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह के नेतृत्व में सीसीएल के सीएमडी निलेन्दुकुमार सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिक हित से

### ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**खलारी।** खलारी प्रखंड परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रषिक्षण के प्रथम बैच में ग्राम पंचायत बमने, विश्रामपुर, बुकबुका, चूरी पूर्वी, चूरी मध्य, चूरी उत्तरी व चूरी पश्चिमी पंचायत के सहजकर्ता दल शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर द्वारा जन योजना अभियान,,सबकी योजना सबका विकास के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एलएसडीजी विषय आधारित वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के लिए गांव की समस्याओं को पहचानने, उसके कारणों का पता लगाकर योजना तैयार करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सातों ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव, वीपीआरपी फैसिलिटेटर के एक सदस्य, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, पंचायत के पंचायत सहायक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, लेखा सह कंप्यूटर आपरेटर, 15वें वित्त विभाग आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### नौ वर्षीय कराटेकार विकास को भदानीनगर ओपी प्रभारी ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**रामगढ़।** जवाहर नगर के 9 वर्षीय कराटेकार विकास कुमार को भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने शुक्रवार को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। वर्तमान समय में खास करके लड़कियों को कराटे का गुर जरूर सिखना चाहिए। ओपी प्रभारी श्री कुमार ने विकास के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास की भी जमकर प्रशंसा की। बताते चलें कि मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में विकास कुमार ब्राउन बेल्ट कराटे का प्रशिक्षण ले रहा है। विकास पढ़ाई के साथ कराटे में भी अव्वल है। सेंसाइ कंचन दास ने बताया कि विकास पिछले वर्ष रांची के खेलगांव में आयोजित इंडियन कराटे प्रतियोगिता काता और फाइट में दो ब्रांउज मेडल जीतकर रामगढ़ जिला व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया था। कंचन दास ने बताया कि विकास गरीब परिवार से आता है। वह सरकारी स्कूल राजकीय मध्य विद्यालय भुरकुंडा बाजार पांचवी कक्षा में पढ़ाई कर रहा है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुरवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निदेंशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### 1625वां राष्ट्र कथा शिविर में शामिल हुए बरही विधायक

**बरही।** गुजरात के प्रांसला में आयोजित 25वें राष्ट्रकथा शिविर के सातवें दिन बतौर विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. जिनका स्वागत शिविर के आयोजक स्वामी धर्मबंधु ने किया। विधायक श्री यादव ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगो से स्वामी जी द्वारा आयोजित कथा का लाभ लेने और बताए गए आदर्शो को आत्मसात कर जीवन में चरितार्थ करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी एक महान विचारक और ज्ञानवाचक हैं। इनके सान्निध्य में रहने वालों को ज्ञान का अमृतपान करने का मौका मिलता है। विधायक श्री यादव ने कहा कि इस प्रकार के कथा में शामिल होने से उन्हे आत्म संतुष्टि और शांति मिलती है। वह स्वामी जी को काफी करीब से देखा है। उन्हे जब भी इस ओर आने का मौका मिलता है वह स्वामी जी से मिलने चले आते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उन्हे आमंत्रित करने के लिए स्वामी जी का आभार जताया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का हुआ आयोजन

# अलग-अलग क्षेत्रों में एग्री स्मार्ट विलेज के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय रामगढ़ के सभाकक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला का शुभारंभ उपायुक्त चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कर्मशाला में परियोजना निदेशक आत्मा रामगढ़ द्वारा जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में सभी को जानकारी दी गई । कर्मशाला में उपायुक्त ने जिले के अलग अलग क्षेत्रों में एग्री स्मार्ट विलेज के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में प्रभावी तरीके से कार्य करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिले में कृषि के विकास को लेकर किसानों के लिए वृहद रूप से एक्सपोजर विजिट आयोजित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने पीएम कुसुम योजना अंतर्गत प्रतिस्थापित किए जा रहे सोलर पंप सेट की जांच करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।कर्मशाला में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी एवं उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा भी कर्मियों को कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किया गया। कर्मशाला के दौरान जिला उद्यान पदाधिकारी, रामगढ़ ने उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में सहायक भूमि संरक्षण का अधिकारी, रामगढ़ ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग से चल रही योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में तकनीकी सत्र चलाया गया। सत्र के दौरान केवीके बोकारो डॉ आदर्श श्रीवास्तव और मांडू के डॉ धर्मजीत खेरवार वैज्ञानिकों के द्वारा पौधा संरक्षण के विभिन्न विधियों की जानकारी दी। मत्स्य विभाग के पदाधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। कर्मशाला में जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, प्रभारी मिट्टी जांच प्रयोगशाला, जिलें के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, जनसेवक, एटीएम ,कृषि के अन्य अलाइड विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।



### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 49227 छात्र-छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है। वहीं, आईएनओ द्वारा 41786 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है जिसके उपरांत वर्तमान में 41786 बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जाना है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 26815 विद्यार्थियों द्वारा ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया गया था जिसके उपरांत आईएनओ द्वारा 26141 आवेदनों का सत्यापन किया गया वहीं पूर्व में समिति द्वारा 21427 आवेदनों को अनुमोदन दिया गया था जिसके उपरांत वर्तमान में 449 छात्र-छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ

## सूरजकुंड मेले के लिए बेलकपी मुखिया ने कुंड समेत आस पास की कराई सफाई



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूरजकुंड धाम में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय मेला को लेकर बेलकपी मुखिया ललिता देवी व झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय के द्वारा सूरजकुंड समेत आस पास के परिसर की साफ-सफाई कराई गयी। वहीं धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि यह साफ सफाई का कार्य सरकारी खर्च के द्वारा हो रहा है। महिला का अलग कुंड है जो कई दिनों से बंद पड़ा था । इसे पूर्ण रूप से साफ सफाई करवाकर चालू किया गया है तथा महादेव कुंड जो पिछले 5 वर्षों से बंद है उसे भी साफ सफाई कर चालू किया जाएगा ।

# शीतलहर से बचें, गर्म वस्त्रों का करें उपयोग : एसडीओ



**बरही।** बढ़ते शीत लहर को देखते हुए बरही प्रशासन एलर्ट हो चुका है. शुक्रवार को एसडीओ जोहान टुड्डू व बरही बीडीओ जयपाल महतो अपने टीम के साथ बरसोत पंचायत स्थित बरियठ्ठा विरहोर कॉलोनी पहुंचे। उनके साथ स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौघरी, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक सहित कई कर्मी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने जनजातीय परिवार के सदस्यों को ठंढ से बचने का सलाह दिया। एसडीओ श्री टुड्डू ने लोगों से अपील किया कि बीते कुछ दिनों से शीत लहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में लोग सुरक्षित रहे, गर्म कपड़े का प्रयोग करते हुए ठंढ से बचने का प्रयास करे। बीडीओ ने कहा कि प्रशासन की ओर से हर संभव ठंढ से राहत दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और कई कर्मी भी उपस्थित रहे।

### गोरहर से 13 श्रद्धालु धार्मिक पर्यटन स्थल राजदाहा के लिए रवाना

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर से श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक पर्यटन स्थल राजदाहा,सरिया यात्रा के लिए रवाना हुआ। गोरहर निवासी बैजनाथ महतो के नेतृत्व में एक सवारी वाहन से 13 लोग स्नान व पूजा पाठ के लिए उक्त स्थल हेतु रवाना हुए। बैजनाथ महतो ने बताया की प्रकृति की गोद में बसा सरिया अनुमंडल क्षेत्र का राजदाहा धाम अत्यंत ही मनोरम है।लोगों की मान्यता है कि यहॉ पूजा पाठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से घनिया देवी ,मेघानी देवी, गुंजरी देवी, पंकज कुमार, प्रयाग कुमार,अनु कुमारी, नीतू कुमारी, चांदनी कुमारी, पायल कुमारी, नेहा कुमारी, राजू कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

### बरही पश्चिमी मुखिया के अलाव व्यवस्था से लोगो को मिली राहत

## ठंढ से बचें, अनावश्यक घर से बाहर नही जाएं, बुजुर्गो को बचाएं : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बढ़ते ठंढ से राहत दिलाने के उद्देश्य से बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम ने बरही के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था किया. जिससे रिक्शावालो, ठेलावालों, दिहाड़ी मजदूर सहित राहगीरों को बड़ी राहत मिली है. मुखिया के निर्देश पर युवा समाजसेवी असलम ऊर्फ टिंकू ने विभिन्न जगहों पर लकड़ी की व्यवस्था किया। जिसका लोगो ने अलाव जलाकर ठंढ से बचने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार बरही चौक के गुप्ता एंपोरियम, मछली मंडी चौक, गया रोड के मल्लाह टोली मोड़, प्रकाश चाय होटल के समीप, टेंपो स्टैंड, भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर और कारू चाय दुकान एवं बरही चौक पर प्रिंस पान दुकान, राजेंद्र मद्धेशिया होटल सहित बरहीडीह मोड़ के पास अलाव का व्यवस्था कराया गया। लोगो ने मुखिया के इस कदम की सराहना किया। मुखिया ने भी लोगों से शीत लहर से बचने और गर्म कपड़े आदि के साथ ही बाहर जाने की सलाह के साथ बुजुर्गो को बचाने की बात अलाव की व्यवस्था करने में युवा समाजसेवी टिंकू आलम, रवि सिंह, मिथिलेश सिंह, गोपाल राणा, संतोष निषाद, मनोज ठाकुर, कौशिक पासवान, उमेश निषाद आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए पीएचसी चलकुशा में स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

**12 से 19 वर्ष के किशोरियां जाकर पैड ले सकती हैं। इस कार्यक्रम का संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**चलकुशा।** पीएचसी में डॉक्टर फातिमा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी साथियों को नान फाइनेंशियल लंच बॉक्स गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपस्थित सभी बच्चों को उन्होंने बताया कि अपने-अपने गांव में 10 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दें। क्योंकि आप लोग प्रशिक्षित साथिया हैं । वर्तमान में टीबी का कार्यक्रम चल रहा है इसमें सभी साथिया सहिया दीदी को सहयोग करना है। संदेहास्पद मरीज को जांच करवाना है। वहीं बीटीटी बसंती देवी ने बताया की साथिया अपने क्षेत्र में लड़की ग्रुप का जो है वह लड़कियों के साथ बैठक करेंगे एवं लड़का ग्रुप का जो है वह लड़कों के साथ बैठक कर सात कंपोनेंट के बारे में बताएंगे एवं क्लब मीटिंग में सभी साथिया भाग लेंगे। वर्तमान में किशोरियों के लिए सेनेटरी नैपकिन पैड किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम के दिन निःशुल्क दिया जा रहा है तथा सरकारी अस्पताल में युवा मैत्री केंद्र में निःशुल्क पैड दिया जा रहा है। 12 से 19 वर्ष के किशोरियां जाकर पैड ले सकती हैं। इस कार्यक्रम का संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। वहीं 85 साथिया को लंच बॉक्स वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जीएनएम सरिता कुमारी, एएनएम सारिका कुमारी, एमपीडब्ल्यू सुशील कुमार राजन , सहिया साथी सुलोचना देवी, पुष्पा बर्नवाल, चंपा देवी, सहिया दीदी काजल कुमारी, सुवंती देवी, मुन्नी देवी ,हेमंती देवी, समीना खातून, अंजुम खातून, पार्वती देवी समेत अन्य उपस्थित हुए।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**रामगढ़।** सिक्खों के 10वें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है। दूसरे दिन कड़ाके की ठंड होने के बावजूद संगत की उत्साह में कमी नहीं आई। प्रभात फेरी के दौरान संगत अमृत गुर ते पाया, सास सस सिमरो गोविंद जैसे शब्दों के गायन से माहौल को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। दूसरे दिन निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी, गुरजोत सिंह सैनी द्वारा नंगे पैर की गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर,लोहार टोला, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सतविंदर कौर सैनी ने स्त्री साध संगत की बलविंदर कौर छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। चाय नाश्ते की सेवा स्त्री साध संगत द्वारा की गई। मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इकबाल सिंह, बबलू छाबड़ा, दलजीत सिंह किंगरा, यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जस्सल, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, गुरप्रीत कालरा उर्फ प्रीत, गुरबक्श कौर, सुमी जौली, कौर छाबड़ा, बबली सोनी, सोमा जस्सल आदि शामिल हुए।



### हजारीबाग यूथ विंग ने पेश की मानवता की मिसाल

# जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग ने ठंड से राहत देने के लिए शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की। इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन पुराना बस स्टैंड के समीप किया गया, जहां जिले के उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद और जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया और हजारीबाग यूथ विंग के इस प्रयास की सराहना की। अधिकारियों ने इसे समाज सेवा की एक अद्भुत पहल बताया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही। अलाव की व्यवस्था से सबसे अधिक लाभान्वित होने वाले लोग में रिक्शा चालक,राहगीर,जरूरतमंद सहित अन्य लोगों को अलावों ने न केवल ठंड से राहत दी, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और मानवता का संदेश भी दिया। उप विकास आयुक्त डीडीसी इश्तियाक अहमद ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास सराहनीय है। इस ठंड में अलाव की व्यवस्था से कई जरूरतमंदों को राहत मिलेगी। यह समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा की ठंड के मौसम में इस तरह की पहल बेहद आवश्यक है। हजारीबाग यूथ विंग ने जो कार्य किया है,वह अन्य संगठनों के लिए प्रेरणादायक है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हमारा उद्देश्य ठंड से पीड़ित हर व्यक्ति तक मदद पहुंचाना है।

## सांसद एवं विधायक ने मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नववर्ष के मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ के सभी मंडल अध्यक्ष शुक्रवार को रजरप्पा पहुंचे। यहां पर उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित छोटू पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। पूजा अर्चना कर माता से राज्य की सुख और समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व सांसद एवं विधायक का बुके देकर स्वागत किया गया।

मौके पर भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी, राजू चतुवेर्दी, राजीव जायसवाल, विजय जायसवाल, गिरधारी महतो, संजय शाह, राजेश महतो, सतीश मोहन मिश्रा, राजा राम प्रजापति, नरेश साव, निरंजन कुमार, बबलू साव, अंकित सिंह, सोनू कुमार, विक्की कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे गोला, लोगों की सुनी समस्याएं

**रामगढ़ ।** भारतमाला प्रोजेक्ट अंतर्गत निमार्णाधीन एक्सप्रेवे का निरीक्षण करने गोला पहुंचे सांसद। सांसद महलीडीह पहुँच कर वहां उन्होंने महलीडीह सहित सोसो, जांगी और हिसिमदाग के स्थानीय लोगों से मिल कर, ग्रामीणों और एनएचएआई के अधिकारियों साथ बैठक कर वार्ता की और समस्याओं को सुना। फिर अलगडीहा पहुँच कर स्थानीय लोगो से मिलकर उनकी समस्या सुनी। भारत मला प्रोजेक्ट अंतर्गत जो एक्सप्रेवे निमार्णाधीन है उस पर सोसो, महलीडीह, जांगी और हिसिमदाग के स्थानीय लोगो की मांग है कि इस सडक पर हमारे लिए सर्विस रोड दिया जाए। वहीं अलगडीहा के ग्रामीणों का मांग है कि उनके आने जाने के लिए जो अंडर पास दिया जा रहा है उसकी चौडाई 2 फीट तक बधाई जाए। ग्रामीणों का ये भी कहना है कि हमलोगों का खेती बारी करने योग्य जमीन तक पहुँचने का रास्ता रांची धनबाद एक्सप्रेसवे में बंद कर दिया जा रहा है। जिससे हम किसान वर्ग के लोग काफी परेशान है। जिस पर सांसद के निर्देश पर बीते कुछ दिनों पहले रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने महलीडीह पहुँच कर ग्रामीणों के साथ वार्ता की थी। सांसद ने कहा कि ग्रामीणों कि इस समस्या पर जो न्यायोचित संभव होगा, हमारा प्रयास रहेगा कि किसानो की इस समस्या का समाधान किया जाए।माननीय सांसद ने ग्रामीणों की माँग पर एनएचआई के परियोजना निदेशक और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया की ग्रामीणों की माँग का प्रस्ताव बनाकर जल्द मुख्यालय भेजे। जिसे वो स्वयं एनएचआई के चेयरमैन से बात करेंगे । मौके पर भाजपा नेता प्रीतम झा, अंकित सिंह, बिक्की कुमार, विनीत यादव, टेकलाल महतो, महावीर महतो सहित कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूर नरेश गंझू की राजस्थान में हुई आकस्मिक मृत्यु

**नवीन मेल संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत नरकी पंचायत के अलकिलवा बस्ती के नरेश गंझू की नए साल की रात अंतिम रात रही। अलकिलवा बस्ती के झमन गंझू के 36 वर्षीय पुत्र नरेश गंझू 1 जनवरी को राजस्थान में देर रात सोते सोते ही इस दुनिया से चल बसे । मौत की सूचना मिलते ही परिजन सदमे में हैं, तो वहीं गांव वाले शोक में हैं । चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कैलाश महतो द्वारा नरेश गंझू पिछले 3 माह पूर्व रोजगार के लिए राजस्थान निकले थे । मृतक नरेश गंझू टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में फिटिंग मास्टर पद पर कार्यरत थे। अचानक 1 जनवरी को देर रात सोते सोते ही उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे बूढ़े माता पिता,पत्नी बासो देवी, पुत्र सूरज कुमार 12 वर्ष,प्रकाश कुमार 9 वर्ष,सुजीत कुमार 6 वर्ष,राजेंद्र कुमार 2 वर्ष को छोड़ गए। परिवार में मृतक नरेश गंझू अकेला घर चलाने वाले व्यक्ति थे। पूरा परिवार इन्ही पर आश्रित थे। गुरुवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही जेएलकेएम नेता मुकेश कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ,भारतीय युवा संसद सह जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, संतोष महतो, जोगन महतो , नेमचन्द कुमार मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को संवेदना प्रकट करते हुए हिम्मत बंधाए। मुकेश कुमार महतो कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर मृत शरीर को उनके निवास स्थान तक लाने एवं उचित मुआवजा मुहैया के साथ हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए।साथ ही उन्होंने कहा कि अपने घर परिवार को छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गए प्रवासी मजदूरों का मौत का सिलसिला लगातार जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूरों की दूसरे राज्यों या विदेशों से मौत की खबरे आ रही है। पलायन रोकने के लिए ऐसे में सरकार को अपने राज्य में रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए। प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा की झारखंड राज्य इतना खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के लोग रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों या विदेशों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं।यह कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी घटनाएं दिन प्रतिदिन होते आ रही है। सरकार को पलायन रोकने के लिए, हर जिले ,हर प्रखंड में यहां की जनता के लिए रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए । प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद हजारीबाग ,गिरिडीह, बोकारो जिले से है ।

## स्वर्गीय अनीता के परिजनों से मिले पूर्व सैनिक एसोसिएशन के सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, सचिव अवध कुमार भारती एवं उप मिडिया प्रभारी भोलानाथ प्रसाद स्वर्गीय अनीता के परिजनों से मुलाकात कर न्याय मिलने तक हमेशा साथ खडा रहने का भरोसा दिया। बताते चलें कि हजारीबाग का हाई प्रोफाइल केस एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी स्व. अनीता देवी सरकारी आवास में 26 दिसंबर को आग से जल गई थी और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इसी सिलसिले में स्वर्गीय अनीता के शिवपुरी स्थित मायके में जाकर परिजनों से मिले और हर स्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। मौके पर अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि एसडीएम और उनके पिता के बयान में जो विरोधाभास है। उससे जाहिर होता है कि जानबूझकर किया गया कुकृत्य है । एक सप्ताह बाद भी गिरफ्तारी न होना परिजनों के साथ-साथ पूरा हजारीबाग दुखी है। कैप्टन अवध कुमार भारती ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा का फुटेज में जो गड़बड़ी है ,उससे साफ जाहिर होता है । गुनहगार बचने का प्रयास कर रहा हैं ,साथ ही उप मीडिया प्रभारी भोलानाथ प्रसाद ने कहा कि मामले की सीबीआई जांच हो ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।



# टैंसेर जामटोली नदी में पुल निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** प्रखंड के टैंसेर जामटोली नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि नदी में पुल के अभाव में अब नदी के दूसरी छोर बसे दर्जनों गांव बरसात के दिनों में टापू नहीं बनेगा। लोगों को आवागमन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। नदी पार करने के दौरान बहने का जोखिम भी पुल निर्माण के साथ ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में विकास का कार्य लंबी उड़ान भरेगी। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीण अपनी समस्याओं को खुलकर रखें। ताकि सभी समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने दूसरे कार्यकाल में क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज होगी। चुन चुन कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं को तेजी से धरातल में उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस भरोसे के साथ जनता ने उसे विधानसभा भेजा है। उस भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने संवेदक को गुणवत्ता के साथ किसी तरह की कोई समझौता नहीं करने की भी सख्त हिदायत दी। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में विधायक ने क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची है। जो छूट गए हैं, उसे पूरा करने के लिए, विधायक ने प्रयास शुरू कर दिया है, जो सराहनीय है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग, मुखिया बसंती लकड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर सोरेंग, 20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह, प्रखंड प्रवक्ता शंभू प्रसाद, पंचायत अध्यक्ष ग्रेगोरी कुल्लू, पंचायत अध्यक्ष अनिल केरकेट्टा, संजय तिर्की, डा इम्तियाज हुसैन, शंकर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विजय प्रसाद, सुधीर टैंसेर, महेश प्रधान, प्रकाश डुंगडुंग, अनिल, नविल मिंज, सिरोफिना कुल्लू, संजय बा, सुधीर एक्का, जकरियस केरकेट्टा, प्रतिमा कुजूर, नीला नाग, जुली लुगुन, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल थे।

# अर्जुन अवार्ड के लिए चयनित होने पर हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने ओलंपियन सलीमा टेटे को भारत सरकार द्वारा अर्जुन अवार्ड के लिए चयनित किये जाने पर सलीमा टेटे को बहुत बहुत बधाई दी है। बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि वाकई में सलीमा टेटे इस अवार्ड की असली हकदार है। सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाना सिमडेगा की धरती के लिए गौरव का क्षण है। इस सम्मान से हॉकी खिलाड़ियों में एक नई उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। आने वाले दिनों में और अधिक खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि यह सम्मान हॉकी खिलाड़ी के संघर्ष और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सलीमा ने आज देश दुनिया को बता दिया कि सिमडेगा जिले की बेटी अब कोई भी मामले में पीछे नहीं है। अगर मौका मिलेगा तो हर जगह झंडा ऊँचा करने की जज्बा रखती हैं। भूषण बाड़ा ने कहा कि आज सलीमा से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। युवा खिलाड़ी भी अपना मेहनत और खेल के प्रति अपने जुनून, हौसले को जारी रखिये। अपनी खेल प्रतिभा को पंख दें और सलीमा की तरह हमारे जिले का नाम पूरे विश्व मे रोशन करें।

# सड़क सुरक्षा माह की जागरूकता के लिए हरी झंडी दिखाकर रथ किया गया रवाना

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** 1 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। इसे लेकर विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोंगाडी, विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। जिला परिवहन कार्यालय सिमडेगा की ओर से यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर जागरूक किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के बारे में बताया जाएगा। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में कमी लाना है। लोगों की जान बहुत ही कीमती है। विभाग की तरफ से लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलने सहित हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की अपील करने का कार्य करेंगी। सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा का उद्देश्य है सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना। उन्होंने कहा कि विशेष कर युवाओं को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी नहीं है, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते हैं नशा करके बाइक चलाते हैं उन्हें इस जागरूकता रथ के माध्यम से सड़क नियम से संबंधित जागरूक करने का कार्य करेगी। उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा जिला सड़क दुर्घटना से काफी ग्रसित है जिसे देखते हुए सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस को इस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की है। जिस की जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।



# डीसी की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन की गई। बैठक में धान अधिप्राप्ति, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सौर ऊर्जा / विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम निर्माण, धान बीज उठाव, उर्वरक उठाव सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को लैंप्स/पैक्स केंद्रों के माध्यम से ससमय किसानों को उर्वरक व बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सौर ऊर्जा / विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम निर्माण हेतु स्थल चयन की जानकारी ली। उपायुक्त महोदय ने धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 धान खरीदी की जानकारी ली। जिस पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 204 किसानों से 11180.46 क्विंटल धान का क्रय किया गया है। उन्होंने बताया कि धान अधिप्राप्ति के लिये 375 नए किसानों का निबंध किया गया है। उपायुक्त महोदय ने धान अधिप्राप्ति हेतु अधिक नए किसानों को जोड़ने की बात कहीं। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो एवं सहायक निबंधक कर्मवीर मेहता उपस्थित रहे।

# नगर परिषद की ओर से चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर सिमडेगा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नगर परिषद की ओर से सिमडेगा शहर में शुक्रवार को बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान सिटी मैनेजर अर्पण इंदवार के नेतृत्व में चलाया गया इस दौरान सिमडेगा झूलन सिंह चौक से शुरू करते हुए सदर अस्पताल होते हुए आगे बढ़ी ,जहां पर सड़क किनारे सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त करते हुए कई लोगों के सामानों को जप्त किया। सिटी मैनेजर ने कहा कि डीसी सिमडेगा का निर्देश है कि समाहरणालय से लेकर भट्टी टोली तक सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाना है, तथा इसके अलावा शहर में कई जगहों पर पार्किंग के लिए भूमि चिन्हित की जाएगी। इस मौके पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलने से दुकानदारों के अंदर हड़कंप मच गया और लोग अपने-अपने सामानों को इधर-उधर लेकर भागते हुए देखे गए। इस दौरान सिमडेगा नगर परिषद के कर्मी एवं पुलिस बल उपस्थित थे ।

# जंगली हाथी ने चार किसानों के घरों को किया क्षतिग्रस्त

**बानो।** प्रखंड के बड़कादुइल में गुरुवार रात्रि हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाया चार घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर में रखे अनाज को भी खा गया। घटना गुरुवार देव रात्रि की है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 20 25 की संख्या में हाथियों का झुंड बड़कादुइल गांव पहुंच गया तथा बारी-बारी से घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया घर में रखे अनाज को भी खा गया वहीं फसलों को भी नुकसान पहुंचाया।20-25 की संख्या में हाथी ने लगभग 2.30 बजे बड़कादुइल गांव पहुंच सरजू लोहरा,बंधनी मुंडाइन,छत्रपाल सिंह,मालु सिंह, राधेश्याम सिंह और देवानंद सिंह के घर के चारों ओर आकर हमला कर घर को तोड़ दिया और घर में रखें चावल को चट कर दिया।

# हथियार लहराकर दुकानदार को धमकाने वाले 3 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के ईदगाह मोहल्ला में होम मैटेरियल की दुकान पर विगत 18 दिसंबर को हथियार लहरा कर दुकानदार को धमकाने वाले को सिमडेगा पुलिस ने दबोच लिया है। एसडीपीओ और डीएसपी हेड क्वार्टर ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विगत 18 दिसंबर को सदर थाना क्षेत्र के ईदगाह मोहल्ला में आज सूफियान परवेज नामक दुकानदार अपने होम मैटेरियल की दुकान खोल कर सुबह बैठा था। इसी दौरान ईदगाह मोहल्ला निवासी जिशान अंसारी नामक व्यक्ति उसके दुकान पर पहुंचा और उससे 10 बोरी सीमेंट उधार मांगने लगा। जिसपर दुकानदार सूफियान ने सीमेंट उधार देने से मना कर दिया। जिसके बाद ग्राहक जिशान गुस्से में वहां से चल गया। इसके बाद दुकानदार सूफियान किसी काम से दुकान पर अपने छोटे भाई को बैठा कर मार्केट चला गया। इसी दौरान उधार सीमेंट मांगने वाला जिशान अपने साथी के साथ फिर से सूफियान की दुकान पर पहुंचा, और वह दुकान पर बैठे सूफियान के भाई पर सीमेंट उधार नहीं देने की बात पर आग बबूला होते हुए अपने कमर से पिस्टल निकाल कर दुकानदार सूफियान सहित उसके सभी भाइयों को जान से मारने की धमकी देने लगा।

# इंद मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ समापन रात भर झूमे लोग

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड के नवयुवक संघ बजार समिति का स्थापना दिवस सह इंद मेला का आयोजन किया गया। ईश्वर सर पर मुख्य अतिथि के रूप में रायकेरा पंचायत के मुखिया सोमा पहान उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। इसअवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए की संस्कृति हमारी विरासत है ,हमें सहेज कर रखने की आवश्यकता है। इंद मेला में हमारी संस्कृति झलकती है, इंद मेला से आपसे प्रेम भाईचारा बढता है। मौके पर झारखंड के नागपुरी लोक गायक सह बिस्मिल्लाह खां युवा पुरुषकार से सम्मानित,जगदीश बड़ाईक भक्ति वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके बाद रांची के कलाकार,चंदन दास,प्रीतम,सुमन गुप्ता, तेजस्विनी देवी , निहारिका,दीपिका, हुलास महतो एवं लिटील स्टार म्यूजिक सिमडेगा, कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को रात भर मनोरंजन किया। नेहा व दीपिका ने नागपुरी और भोजपुरी गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा।मंच संचालन राजेश बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर गिरदा प्रभारी हर्ष कुमार, गुरूदत प्रसाद सिंह, घनश्याम सिंह, प्रधान लुगुन के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला संचालन समिति के अध्यक्ष- सुमन कुमार सिंह, सचिव- रामचंद्र साहु, कोषाध्यक्ष- बालमुकुंद पाईक,गुरूदत प्रसाद सिंह, धनश्याम सिंह, ओमिन सिंह ,सरयु प्रसाद सिंह, बालेश्वर सिंह, बलदेव सिंह, मनोज हजाम,राजेश बढ़ाईक,सनिका हेमरोम, मदन सिंह, नंदलाल साहु, गोपाल शरण साहु, खंजन सिंह आदि लोगों का सहयोग रहा।

# लरबा डैम में विदाई समारोह पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के लरबा डैम में विदाई समारोह पिकनीक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय के सेवानिवृत्त बीएओ स्टीफन बैक और रैसियां पंचायत के सचिव आनंद कुमार साहू को समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया।इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम,प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो,बीपीओ संगीता कुमारी और प्रखंड कार्यालय के कर्मियों के द्वारा फूल माला पहनाकर बुके देकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी गण उपस्थित रहे।सभी ने बारी-बारी से उनके साथ व्यतीत किए हुए लम्हों को साझा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।बीएओ स्टीफन बैक और पंचायत सचिव आनंद साहू ने भी संबोधित करते हुए शायराना अंदाज में सभी का धन्यवाद किया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो और प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने कहा की प्रखंड कर्मी आपके कार्यों को नहीं भूल सकते हैं। आप जहां भी रहे खुशी पूर्वक रहे और आगे का जिंदगी बेहतर ढंग से परिवार के साथ जिए।आगे कहा की जीवन में आपने जो कार्य किए हैं निचले स्तर के कर्मियों को प्रेरणा लेना चाहिए। इस अवसर पर विदाई समारोह के मुख्य अतिथि बीएओ स्टीफन बेक व विशिष्ट अतिथि पंचायत सचिव आनंद कुमार साहू,प्रखण्ड प्रमुख दुतामि हेमरोम,प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो, नाजिर राजीव रंजन,कल्याण पदाधिकारी हृदयनाथ पांडे, बीपीओ संगीता कुमारी,समाज सेवी विनोद कुमार उर्फ डब्लू,सभी पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,जेई नितेश कुमार, जेई दीपक चिक बड़ाइक, जितेंद्र पांडा,गौरव कुमार,आशीष कुमार साहू,बिनय सिंह,जगतपाल महतो, लालमेन गोप, राजु नाग,भोला महतो,देवकु भगत, संजीव कुमार लोहरा, लक्ष्मी कुमारी, विनय कुमार सिंह, विजय कुमार साहू, विजय साहू, बिरबल भुइंया,चंद्रनाथ सिंह, दीलिप ओहदार,उमा वर्मा,नितरन कुल्लू, करिश्मा बड़ाइक,अनिल कुमार, ओमप्रकाश,दीपक बड़ाइक,गौरव कुमार,मरियम होरो,रश्मि कुमारी सहित प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

# जयंती के अवसर पर याद किए गए सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा मूलनिवासी जिला कार्यालय में शुक्रवार को देश के प्रथम महिला शिक्षिका एवं मारेंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम दोनों के तस्वीर पर पुष्पांजलि करके जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष गेब्रियल लकड़ा ने सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि। सावित्री बाई फुले एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद् थीं, जिन्होंने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को नायगाँव, महाराष्ट्र में हुआ था। सावित्री बाई फुले का विवाह ज्योतिराव फुले से हुआ था, जो एक समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर महिलाओं और दलितों के लिए शिक्षा और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी।उन्होंने 1848 में भारत का पहला महिला विद्यालय खोला, जिसमें उन्होंने महिलाओं को शिक्षा प्रदान की। इसके अलावा, उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए एक आश्रम भी खोला।उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले का कार्य न केवल शिक्षा तक सीमित था, बल्कि उन्होंने सामाजिक न्याय और महिला अधिकारों के लिए भी काम किया। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई और उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया।उन्हें भारत की पहली महिला शिक्षाविद् और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। उनके कार्य और विरासत ने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले कई लोगों को प्रेरित किया है। सलीम तिर्की ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एक प्रसिद्ध आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया था। उनका जन्म 1903 में झारखंड के एक आदिवासी परिवार में हुआ था।मौके पर कमलेश्वर मांझी ,राम नायक ,काशीलाल नायक, अरुण राम ,भूषण नायक सुरेश नायक एवं अन्य मूलनिवासी उपस्थित थे।


## न्यूज बॉक्स

### बेटी सलीमा को अर्जुन पुरस्कार,सिमडेगा के लिए गौरव का पल-विमला प्रधान



**सिमडेगा।** सिमडेगा-भारत सरकार द्वारा भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान झारखंड सिमडेगा की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित करने पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने सलीमा टेटे को बधाई दी है बधाई देते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बने हैं झारखंड खासकर झारखंड के आदिवासी खिलाड़ियों को हमेशा सम्मान मिला है उसी कड़ी में सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित करना प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच एवं आदिवासी समुदाय एवं खिलाड़ियों के लिए उनके मन में सम्मान को दर्शाता है सिमडेगा जिला में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान बनने के बाद नित नए हॉकी खिलाड़ियों का उदय हो रहा है त्यह हॉकी की खान सिमडेगा के लिए शुभ संकेत है इसके लिए हॉकी संघ के साथ साथ जिला प्रशासन भी बधाई के पात्र हैं।

### बीआरसी सिमडेगा मे सीआरपी कि हुई बैठक



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला मुख्यालय स्थित बीआरसी सिमडेगा में सीआरपी कि बैठक हुई। इस मौके पर सभी सीआरपी की बैठक एडीपीओ की उपस्थिति में किया गया जिसमे सीआरपी अभिनंदन कुमार ने शिक्षा विभाग के एडीपीओ को पौधा देकर सम्मानित किया गया।वही बीपीओ देश बंधु शास्त्री को भी सम्मानित किया। एडीपीओ ने सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन को लेकर सीआरपी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।मौके पर जमील अंसारी, भगवती प्रसाद, पुष्पा प्रसाद, सुखदेव राम,बीरेश कुमार, घनश्याम साहू, सामु बड़ाइक,विश्व सिंह,निधि प्रसाद,रीना पूरी के अलावा अन्य सभी सीआरपी बीआरपी उपस्थित थे।

### बोलबा स्वास्थ्य केंद्र मे सिविल सर्जन ने बेहतर कार्य करने का दिया निर्देश

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सिविल सर्जन रामदेव पासवान ने बैठक आयोजन कर बेहतर कार्य करने का दिशा निर्देश दिया ।इस मौक़े पर 100 दिन तक चल रहे टीबी कार्यक्रम का जानकारी ली गई। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर से शुरू किया गया है जो मार्च माह तक चलेगा ।उन्होंने बताया की प्रखंड के 26 ग्राम में घर घर जाकर टीवी बीमारी की जांच की जाएगी ।इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र को साफ और स्वच्छ रखने का निर्देश दिया गया ।वही सभी कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस मौक़े पर.प्रभारी डॉक्टर दिलीप बेहरा,डॉक्टर देवतोश भूटिया,रॉबर्ट सुरीन,राजश्री कुमारी और अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थी।

### जिला शौण्डिक संघ सिमडेगा की वार्षिक सम्मेलन की तैयारी पूरी ,5 को सम्मेलन

**सिमडेगा।** जिला शौण्डिक संघ की वार्षिक सम्मेलन 5 जनवरी को सिमडेगा नगर भवन में होना है जिसको लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूरी हो चुकी है ।जानकारी देते हुए महासचिव अनुप्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में झारखंड में छत्तीसगढ़ ,उड़ीसा, बिहार सहित अलग-अलग राज्य से जिला में होने वाले कार्यक्रम में प्रतिनिधि शामिल होंगे ,जिनकी स्वागत समिति का गठन किया गया है ।इसके अलावा पारंपरिक नृत्य मंडली एवं अन्य व्यवस्था भी की गई है । उन्होंने शौण्डिक समाज के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा है कि उस दिन सिमडेगा जिला भर में समाज के लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखेंगे और नगर भवन सिमडेगा में होने वाले इस वार्षिक सम्मेलन सह वैवाहिक परिचय समारोह में पूरे परिवार के साथ भाग लेंगे।

### जयपाल सिंह मुंडा जयंती के मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने शिला पर किया माल्यार्पण

**बानो।** जयपाल सिंह मुंडा के जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों ने बानो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित जयपाल सिंह मुंडा मैदान में स्थापित शिला पर माल्यर्पण कर जयंती मनाई गई । मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना , जगदीश बागे ,आनन्द मसीह तोपनो मो तनवीर ने माल्यार्पण किया । मौके पर बिरजो कंडुलना ने कहा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 3जनवरी 1903 में हुआ था । जयपाल सिंह देश के संविधान निर्माण से लेकर खेल के दुनिया के बेताज बादशाह थे । 1928 के ओलंपिक खेल में हॉकी खेल में स्वर्ण पदक जीत में अहम भूमिका थी । सुधीर लुगुन ने जानकारी देते हुए कहा कि छेत्र के गंझू 1936 में बानो वासियों को यह जमीन खेल मैदान के रूप में दान में दिया ।तब से इस मैदान में हर वर्ष विभिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में शुक्रवार को बैठक में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि 14 जनवरी तक सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा में डेढ़ लाख सदस्य बनाने हैं ।बैठक को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर सभी मंडलो में अभियान चलाया जाएगा। 50 प्राथमिक सदस्य बनने वाले ही सक्रिय भाजपा के सदस्य बन पाएंगे ।मौके पर सदस्यता अभियान के जिला सहसंयोजक तुलसी साहु एवं दीपनारायण दास, श्रद्धानन्द बेसरा, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ,भाजयुमो जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ,नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप साहु ,सेवई मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय ,ठेठईटांगर मंडल अध्यक्ष ,सुरजन प्रधान बोलबा, सिंह मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा नियम उल्लंघन करने वालों को परिवहन विभाग ने गुलाब फूल देकर किया सम्मानित

**सिमडेगा।** परिवहन विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सिमडेगा कंट्रोल रूम के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला के मौजूदगी में सड़क सुरक्षा नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के शेड्यूल के अनुसार यह कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने कहा कि सभी लोग नियमों का पालन करें ,ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके इस दौरान गुलाब फूल लेकर कई लोग शर्मिंदगी महसूस किया ।मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि उपस्थित थे।

### सिमडेगा टैक्सी स्टैंड में झारखंड ऑटो चालक संघ की हुई बैठक प्रेमदास बने अध्यक्ष

**सिमडेगा।** सिमडेगा टैक्सी स्टैंड में झारखंड ऑटो चालक संघ की शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अगवाई मुख्य संरक्षक मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर ऑटो चालकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया जहां पर बताया गया कि कई ऑटो चालक अभी तक लाइसेंस नहीं बनवाए हैं जिसकी वजह से कई बार उन्हें परिवहन विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है इसके अलावा कई लोगों का रोड टैक्स परमिट सहित अन्य चीज फेल है जिसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य संरक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने ऑटो की कागजातों को दुरुस्त कारण जिनके लाइसेंस नहीं है वह सभी लोग लाइसेंस जरूर बनवा ले ताकि उन्हें किसी प्रकार से परेशानी ना हो। मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी लोगों का रजिस्ट्रेशन होगी और साथ ही आईडी कार्ड नियुक्त किए जाएंगे ताकि संगठन की पहचान हो सके साथ उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाएं क्योंकि इससे दूसरे की जान को खतरा रहता है और कई बार दुर्घटना घटती है इसलिए सभी लोग संगठन के नियमों को शक्ति से पालन करें वही इस मौके पर संगठन के संचालक को लेकर मुख्य संरक्षक के निर्देश पर समिति का गठन किया गया।

विधायक स्वर्गीय महेंद्र सिंह की बलिदान दिवस सह जोहर झारखंड संकल्प यात्रा

# भाजपा संविधान को बदलने की पूरी कोशिश कर रही है



**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता**

**बिरनी।** बिरनी के पश्चमी भाग के पडरिया गांव से निर्धारित तिथि शुक्रवार से भाकपा माले का जोहर झारखंड संकल्प यात्रा निकाली गई। बिरनी में यह कार्यक्रम दस दिन चलेगी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व विधायक विनोद सिंह व राज्य कमेटी सदस्य प्रमुख रामु बैठा उपस्थित थे। पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि शहीद विधायक महेंद्र सिंह की बलिदान ऐसे समय में हुई थी जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी और झारखंड को पुलिस राज में तब्दील कर कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने की तैयारी चल रही थी। ठीक वैसे समय में विधायक महेंद्र सिंह झारखंड नव निर्माण की लड़ाई लड़ रहे थे जब राजनीतिक बैचारिक रूप से महेंद्र सिंह को नही हरा पाए तो एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनकी उनकी हत्या करवा दी गई। भाजपा पुनः झारखंड को अपने कब्जा में कर अडानी के हाथों बेचने की तैयारी कर ली थी इसके लिए सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की जी तोड़ कोशिश हुई। लेकिन झारखंड की जनता ने भाजपा के मंसूबे को चकनाचूर कर दिया। हर गांव स्तर पर एक संवाद स्थापित करने की योजना बनाई गई है। शहीद विधायक महेंद्र सिंह के बीसवीं बलिदान दिवस के मौके पर पार्टी ने जोहार झारखंड संकल्प पद यात्रा अभियान चलाने का निर्णय लिया है । बिरनी से शुरू हुआ है। कहा कि आज देश 75 वीं संविधान दिवस मनाने की तैयारी में जुटी है लेकिन भाजपा संविधान को बदलने की पूरी कोशिश कर रही है, जिसका जीता जगता उदाहरण संविधान पर चर्चा के दौरान देश के गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सभा के सदन में डॉ भीम राव अंबेडकर साहब की मजाक उडाते हुए दिखाई दिए जिससे पूरे देश के बहुजन समाज में महिलाओं में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है और गृह मंत्री को बर्खास्त की मांग जोर पकड़ ली है। अडानी के मुद्दे पर भाजपा संसद में चर्चा करने से भाग रही है और जैसे ही अडानी की मुद्दा देश में बनता है भाजपा सरकार बौखला जाती है। हमारी पार्टी से झारखंड में दो विधायक चुनाव जीतकर विधान सभा गए हैं। इसलिए सदन में और सड़क पर जन आंदोलन तेज करने की जरूरत है और कॉमरेड महेंद्र सिंह के विचार धारा को जन जन तक ले जाने की जरूरत है तभी महेंद्र सिंह के सपनों को साकार किया जा सकता है। इसके लिए जो भी कार्यक्रम पार्टी की ओर से तय किया गया है सभी साथी जोश खरोश से जुड़कर इसे पूरा करने का संकल्प लें। जोहर झारखंड संकल्प यात्रा में एतवारी साव ,मुंशी विश्वकर्मा ,सीताराम पासवान , रामसहाय यादव मुखिया विजय दास, राम विलास पासवान , संतोष दास, योगेंद्र गुप्ता, धानेश्वर साव आदि शामिल थे।

## सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेन्टर का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेन्टर का उदघाटन सह 3 शुभारंभ 3 जनवरी को हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, रामगढ़ विधायक, ममता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष दिनेश मुंडा , जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं उपाधीक्षक डॉ० ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सदर अस्पताल रामगढ़ के परिसर में किया गया। मौके पर संसाफ मनीष जयसवाल ने कहा कि डायलिसिस एक ऐसा प्रक्रिया है कि इसे सप्ताह में 2-3 बार किया जाता है जिसमें काफी खर्च होता है और ये खर्च गरीबो के लिए वहन कर पाना संभव नहीं है। सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेवा की शुरूआत एक अच्छी पहल है जो हर गरीब के लिए संभव हो पायेगा। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि नव वर्ष के आगमन के साथ ही रामगढ़ जिला-वासियो को यह सौगात मिला। उन्होने कहा कि इसके वेहतर संचालन के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक एवं तकनिशियन तथा अन्य सहयोगी मानवबल भी रखा जाना चाहिए साथ ही उन्होने सबसे सहयोग की भी अपील की। सिविल सर्जन रामगढ़ द्वारा बताया गया कि हर वर्ग के लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि डायलिसिस सेवा 247 चलाई जायेगी परन्तु अभी ये सिर्फ दिन में चलाया जायेगा। किसी भी स्वस्थ शरीर में किडनी का काम होता है रक्त को साफ करना और शरीर में अतिरिक्त पानी को पेशाब के रूप में शरीर से बाहर निकालना किडनी शरीर में कुछ ऐसे भी पदार्थ बनाती है जो हमारे शरीर के सुचारू रूप से काम करने के लिए बहुत जरूरी होते है पर अगर किसी कारण किडनी अपना काम ठीक से नहीं कर पाती है।

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक

## विकास योजनाओं पर लिए गए अहम निर्णय

**गुमला।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट ( डीएमएफटी ) की प्रबंधकीय समिति की बैठक उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिले की विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में सड़क, पुल निर्माण, टाना भगत स्कूल में सुविधाओं के विस्तार, खनन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और एम्बुलेंस सेवाओं की शुरूआत जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों को प्राथमिकता दी गई। प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण के प्रस्तावों पर कार्यवाही। चिरोडीह, सेरका और गुरदरी जैसे क्षेत्रों में अधिक योजनाएं स्वीकृत करने पर जोर। शौचालय, चारदीवारी और अन्य सुविधाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश।

## बिरनी में अपराधियों ने दर्ज कराई उपस्थिति, पुलिस कर रही है छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बिराजपुर चौक स्थित राजेश मोदी के घर पर गुरुवार रात करीब 2 बजे नकाबपोश अपराधियों ने डकैती की बड़ी घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने बंदूक की नोक पर परिवार के सभी सदस्यों को बंधक बनाकर 8 लाख रुपये के कीमती जेवरात और 2 लाख नकद लूट लिए।अपराधी घर के पीछे से लकड़ी की सीढ़ी के सहारे छत पर पहुंचे और ग्रिल गेट को खोलकर अंदर घुस गए। उन्होंने पहले घर के मालिक सुरेश मोदी को उठाया और फिर उनके बड़े बेटे राजेश को बंदूक दिखाकर लूटपाट की। इसके बाद, छोटे बेटे कुंदन समेत पूरे परिवार को बंधक बनाकर उनके हाथ बांध दिए। लगभग 40 मिनट तक अपराधियों ने घर में लूटपाट की।स्थानीय लोगों का मानना है कि अपराधियों को घर की पूरी जानकारी थी, जिससे स्पष्ट होता है कि यह घटना पहले से प्लानिंग के तहत की गई।

घटना की सूचना पर बिरनी पुलिस 4-5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गई। प्रमुख रामु बैठा, मुखिया किशुन राम, और दर्जनों स्थानीय लोगों के साथ पुलिस ने रात्रि में ही आसपास छानबीन की, लेकिन अपराधियों का सुराग नहीं लग पाया। सुबह बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय राम, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, और सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा ने घटनास्थल का दौरा किया।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ**

इस मामले सरिया अनुमंडल पुलिस अधीक्षक धनंजय राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद अपराधियों के लिए टीम गठित किया गया,अपराधियों के खिलाफ छापेमारी किया जा रहा है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ा जाए। किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, प्रमुख रामु बैठा,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव,सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा अन्य लोग पहुंच।

## सड़क दुर्घटना में तीन गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** भरनो प्रखंड के महादेव चैगरी-आताकोरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को आताकोरा गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल होने वालों में सिसई थाना क्षेत्र के नगर गांव निवासी बाइक चालक शिवा गोप और भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चैगरी गांव की रेखा कुमारी व विनीता कुमारी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शिवा गोप बाइक पर रेखा और विनीता को बैठाकर आताकोरा की ओर जा रहा था। इस दौरान आताकोरा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दलों का दूसरे दिन प्रशिक्षण जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गावां गिरिडीह।** गावां पंचायत भवन के सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का दूसरे दिन भी प्रशिक्षण जारी रहा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों की कार्यकुशलता में सुधार लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देना है। प्रशिक्षण में पिहरा पूर्वी, पिहरा पश्चिमी, नीमाडीह, जमडार व खरसान पंचायतों के प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत के सदस्यों को शामिल किया गया है. प्रशिक्षण के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को प्रशासनिक कार्यों, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, गांवों में समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी रणनीतियों और संसाधनों का समुचित उपयोग सिखाया जायेगा। मास्टर ट्रेनर विकास कुमार भारती ने प्रशिक्षण दिया। बताया कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पंचायतें खुद को अधिक सशक्त और सक्षम महसूस करेंगी। पंचायत स्तर पर योजनाओं को सही दिशा में कार्यान्वित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। मौके पर रजिया खातून, मकसूद आलम, संतोष मरांडी, राजेश कुमार समेत लोग उपस्थित थे।

## श्मशान में वृद्धा का शव जलाने से रोका, आरोप मुखिया प्रतिनिधि पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी (गिरिडीह)।** श्मशान में एक वृद्धा के शव को अंतिम संस्कार से रोकने का मामला प्रकाश में आया है.यह मामला गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके का है, आरोप उस क्षेत्र के मुखिया प्रतिनिधि समेत अन्य लोगों पर लगा है। मिली जानकारी के अनुसार गम्हारियाटांड निवासी रौशन कुमार सिन्हा पिता सुशील सिन्हा की नानी का देहांत 31 दिसम्बर की शाम को हो गया। अगले दिन 1 जनवरी की शाम वे लोग शव लेकर खिजुरी पंचायत स्थित झखनोडीह शमशान पहुंचे। वे लोग शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर ही रहे थे कि वहां के मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी समेत कुछ लोगों ने शव जलाने से रोक दिया। इस संबंध में भुक्तभोगी रौशन सिन्हा ने बताया कि वे लोग अपनी नानी का अंतिम संस्कार करने के लिए शव लेकर झखनोडीह शमशान पहुंचे थे।वहां वे लोग शव जलाने की तैयारी ही कर रहे थे कि खिजुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी के साथ 4-5 लोग वहां पहुंचे और अपनी जमीन होने की बात कहकर शव नहीं जलाने से रोक दिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में काफी देर तक हो-हल्ला हुआ, बाद में क्रिया क्रम करने वालों के पक्ष से गए तिसरी के मुखिया किशोरी साव के समझाने के बाद वे लोग माने और काफी देर बाद शव का अंतिम संस्कार करने दिया। उन्होंने कहा कि वे लोग अपने पूर्वजों के समय से लगभग 150 वर्षों से उसी शमशान में अंतिम संस्कार की क्रिया करते हैं। ऐसे में शव जलाने से रोकना घृणित कार्य है। इसको लेकर रौशन कुमार सिन्हा ने तिसरी प्रखंड, अंचल और थाने में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में आरोपी मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी से पूछने पर उन्होंने कहा कि शमशान से सटा हुआ उनलोगों का खेत है, अंतिम संस्कार के बाद बचे अवशेष पानी के साथ बहकर उनलोगों के खेतों में चले जाते हैं।

## ज्वेलरी दुकान से 20 लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में इन दिनों चोरी की घटना बढ़ गई है ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह का है। जहां सिहोडीह मेन रोड स्थित कमल ज्वेलर्स में जेवरात के अलावे नगदी समेत बीस लाख की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। यह घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है. इसके बाद शुक्रवार को 2 बजे इस पर मामला दर्ज कराया गया। घटना के बाबत भुक्तभोगी दुकान संचालक के पिता ने बताया कि सिहोडीह मेन रोड में उनकी कमल ज्वेलर्स नामक दुकान है और यह दुकान उनका बेटा चलाता है और गुरुवार रात को दुकान बंद करके घर चला गया था। इसके बाद सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा की दुकान का शटर कटा हुआ था और ताला टूटा हुआ था। जब दुकान के अंदर जाकर देखा तो पाया की सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है और सोने चांदी के जेवरात के अलावा करीब डेढ़ लाख नगदी व कीमती स्टोन समेत करीब बीस लाख से अधिक की संपत्ति गायब है। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में सिहोडीह और पटेल नगर के इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है लेकिन पुलिस एक भी मामले का उद्भेदन नहीं कर पा रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सदलबल मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।

### अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर नष्ट किया गया



**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में दशम फॉल थाना क्षेत्र के ग्राम पानसकाम में अफीम की खेती लगभग 4.5 एकड़ को ट्रैक्टर चला कर विनिष्टीकरण किया गया। खेती के स्थल पर पाए गए मोटर, पाइप एवं बिजली के तार को विधिवत जब्त किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है की अफीम की खेती के विनष्टीकरण में और भी तेजी लाएं एवं जल्द से जल्द पूरे एरिया में जितने भी अफीम की खेती की गई है सभी को विनष्ट करना सुनिश्चित करें। जो भी व्यक्ति अफीम की खेती में संलिप्त है उसको चिन्हित करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजे।

## अधिकारियों ने मनरेगा की समीक्षा और कूप तालाब निर्माण का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत में मनरेगा लोकपाल द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें कूप निर्माण, तालाब निर्माण और आम बागवानी शामिल हैं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सरकार की योजनाओं को गुणवत्ता के साथ लागू करें ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।सरकारी टीम ने तालाब निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत श्रमिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को भी जाना। इस पहल का उद्देश्य पलायन को रोकना और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि योजनाओं में कोई गलती पाई जाती है, तो संबंधित कार्रवाई की जाएगी।इस निरीक्षण में कई प्रमुख अधिकारी शामिल थे, जिनमें एपीओ इरफान आरिफ, लोकपाल शाहनवाज शेख, बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज, स्टेट कोऑर्डिनेटर निहार रंजन महाराणा, सहायक ज्योति कुमारी, जेई सुमित उरांव, एई सुमित खालको, पंचायत सचिव लक्ष्मण खड़िया, जनसेवक विश्वकर्मा मिंज, रोजगार सेवक अनुकंपा टोप्पो और अर्जुन मंडल तथा बीपीओ कांति कुमारी शामिल थे।इस प्रकार की योजनाओं के माध्यम से सरकार ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे योजनाओं की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।।

### अबुआ आवास को लेकर सरकार गंभीर : मंत्री



**रांची।** अबुआ आवास योजना को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। इस योजना के लाभुकों को तीसरी किस्त की राशि वितरण सुनिश्चित की जाए। देर होने पर अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि राशि वितरण में देरी करने वाले अफसरों को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही प्रतिदिन समीक्षा करने के साथ राशि वितरण की जिलावार रिपोर्ट भी मांगी है। बताते चलें कि अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख से अधिक आवास बनाए जाने हैं। इस वित्तीय वर्ष में लगभग तीन लाख आवास निर्माण की मंजूरी दी गई है। इससे पहले वित्तीय वर्ष में दो लाख आवास की मंजूरी दी गई थी।

### ग्रामीण एसपी ने भारतमाला प्रोजेक्ट में दर्ज मामले की समीक्षा की



**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने संगठित अपराधी गिरोह अमन साहू एवं अन्य के विरुद्ध भारतमाला प्रोजेक्ट में दर्ज मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में कांड के अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक अशोक राम, पुलिस निरीक्षक -सह-थाना प्रभारी ओरमांझी अनिल कुमार तिवारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दिवंगत गुरविंद सिंह सेठी के घर पहुंचे भाजपा नेता, शोक संवेदना प्रकट की



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शुक्रवार को दिवंगत भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आवास पर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना प्रकट की। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कहा कि दुख की घड़ी में प्रदेश भाजपा परिजनों के साथ खड़ी है। पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खोया है। मुलाकात करने वालों में योगेन्द्र प्रताप सिंह और अशोक शर्मा भी शामिल थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने ठंड से बचाव के लिए 200 कंबल वितरित किए



**प्रमुख कंबल वितरण गतिविधियां**

- **सीकरी पंचायत** : आवराटोली और खूंटी टोली के कोरवा एवं बिरहोर समुदायों को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वयं कंबल बांटे।
- **आदर पंचायत** : सलगी ग्राम के आदिम जनजाति परिवारों में पीराहपथल टोले में कंबल वितरण किया गया।
- **घाघरा प्रखंड** : स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से कंबल वितरित किए।
- **सिसई प्रखंड** : मुर्गू, शिवनाथपुर और पंडरिया पंचायतों में जरूरतमंद नागरिकों को कंबल बांटे गए।
- **नगर परिषद** : नगर परिषद क्षेत्र के रिक्शा चालकों के बीच भी कंबल वितरण सुनिश्चित किया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स ने शुक्रवार को पटेल चौक स्थित पुराने नगरपालिका के पास कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। चैंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में 200 कंबल गरीबों और असहायों के बीच वितरित किए गए।

**दामोदर कसेरा ने व्यक्त की चिंता :** अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा, ठंड का प्रकोप इस कदर बढ़ रहा है कि गरीब और असहाय लोग इससे प्रभावित होकर अपनी जान न गंवा दें। ठंड के इस मौसम में सुबह और शाम को बेवजह घर से बाहर न निकलें और खुद को सुरक्षित रखें। मानव सेवा ही सच्ची भक्ति है, और यह हमारा दायित्व है कि जरूरतमंदों की मदद करें।

**चैंबर ने हमेशा निभाई सामाजिक जिम्मेदारी :** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा, गुमला चैंबर न केवल व्यापारी हित में काम करता है, बल्कि मानव सेवा और जनहित के कार्यों में भी सक्रिय है। हम आगे भी इस दिशा में कार्य करते रहेंगे।

**कंबल वितरण के लाभार्थी और आयोजन स्थल :** कार्यक्रम के तहत गुमला के विभिन्न मोहल्लों, जैसे महली टोली सोसो, करौंदी, सिलम, तर्री, ठूठा टोली, बड़ाईक मोहल्ला, कोराम्बी और डिक्शनरी मोहल्ला के गरीबों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, पूर्व सचिव विनोद कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सतनारायण पटेल सहित अन्य प्रमुख सदस्य और सैकड़ों असहाय महिलाएं उपस्थित थीं।

**उपायुक्त का निर्देश :** प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धन बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों की पहचान कर कंबल वितरण कार्य को पारदर्शी और त्वरित तरीके से सुनिश्चित करें।

**जिला प्रशासन की अपील :** अगर आपके आसपास कोई ठंड से प्रभावित व्यक्ति हो, तो स्थानीय प्रशासन या जिला नियंत्रण कक्ष को तुरंत सूचित करें।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice(3rd Call)

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 64 /2024-25 Date:- 03-01-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen Cum Store in P.S. Giddi washery colony Block-Dari , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 06-01-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 11-01-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 343506 Building(24-25).D

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice

Date – 03-01-2025

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/73/2024-25 | Upgradation and Renovation of Front Area Landscape Development (West side) in RINPAS Kanke Ranchi | 18855900.00 | Two Month 15 Day |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/74/2024-25 | Upgradation and Renovation of Front Area Landscape Development (East side) in RINPAS Kanke Ranchi | 12461700.00 | Two Month 15 Day |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/75/2024-25 | Renovation of Doctors Quarter D Type Block No. 2 (4 Unit) at RINPAS Kanke Ranchi | 9821800.00 | Two Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/76/2024-25 | Renovation of Staff Qtr. Block J and Block K Qtr. No. 1 to 4 (Total 8 Unit) at Bazartar RINPAS Kanke Ranchi | 8172600.00 | Two Month |
| 5 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/77/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Ward No. 4 in of RINPAS Kanke, Ranchi | 7559100.00 | Two Month |
| 6 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/78/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Ward No. 5 in of RINPAS Kanke, Ranchi | 7368400.00 | Two Month |
| 7 | Start Date of Submission of Bids | 11-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bids | 18-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 9 | Date/Time of Opening of Bid | 20-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 11 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |
| 12 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 343481 Building(24-25)D

भगवत्प्राप्ति के बिना आप स्वतन्त्र नहीं हैं। आपका जीवन आवेगों, मानसिक उतार-चढ़ाव, मनोवृत्तियों, आदतों और वातावरण के अधीन है। एक सद्‌गुरु के उपदेश का पालन और उनके अनुशासन को स्वीकार कर आप इंद्रियों की दासता से धीरे-धीरे छुटकारा पा लेंगे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

संपादकीय

# नया वर्ष नए संकल्प लेने का अवसर

हर वर्ष के नूतन वर्ष की शुरूआत व्यक्ति के जीवन में एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ साथ नयी आशा, नयी उम्मीद की किरण लेकर के आती है। नूतन वर्ष का हर्षोल्लास वाला अवसर उत्साह और उम्मीद के सामंजस्य का एक बेहद ही अनमोल पल होता है, जो हम सभी के जीवन की दिशा व दशा बदलने में बेहद ही कारगर साबित हो सकता है। नववर्ष पारंपरिक व आधुनिक उत्सवों से परिपूर्ण जीवन में एक नयी ऊर्जा भरने वाला अवसर होता है, जो जीवन में एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ ऐसी अनेकानेक छोटी व बड़ी खुशियां लेकर कर आता है। नूतन वर्ष का यह अवसर हमारे जीवन में अपनी मेहनत के दम पर अपनी गलतियों का सुधार करने का एक प्रेरणादायक अवसर होता है। यह हमें जीवन पथ पर चलते है हुए नित कुछ नया सीखते हुए, कड़ी मेहनत करते हुए, कुछ नया सकारात्मक करने की प्रेरणा देता है और यह हम लोगों को अपने सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा देता है। हर किसी का नूतन वर्ष उससे जुड़े लोगों के जीवन में दृढ़ संकल्प के साथ सकारात्मकता का संचार करने को प्रेरित करता है। यह अवसर हम लोगों को बड़े-बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए फिर से एक नई शुरूआत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। नूतन वर्ष हमें अपनी स्वयं की मौलिकता और प्रेरणा को जारी रखने के लिए पॉजिटिव ऊर्जा प्रदान करता है। नूतन वर्ष का अवसर आम व खास सभी वर्गों के लोगों के लिए अपने दुःख-दर्दों को भूलकर के जीवन में एक नयी पॉजिटिव पहल करने का अवसर होता है। इस महत्वपूर्ण दिन के साथ हम लोगों को अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में चले आ रहे कष्टों को भूलकर के एक नयी शुरूआत करते हुए जीवन को भयमुक्त करके सामान्य व खुशहाल बनाने के लिए फिर से एकबार पूरी ताकत के साथ प्रयास अवश्य करना चाहिए। नूतन वर्ष पर हमें ईर्ष्या भाव, द्वेष भाव, आपसी मनमुटाव भूलकर के यह अवश्य समझना चाहिए कि नूतन वर्ष उम्मीद की अनंत संभावनाओं की शुरूआत का अनमोल समय होता है। यह हमें अपने बुरे अतीत को पीछे छोड़ने और जीवन पथ पर आशावाद और दृढ़ संकल्प के साथ अपने भविष्य को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। इसलिए नूतन वर्ष के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम जीवन के सार्थक लक्ष्य को निर्धारित करते हुए, उसके लिए काम करते हुए उसको हासिल करने का प्रयास करते हुए, इस नूतन वर्ष को बीते हुए पिछले वर्षों से बेहतर बनायेंगे। नूतन वर्ष का अवसर जश्न मनाते हुए एकता, कृतज्ञता और दृढ़ता की प्यार मोहब्बत की जीवन में अहमियत की याद दिलाता है। इसलिए नूतन वर्ष की शुरूआत के साथ हम यह संकल्प लें कि इस वर्ष अपने द्वारा तय किये गये गोल या लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम दिन-रात एक करके कार्य करेंगे। नूतन वर्ष पर हमें अपने व अपनों के विकास के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, तब ही देश का विकास होगा यह समझ कर के उस लक्ष्य के लिए कार्य करना चाहिए। हमें प्रयास करना चाहिए कि अनमोल रिश्तों को प्यार की झप्पी से संजोकर, घर-परिवार, देश व दुनिया में सकारात्मक योगदान देने का प्रयास करने की शानदार पहल की शुरूआत करनी चाहिए। अंग्रेजी नूतन वर्ष पर इस वर्ष हम सभी देशवासी आपसी मनमुटाव को भूलकर फिर से अपने जीवन की एक नई शानदार शुरूआत करें और परिवार व देश निर्माण के लिए दिन-रात एकजुट होकर के कार्य करें।

# स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या चिंताजनक



आज की बात



ललित गर्ग

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है? भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्त्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है। भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

देश की बात

# भारत में तेज गति से बढ़ रही है अरबपतियों की संख्या



प्रह्लाद सबनानी

भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से आगे बढ़ रही है। भारत आज विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है तथा शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार भी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, भारत आज अर्थ के क्षेत्र में पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज तो रही आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में हो रही वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है। हाल ही में अमेरिका में जारी की गई यूबीएस बिल्यनेर ऐम्बिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनेयर (अतिधनाडयों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनेयर की संख्या की दृष्टि से तृतीय स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिका है, जहां बिलिनेयर की संख्या 835 हैं एवं द्वितीय स्थान पर चीन है जहां बिलिनेयर की संख्या 427 है। इस वर्ष भारत और अमेरिका में जहां बिलिनेयर की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं चीन में बिलिनेयर की संख्या में कमी आई है। अमेरिका में इस वर्ष बिलिनेयर की सूची में 84 नए बिलिनेयर जुड़े हैं एवं भारत में 32 नए बिलिनेयर (21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ) जुड़े हैं तो वहीं चीन में 93 बिलिनेयर कम हुए हैं। पूरे विश्व में आज बिलिनेयर की कुल संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि वर्ष 2015 में पूरे विश्व में 1757 बिलिनेयर थे। भारत में वर्ष 2015 की तुलना में बिलिनेयर की संख्या में 123 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। बिलिनेयर अर्थात वह नागरिक जिसकी सम्पत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है अर्थात भारतीय रुपए में लगभग 8,400 करोड़ रुपए की राशि से अधिक की सम्पत्ति। पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में उक्त वर्णित बिलिनेयर की सम्पत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई हैं। जबकि अमेरिका में बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। चीन में तो बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में एक लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2024 में एक लाख 40 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। पूरे विश्व में बिलिनेयर की सम्पत्ति बढ़कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। उक्त प्रतिवेदन में यह सम्भावना भी व्यक्त की गई है कि आगे आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनेयर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परम्परा के अनुसार आगे बढ़ा रहे हैं और भारत में बिलिनेयर की संख्या में वृद्धि एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अलग बात

# संघर्ष जीवन का मूल मंत्र है



किशन सनमुखदास भावनानी

मानव जीवन में संघर्ष, मेंहनत, कौशलता यह तीन अस्त्र ऐसे हैं जो जीवन की सफलता के मूल मंत्र हैं इन तीन मंत्रों के बलपर हर मानव अपने जीवन रूपी गाड़ी को मंजिल तक पहुंचाने में कामयाब रहता है! क्योंकि आज के युग में सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष की सीढ़ी पर चढ़ना होता है, हालांकि हो सकता है इस सीढ़ी से हम कई बार फिस्लें भी, परंतु यदि सफलता पाने का जज्बा और जांबाजी है तो हमें, फिसलकर फिर उठ खड़ा होकर सफलता की सीढ़ी पर चढ़ना होगा। इसे ही संघर्ष का नाम दिया गया है इससे हम जरूर सफलता की इस सीढ़ी के अंतिम पहिए तक पहुंचकर अपना, अपने कुल का और भारत का नाम रोशन करने में कामयाब होंगे। साथियों बात अगर हम चींटी से मेहनत, बगुले से तरकीब और मकड़ी से कारीगरी सीखने की करें तो, नन्हीं सी चींटी महीने भर मेहनत करती है और और साल भर आराम और निश्चिंतता से अपना जीवन जीती है। बिना मेहनत के जीवन खुशहाल और निश्चिंत नहीं बन सकता ये उस नन्हीं सी चींटी के जीवन की सीख है। वैसे तो बगुले को उसके ढोंग के लिए ही जाना जाता है मगर बगुले का वह ढोंग भी मनुष्य को एक बहुत बड़ी सीख दे जाता है। रास्ते बदलो पर लक्ष्य नहीं बदलो। कभी-कभी बहुत मेहनत के बाद भी कार्य सिद्ध नहीं हो पाता मगर वही कार्य कम मेहनत में भी सिद्ध हो सकता है, बस आपके पास उसकी तरकीब अथवा तरीका होना चाहिए। संसार में हर जीव अपने आवास और भोजन की व्यवस्था अपने ही तरीके से करता है लेकिन मकड़ियों द्वारा उनका जाल बनाना काफी रोचक और बेहद कठिन है उनसे इन इस कठिन परिस्थितियों में सफलता पाने का गुण सीखना है। साथियों बात अगर हम संघर्ष ने मेहनत की करें तो हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमें बार-बार समझाया है कि देखो, यह चींटी कितनी बार दीवार पर चढ़ते हुए बार-बार गिरती है परंतु फिर उठ खड़ी होकर चढ़ती है, इससे सीखो! वाह! क्या बात है, इतनी बड़ी विशाल मानव काया के सामने चींटी का उदाहरण, संघर्ष और मेहनत के रूप में मानव के सामने सदियों से आता रहा है, जिससे हमें यह सीख मिलत है कि मानव से हजारों गुना छोटे जीव को भी निग्लेक्ट नहीं कर उससे सीखने, प्रेरणा लेने की सोच का भाव हृदय में रखना है, यही भाव आगे चलकर मानव को महामानव के रूप में परिवर्तित करता है। साथियों बात अगर हम अपने जीवन में संघर्ष की करें तो, नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है, चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है। मन का विश्वास रगों में साहस भरता है, चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना नहीं अखरता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

अपने प्रियजनों को प्रेम और सद्भाव के विचार जितनी बार भेजना चाहें, भेजें, परन्तु कम से कम साल में एक बार, सम्भवतः किसी विशेष वर्षगाँठ पर अवश्य। मन ही मन उन्हें कहिए, हम फिर भी कभी मिलेंगे और एक दूसरे से अपना दिव्य प्रेम एवं मित्रता बढ़ाना जारी रखेंगे।

# मृत्यु को समझना



श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप निरन्तर यह करते रहे और उस प्रियजन के प्रति आपकी चाहत की प्रबलता में कोई कमी आपने नहीं आने दी तो उस आत्मा तक आपके स्पन्दन निश्चित पहुँच जाएँगे। ऐसे विचार आपके प्रियजनों में अपनी सौम्यता एवं किसी के द्वारा प्रेम किए जाने की भावना उत्पन्न करते हैं। जिस तरह आप उन्हें नहीं भूले हैं, वैसे ही वे भी आपको नहीं भूले हैं। अपने प्रियजनों को प्रेम और सद्भाव के विचार जितनी बार भेजना चाहें, भेजें, परन्तु कम से कम साल में एक बार, सम्भवतः किसी विशेष वर्षगाँठ पर अवश्य। मन ही मन उन्हें कहिए, हम फिर भी कभी मिलेंगे और एक दूसरे से अपना दिव्य प्रेम एवं मित्रता बढ़ाना जारी रखेंगे। अब यदि आप उन्हें अपने प्रेमपूर्ण विचार निरन्तर भेजते रहें, तो कभी आप उन्हें दोबारा अवश्य ही मिलेंगे। आप जान जाएँगे कि यह जीवन अन्त नहीं है, अपितु आपके अपने प्रियजनों से सम्बन्ध की शाश्वत श्रृंखला की एक कड़ी मात्र है। परमात्मा का सागर मेरी आत्मा का नन्हा बुलबुला बन गया है। जीवन में तैरता रहे या मृत्यु में अदृश्य हो जाए, ब्रह्माण्डीय जागरूकता के सागर में मेरे जीवन का बुलबुला मृत्यु को प्राप्त नहीं हो सकता। मैं परमात्मा की अनश्वरता के हृदय में सुरक्षित, अक्षय चेतना हूँ।

फेसबुक वॉल से




X से




## आज का दोहा

**ज्यों अंधेरी रात में, तारों की चमकार।**
**नये साल में आ रहीं, उम्मीदें इस बार॥**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक


आपकी बात

# विश्व ब्रेल दिवस : समावेशिता का उत्सव



प्रो. आरके जैन अरिजीत

दृष्टिहीनता एक ऐसी शारीरिक चुनौती है, जो व्यक्ति के जीवन को कठिनाईयों और संघर्षों से भर देती है। किंतु मानव मन की अदम्य इच्छाशक्ति और सृजनात्मकता ने हमेशा इन बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए इतिहास में ऐसे प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जो आज करोड़ों लोगों के लिए आशा और प्रेरणा का स्त्रोत हैं। ऐसा ही एक उदाहरण है लुई ब्रेल द्वारा विकसित ब्रेल लिपि, जो दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेशिता का सशक्त आधार बनी। प्रत्येक वर्ष 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन लुई ब्रेल के योगदान को स्मरण करने और दृष्टिहीन व्यक्तियों के अधिकारों तथा उनके विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। यह न केवल ब्रेल लिपि के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि समानता और समावेशन के आदर्शों को भी सशक्त करता है। लुई ब्रेल का जन्म 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के एक छोटे और शांत गांव कूप्रे में हुआ। बाल्यकाल से ही लुई एक विलक्षण बुद्धिमत्ता और प्रखर जिज्ञासा के धनी थे। किंतु मात्र तीन वर्ष की अल्प आयु में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना ने उनकी आंखों की रोशनी छीन ली। इस हृदयविदारक घटना ने उनके जीवन को गहरे अंधकार में ढकेल दिया, परंतु उनके अदम्य साहस और अटल निश्चय ने उन्हें निराशा के अंधकार से हारने नहीं दिया। अपने दृढ़ मनोबल के साथ, लुई को पेरिस स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। यहां उन्होंने महसूस किया कि दृष्टिहीनों के लिए उपलब्ध शिक्षण प्रणाली जटिल, असुविधाजनक और उनके लिए सुलभ नहीं थी। इस समस्या ने लुई के मन में एक नई क्रांति का बीज बोया। उन्होंने एक ऐसी सरल और प्रभावी लिपि विकसित करने का संकल्प लिया, जो दृष्टिहीनों के लिए शिक्षा का माध्यम बन सके। केवल 15 वर्ष की किशोरावस्था में, लुई ने अपने अथक प्रयासों से ब्रेल लिपि का आविष्कार किया। यह लिपि उस समय सेना में उपयोग की जाने वाली 'नाइट राइटिंग' नामक स्पर्श आधारित कोड पर आधारित थी। ब्रेल लिपि छह बिंदुओं पर आधारित एक अद्वितीय कोड प्रणाली है, जो दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए शिक्षा, साक्षरता और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनी है। इस प्रणाली में प्रत्येक अक्षर, संख्या, या चिह्न को विशेष बिंदु संयोजनों द्वारा व्यक्त किया जाता है। ये उभरे हुए बिंदु कागज पर ऐसे ढंग से दर्ज किए जाते हैं, जिन्हें उंगलियों के स्पर्श के माध्यम से पढ़ा जा सकता है। यह लिपि न केवल सरल और सहज है, बल्कि अत्यंत प्रभावी भी है। इस प्रणाली की विलक्षणता यह है कि इसके माध्यम से न केवल भाषा और साहित्य, बल्कि गणित, विज्ञान और संगीत जैसे जटिल विषयों को भी समझा जा सकता है। ब्रेल लिपि की यह बहुमुखी प्रतिभा इसे अन्य लिपियों से विशिष्ट बनाती है। इसे दुनियाभर की अनेक भाषाओं में अनुकूलित किया



गया है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाएं भी शामिल हैं। यह लिपि सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के साथ सामंजस्य स्थापित करती है, जिससे दृष्टिहीन व्यक्ति अपनी मातृभाषा में भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ब्रेल लिपि के अध्ययन और लेखन के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जैसे ब्रेल स्लेट और स्टाइलस, जो इसे सुलभ और प्रभावी बनाते हैं। इसके अलावा, आधुनिक युग में डिजिटल ब्रेल डिस्प्ले और ब्रेल प्रिंटर ने इस प्रणाली को और अधिक उपयोगी और सुविधाजनक बना दिया है। तकनीकी प्रगति ने इसे डिजिटल युग के साथ जोड़ते हुए दृष्टिहीनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। ब्रेल लिपि केवल एक लेखन प्रणाली नहीं है, बल्कि यह दृष्टिहीनों के लिए एक जीवन का आधार है। इसने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाते हुए लाखों लोगों को साक्षरता, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया है। इस प्रणाली के माध्यम से दृष्टिहीन व्यक्ति साहित्य, गणित, विज्ञान और संगीत जैसे विषयों का गहन अध्ययन कर सकते हैं। यह न केवल उनके ज्ञान के क्षितिज को विस्तारित करती है, बल्कि उन्हें समाज में समानता और सम्मान का अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करती है। ब्रेल लिपि का योगदान शिक्षा के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। यह रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देती है, जिससे दृष्टिहीन व्यक्ति अपने जीवन के हर पहलू में आत्मनिर्भर बन सकें। यह लिपि उन्हें न केवल उनकी व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने का अवसर देती है, बल्कि समाज में समावेशिता और समानता की भावना को भी सशक्त करती है। भारत में दृष्टिहीनों की आबादी लगभग 50 लाख है, जो वैश्विक दृष्टिहीन जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन व्यक्तियों के जीवन को शिक्षित और सशक्त बनाने में ब्रेल लिपि का योगदान अद्वितीय है। देहरादून स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद विजुअल डिसेबिलिटीज जैसे संस्थान, हर साल लगभग 10,000 दृष्टिहीन व्यक्तियों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। भारत सरकार ने ब्रेल किताबों की मुफ्त उपलब्धता और सरकारी नौकरियों में दृष्टिहीनों के लिए 1% आरक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से उनकी मदद की है। भारत में ब्रेल लिपि को हिंदी, तमिल, बंगाली, मराठी सहित 16 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुकूलित किया गया है, जिससे यह 75% से अधिक दृष्टिहीन आबादी के लिए सुलभ हो गई है। ये प्रयास न केवल उनके शैक्षिक अधिकारों को सशक्त बनाते हैं, बल्कि उनके आत्मनिर्भर जीवन के सपने को भी साकार करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

आरपी सिंह

**प्रयागराज।** महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हो जाएगा। इसलिए महाकुंभ मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष कड़कड़ाती शीतलहर व लगातार गिरते तापमान, सर्दी से कंपकंपी व गलन के बीच विश्व भर से आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों के लिए मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की गई है। ताकि, तीर्थयात्रियों व कुंभ स्नान व वास के लिए आने की योजना बना रहे विश्व भर के लोगों को भी सही जानकारी मिल सकेगी।

इस समय तो उत्तर प्रदेश के ज्यादातर भाग शीतलहर की चपेट में हैं। इसमें प्रयागराज व उससे साढ़े तीन घंटे की दूरी पर काशी तथा अयोध्या भी है। उत्तराखंड के पहाड़ों पर तो बर्फबारी जारी है। इसके चलते सटे राज्य उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान गिर गया है और ठंड बढ़ गई है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय मौसम विभाग ने एक विशेष वेबपेज लांच किया है। यह वेबपेज हर 15 मिनट में मौसम का अपडेट व दिन में दो बार पूर्वानुमान उपलब्ध कराएगा।

राज्य की योगी सरकार ने महाकुंभ क्षेत्र को एक अस्थायी जिला की मान्यता दे दी है। भारतीय मौसम विभाग लखनऊ के निदेशक मनीष रानालकर का कहना है कि कुंभ क्षेत्र में तीन नए स्वचालित मौसम स्टेशन लगाए गए हैं। इन स्टेशनों से हर 15 मिनट में मौसम की जानकारी अपडेट की जाएगी। तीर्थयात्रियों के लिए दो डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए गए हैं, जहां मौसम से जुड़ी वास्तविक समय की जानकारी मिलेगी। मालूम हो कि महाकुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालु ठंड व शीतलहर के बीच स्नान व अन्य धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। ऐसे में मौसम की जानकारी उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



● हर 15 मिनट में मिलेगा मौसम का अपडेट व दिन में दो बार पूर्वानुमान

## भारतीय धर्म, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है अखाड़ा

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अखाड़ा का मतलब लोग पहलवानों के कसरत करने वाली जगह या लड़ाई-जोर आजमाइश की जगह समझते हैं। लेकिन, इसका एक मतलब है हिंदू धर्म में साधु-संतों का एक ऐसा संगठन, जो धार्मिक व शारीरिक अनुशासन का मेल प्रस्तुत करता है। कहा जाता है कि इसकी परंपरा की शुरुआत 8वीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने की थी। उन्होंने उस समय विदेशी आक्रमणकारियों से हिंदू धर्म की रक्षा के लिए योद्धा या लड़ने वालों का वर्ग तैयार करने की जरूरत महसूस की थी।

अखाड़ा प्रणाली भारतीय धर्म, संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। यह धर्म की रक्षा के साथ-साथ समाज को एकजुट करने और मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि, अब इनका भी राजनीतिकरण हो जाने का आरोप लगने लगा है। अखाड़े के संत केवल कुंभ व महाकुंभ जैसे मेले में ही बाहर निकलते हैं। वैसे 'अखाड़ा' का शाब्दिक अर्थ है 'कुश्ती का मैदान'। आदि शंकराचार्य ने इसे एक संगठन के रूप में विकसित किया, जहां साधुओं को शस्त्र और शास्त्र दोनों की शिक्षा दी जाती थी। इन साधुओं का जीवन भौतिक इच्छाओं से मुक्त होता है, जिससे वे धर्म की रक्षा में अपना पूरा योगदान दे सकते थे। शुरू में सिर्फ केवल चार अखाड़े थे।

### अखाड़ा परिषद समन्वय का संगठन

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की स्थापना 1954 में हुई। इसका मुख्य उद्देश्य कुंभ मेले का आयोजन व प्रबंधन करना है। इसके अलावा, परिषद अखाड़ों के बीच समन्वय स्थापित करने और विवादों को सुलझाने का कार्य करती है। परिषद में 13 अखाड़े शामिल हैं, और इसके अध्यक्ष का चुनाव सभी अखाड़ों के सदस्यों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जाता है। अध्यक्ष का कार्यकाल आमतौर पर तीन से छह वर्ष का होता है। अब तो अखाड़ों का मुख्य कार्य समाज में धार्मिक व बौद्धिक नेतृत्व प्रदान करना है। ये धर्म की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

### अखाड़ा प्रणाली

अखाड़ा प्रणाली केवल धर्म की रक्षा तक सीमित नहीं है। यह भारतीय संस्कृति व परंपरा का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। कुंभ मेले में इनकी भूमिका सबसे अहम होती है, जहां इनकी भव्य शोभायात्रा व साधुओं का शाही स्नान देखने के लिए जनता की भीड़ उमड़ती है।

### अखाड़ों की श्रेणियां

1. शैव अखाड़ा - भगवान शिव की पूजा करने वाले।
2. वैष्णव अखाड़ा - भगवान विष्णु व उनके अवतारों की पूजा करने वाले।
3. उदासीन अखाड़ा - 'ॐ' व गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का अनुसरण करने वाले।

### वैष्णव संप्रदाय के हैं 3 अखाड़े

वैष्णव अखाड़े विष्णु भक्ति के प्रतीक हैं। वैष्णव संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े हैं।

1. दिगंबर अखाड़ा : 500 साल पहले अयोध्या में स्थापित।
2. निर्मोही अखाड़ा - 14वीं शताब्दी में रामानंदाचार्य द्वारा स्थापित।
3. निवार्णी अखाड़ा - स्थापना 748 ई. में।

### शैव के हैं 7 अखाड़े

शैव अखाड़े शिव भक्ति के केंद्र माने जाते हैं। शैव संप्रदाय के कुल 7 अखाड़े हैं।

1. जूना अखाड़ा - शैव संप्रदाय का सबसे बड़ा अखाड़ा। इसकी स्थापना 1145 में कर्ण प्रयाग में हुई।
2. आवाहन अखाड़ा - स्थापना 547 ई. में।
3. अग्नि अखाड़ा - इनके इष्ट देव गायत्री हैं।
4. निरंजनी अखाड़ा - 903 ई. में स्थापित, इसके साधुओं की शिक्षा स्तर उच्च है।
5. महानिर्वाणी अखाड़ा - 748 ई. में स्थापित, इष्ट देव कपिल मुनि।
6. आनंद अखाड़ा - स्थापना 856 ई. में।
7. अटल अखाड़ा - 646 ई. में वाराणसी में स्थापित।

### उदासीन संप्रदाय के हैं 3 अखाड़े

उदासीन संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े हैं।

1. उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा - 1825 में हरिद्वार में स्थापित।
2. उदासीन पंचायती नया अखाड़ा - 1846 में हरिद्वार के कनखल में स्थापित।
3. निर्मल अखाड़ा - 1862 में बाबा मेहताब सिंह महाराज द्वारा स्थापित।



● 8वीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने की थी अखाड़ा परंपरा की शुरुआत

# पप्पू यादव के नेतृत्व में सड़क पर उतरे बीपीएससी अभ्यर्थी

## बेगूसराय में एनएच 31 पर पावर हाउस चौक के पास लगाया जाम

एजेंसी। बेगूसराय

बिहार के बेगूसराय में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर युवा शक्ति के छात्र सड़क पर उतर आए हैं। सांसद पप्पू यादव के कहने पर आज बिहार में रेल और सड़क जाम की योजना बनाई गई थी। इसी के तहत बेगूसराय के युवा शक्ति नेता पिंटू कुमार के नेतृत्व में कई छात्र सुबह से ही एनएच 31 पर पहुंचे और पावर हाउस चौक पर जाम लगा दिया। जाम की वजह से एनएच 31 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। छात्रों का आरोप है कि नीतीश सरकार तानाशाह बन गई है और आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। छात्रों की मांग है कि बीपीएससी परीक्षा को रद्द कराया जाए। इस मामले को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। सदर डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस और बड़ी संख्या में पुलिस बल प्रदर्शन स्थल पर मौजूद हैं। युवा नेता पिंटू कुमार ने बताया कि आज राष्ट्रीय नेता पप्पू यादव जी के आह्वान पर पूरे बिहार में बीपीएससी री एग्जाम को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और सड़क जाम किए गए। अगर बीपीएससी परीक्षा का आयोजन नहीं होता है, तो हम इस आंदोलन को और उग्र करेंगे। पप्पू यादव बीपीएससी छात्रों के हित में लगातार संघर्ष कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने पटना में रातभर धरना प्रदर्शन किया। फिलहाल भी, पटना के रोड रोड और रेलवे ट्रैक पर धरना प्रदर्शन जारी है। युवा नेता ने कहा कि बीपीएससी परीक्षा के पुनः आयोजन की मांग को लेकर आज पूरे बिहार में हम लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आप सभी को मालूम है कि एक महीने से बीपीएससी परीक्षा की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है। बिहार के छात्र इस मुद्दे को लेकर सड़क पर हैं।





### नोटिस का जवाब हमने दे दिया, गांधी मैदान में बैठना हमारा अधिकार : प्रशांत किशोर

**पटना।** बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अपने करीब 150 कार्यकर्ताओं के साथ गांधी मैदान में धरने पर बैठे जनसुराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर को पटना जिला प्रशासन ने नोटिस जारी कर गांधी मैदान खाली करने की बात कही है। गांधी मैदान खाली न करने की स्थिति में प्रशासन ने उन पर मुकदमा दर्ज करने की भी चेतावनी दी है। इस पर प्रशांत किशोर ने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी किए गए नोटिस पर जवाब दे दिया गया है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "हमें जो नोटिस प्रशासन से प्राप्त किया था, उसका पहले ही जवाब दे दिया है। गांधी मैदान में सार्वजनिक स्थान पर बैठने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में एनआई कोर्ट का फैसला, सभी 28 दोषियों को उम्रकैद

एजेंसी। लखनऊ

कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में लखनऊ की एनआईए स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को सजा का ऐलान कर दिया है। एनआईए स्पेशल कोर्ट ने चंदन गुप्ता हत्याकांड के सभी 28 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में छह साल बाद फैसला आया है। इससे पहले, गुरुवार को एनआईए स्पेशल कोर्ट ने चंदन गुप्ता हत्या मामले 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था, जबकि दो को बरी कर दिया था। दरअसल, उत्तर प्रदेश के कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 26 जनवरी 2018 की सुबह जब यात्रा निकाली



गई तो चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ था। जैसे ही यह तिरंगा यात्रा कासगंज के तहसील रोड स्थित जीजीआईसी गेट के पास पहुंची तो सलीम, वसीम, नसीम और अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया था। हालांकि, जब चंदन की ओर से जुलूस रोकने पर आपत्ति दर्ज कराई गई तो मौके पर हालात बिगड़ गए और आरोपियों के समूह ने उन पर पथराव कर दिया। यही नहीं, जुलूस के दौरान फायरिंग भी की गई। मुख्य आरोपियों में से एक सलीम ने चंदन गुप्ता पर गोली चलाई थी, जिसके बाद वह घायल हो गया। घटना के बाद चंदन का भाई और अन्य साथी उसे कासगंज थाना लेकर गए थे, जहां से उसे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, मगर गोली लगने के कारण चंदन की मौत हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी वसीम, नसीम, सलीम के साथ 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, कई लोगों को बाद में छोड़ दिया गया था। चंदन के पिता ने करीब छह साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी। इससे पहले आरोपियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसे इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया था।

## सपा सांसद को बड़ा झटका, हाईकोर्ट का एफआईआर रद्द करने से इनकार

एजेंसी। संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हिंसा भड़काने के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को गिरफ्तारी से आंशिक राहत मिली है। हालांकि, उनकी मुश्किलें कम नहीं होंगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सांसद जियाउर्रहमान की एफआईआर रद्द करने की मांग खारिज कर दी है। साथ ही अग्रिम जमानत देने से भी इनकार कर दिया है। इस मामले में शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने बताया कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क सभी एफआईआर रद्द कराने पहुंचे थे। उनका कहना था कि जितने भी एफआईआर दर्ज हुए। यह कई नहीं हो सकते हैं, एक ही एफआईआर होना चाहिए। लेकिन, अदालत ने उनकी एफआईआर रद्दीकरण की प्रार्थना को माना नहीं है। उन्हें जांच के दौरान विवेचक के बुलाने पर जाना पड़ेगा। अगर नहीं गए तो गिरफ्तारी भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि जिन धाराओं में सांसद बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें 7 साल से कम की सजा होती है। इस मामले में पुलिस सांसद बर्क को नोटिस जारी करेगी। पुलिस नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए बुला सकती है। सांसद बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा। इस मामले पर जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस अजहर हुसैन इदरीसी की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई।



## जहरीले कचरे को लेकर पीथमपुर में जबरदस्त बवाल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निपटान के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। हजारों निवासी सड़कों पर उतर आए, जिसके बाद पुलिस को स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में लाठीचार्ज करना पड़ा। हंगामा तब शुरू हुआ जब 1984 की गैस त्रासदी के लिए कुख्यात भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से 337 टन जहरीला कचरा गुरुवार सुबह पीथमपुर की एक औद्योगिक कचरा निपटान इकाई में ले जाया गया। जहरीले कचरे के आगमन से स्थानीय निवासियों में व्यापक गुस्सा फैल गया, जिसके कारण लगभग 1.75 लाख की आबादी वाले शहर पीथमपुर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इसके मद्देनजर इलाके में बंद भी बुलाया गया था।

## जहां मूर्ति, वहां नमाज नहीं, संवाद से निकले विवादित इबादतगाहों का हल : मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

एजेंसी। नई दिल्ली

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने भारतीय समाज में सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल की है। मंच ने देश के मुसलमानों से अपील की है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा राष्ट्रहित में 142 करोड़ लोगों के लिए दिए बयान का सम्मान करते हुए, मुसलमानों को भी बड़ा दिल दिखाते हुए भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि अदालतें सर्वोपरि हैं, लेकिन विवादित धर्मस्थलों पर संवाद के माध्यम से हल निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है, आपसी रंजिशें नहीं रहती हैं। मंच का आह्वान है कि जहां कहीं भी दो पक्षों के बीच अदालत में झगड़ा चल रहा है, वहां दोनों पक्ष आपसी संवाद कर "आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट" करें तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए बेहतर होगा। मंच के राष्ट्रीय संयोजक मंडल ने ऐलान किया कि संवाद के जरिए हिंदुओं की ऐतिहासिक





इबादतगाहों को पुनर्स्थापित करते हुए काशी, मथुरा और सम्भल जैसी जगहों पर बने विवादित ढांचों को हिंदू समुदाय को संवाद के माध्यम से सौंपने का समर्थन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, मंच ने कहा कि ऐसी मस्जिदें जहां किसी कारणवश नमाज नहीं हो रही हो या जो वीरान पड़ी हों, उन मस्जिदों को मुसलमानों को सौंपा जाए ताकि वे उन्हें पुनः स्थापित कर आबाद कर सकें। मंच ने इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि बुतपरस्ती (मूर्ति पूजा) की इजाजत इस्लाम में नहीं है। जिन मस्जिदों में टूटी हुई मूर्तियां पाई गई हैं या जिन स्थानों पर मंदिर होने के ऐतिहासिक, सामाजिक अथवा प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, वहां नमाज पढ़ना इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है और यह नमाज के लिए नापाक जगह है। ऐसी जगह नमाज कबूल नहीं होती। मंच ने कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जा की गई भूमि पर मस्जिद बनाना इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है। 4 जनवरी को लखनऊ में मंच का बड़ा कार्यक्रम है। उससे ठीक पहले शुक्रवार की सुबह लखनऊ की बैठक पर चर्चा और एजेंडा तय करने के लिए मंच की ऑनलाइन बैठक हुई। जिसमें 20 राज्यों और 6 केंद्रशासित प्रदेश मिलाकर 70 स्थानों से मंच की बैठक में लोग जुड़े। बैठक की अध्यक्षता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की, जिसमें देश भर के कई छोटे-बड़े मुस्लिम संगठनों और उनके नेताओं ने शिरकत की। इस ऐतिहासिक बैठक में महिला बुद्धिजीवी ग्रुप, सूफी शाह मलंग संगठन, युवा शिक्षा एवं मदरसा संस्थान, विश्व शांति परिषद, भारत फर्स्ट, हिंदुस्तान फर्स्ट हिंदुस्तानी बेस्ट, गौ सेवा समिति, पर्यावरण एवं जनजीवन सुरक्षा संस्थान, जमीयत हिमायतुल इस्लाम, कश्मीरी तहफ्फुज आर्गेनाइजेशन और कश्मीर सेवा संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, प्रांत संयोजक और सह संयोजकों ने बैठक में भाग लिया और मंच के प्रस्तावों का समर्थन किया। सभी वक्ताओं ने इस्लामिक शिक्षाओं और भाईचारे के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए विवादित इबादतगाहों को हिंदू समुदाय को सौंपने का प्रस्ताव रखा।

## हर व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने को सरकार प्रयत्नशील : सीएम योगी

एजेंसी। गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से प्रयत्नशील है। सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। सीएम योगी शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से बनाए गए नवीन आश्रय गृह (रैन बसेरा) का लोकार्पण करने और गरीबों-असहायों के बीच कंबल व भोजन पैकेट वितरित करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रैन बसेरे के लोकार्पण और यहां उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण शीतलहर में आश्रयविहीन को आश्रय मिल जाए, यह सबसे बड़ा पुण्य है। ट्रांसपोर्ट नगर के रैन बसेरे से पहले शहर में कई आश्रय गृह संचालित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से बचाने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से सभी जिलों को कंबल वितरण के लिए पर्याप्त धनराशि जारी की गई है। हर जिले में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पर्याप्त संख्या में कंबल वितरण हो रहे हैं। इसमें धर्मार्थ संस्थाएं भी आगे आई हैं। यह सबकी जिम्मेदारी होती है कि हम हर जरूरतमंद व्यक्ति की विपत्ति में उसके साथ खड़े रहें। कुछ दिनों तक शीतलहर का यह दौर जारी रह सकता है।





# सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत 185 पर ऑलआउट

स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1, पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट की पहली पारी में 185 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1 है। उस्मान ख्वाजा 2 रन बनाकर आउट हुए। सैम कोंस्टास पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद 7 रन पर नाबाद लौटे हैं। स्टंप्स से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह की युवा ओपनर सैम कोंस्टास से बहस हो गई। इस बहस के तुरंत बाद बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (2 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। ख्वाजा के आउट होने ही अंपायर्स ने दिन का खेल समाप्त कर दिया। भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 26 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 20 रन और विराट कोहली ने 17 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके। मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। पैट कमिंस को 2 विकेट मिले। एक विकेट नाथन लायन के खाते में आया। भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में रोहित शर्मा की जगह जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। रोहित शर्मा को रेस्ट दिया गया है।

## सिडनी टेस्ट के लिए दोनों टीमें

- **भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।
- **ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

## रोहित ने सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर किया

गुरुवार को दिनभर चली मीडिया रिपोर्ट्स को सिडनी टेस्ट में हुए टॉस ने सही साबित कर दिया। जसप्रीत बुमराह ब्लेजर पहनकर भारत से टॉस कराने पहुंचे। यानी कप्तान रोहित शर्मा ने खुद को ड्रॉप कर दिया, वह पांचवां टेस्ट नहीं खेल रहे। उनकी जगह शुभमन गिल को मौका मिला। रोहित का खुद को ड्रॉप करना टीम इंडिया को कितना फायदा पहुंचाएगा; यह तो टेस्ट मैच खत्म होने के बाद ही पता चलेगा। लेकिन क्रिकेट इतिहास में ऐसा कई बार देखने को मिल चुका है।

# 'भयानक निर्णय': सुंदर के आउट होने पर पूर्व क्रिकेटरों ने जताई असहमति



**सिडनी।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नए साल के टेस्ट के पहले दिन भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का आउट होना बहस का विषय बन गया। यह भारत की पहली पारी के दौरान हुआ जब सुंदर को ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर कैच आउट करार दिया गया। मैदानी अंपायर सैकत शरफुद्दौला ने शुरू में सुंदर को नॉट आउट करार दिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू का विकल्प चुना। टीवी अंपायर जोएल विल्सन ने यह निर्धारित करने के लिए रिप्ले का विश्लेषण करने में काफी समय बिताया कि सुंदर ने शॉर्ट-पिच डिलीवरी को ग्लव किया था या नहीं। स्निकोमीटर ने गेंद के सुंदर के ग्लव के पास से गुजरने पर स्पाइक दिखाया, लेकिन विजुअल ने सवाल खड़े कर दिए। एक फ्रेम में ऐसा लगा कि जब गेंद ग्लव के सबसे करीब थी, तो कोई स्पाइक नहीं दिखा, जबकि उसके बाद के फ्रेम में स्पाइक दिखाई दिया। विल्सन ने निष्कर्ष निकाला कि मैदानी निर्णय को पलटने के लिए सबूत पर्याप्त थे। अंतिम फैसला बड़ी स्क्रीन पर दिखा - 'आउट' - और सुंदर स्पष्ट रूप से स्तब्ध थे। उन्होंने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें मैदान छोड़ने का निर्देश दिया गया, जिससे वह 14 रन पर आउट हो गए। इस फैसले पर लोगों ने नाराजगी जताई और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इस फैसले को "भयानक" बताया, और इस पर अविश्वास व्यक्त किया। वॉन ने एक्स पर पोस्ट किया, "यह आउट नहीं हो सकता... यह एक भयानक फैसला है..."



## दिवंगत ससुर का गिफ्ट 'पहन' टेस्ट मैच देखने पहुंचीं नेहा धूपिया



**मुंबई, ।** बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने हाल ही में दिवंगत ससुर महान क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी को श्रद्धांजलि दी। नेहा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दिवंगत ससुर से मिले एक अनमोल उपहार की कहानी साझा की। उन्होंने दो फोटो शेयर की। जिसमें ससुर और क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी की टेस्ट टीम की जर्सी पहनी थी। स्वेटर का ऐतिहासिक और भावनात्मक दोनों तरह का महत्व है। नेहा ने कैप्शन देते हुए लिखा, "इस स्वेटर को पहनने से एक अलग तरह की गर्माहट मिलती है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार दो बार 400 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम पंजाब की



एजेंसी

**अहमदाबाद।** पंजाब एक ही विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में दो बार 400 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बन गई। पंजाब की हालिया बल्लेबाजी ने उन्हें नरेंद्र मोदी स्टेडियम ग्राउंड 'ए' में हैदराबाद के खिलाफ 426/4 का चौंका देने वाला स्कोर बनाने में मदद की। यह टूर्नामेंट में दूसरी बार था जब पंजाब ने 400 रन का आंकड़ा पार किया, इससे पहले प्रतियोगिता में सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने पांच विकेट पर 424 रन बनाए थे। पंजाब की पारी की नींव सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने रखी, जिनकी शानदार शतकीय पारी (137) आक्रामक बल्लेबाजी की मिसाल थी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 20 चौके और तीन छक्के लगाए और हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण को आसानी से ध्वस्त कर दिया। उनकी पारी ने पंजाब को धमाकेदार शुरुआत दिलाई, क्योंकि उन्होंने और अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग विकेट के लिए 196 रनों की विशाल साझेदारी की। प्रभसिमरन ने जहां सुर्खियां बटोरीं, वहीं उनके ओपनिंग पार्टनर अभिषेक ने तेज अर्धशतक (93) के साथ अहम भूमिका निभाई।



"मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया

# ओसाका 2022 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

एजेंसी

**ऑकलैंड ।** पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका शुक्रवार को एएसबी क्लासिक में हैली बैपटिस्ट पर 6-7(2), 6-1, 6-2 से क्वार्टरफाइनल जीत के बाद लगभग तीन साल में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई। ओसाका ने मैच के दौरान दो बार बारिश के व्यवधानों को झेला और 2 घंटे और 2 मिनट के खेल के बाद उभरती अमेरिकी बैपटिस्ट को बाहर कर दिया। जापानी खिलाड़ी ने 12 महीने पहले मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अपने पहले टूर-लेवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार जब वह डब्ल्यूटीए इवेंट में अंतिम चार या उससे बेहतर स्थान पर पहुंची थी, तो वह 2022 मियामी में उपविजेता रही थी, जहां वह इगा स्वीयाटेक से हार गई थी। उसने पिछले साल दो क्वार्टरफाइनल (दोहा और 'एस -हेरटोगेनबॉश) में जगह बनाई थी। ओसाका ने जीत के बाद कोर्ट पर कहा, "मुझे लगता है कि मेरा मुख्य ध्यान सिर्फ खुद पर बहुत अधिक विश्वास और आत्मविश्वास रखने पर था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया, मुझे लगता है कि मैं बस कोशिश करना जारी रखूंगी, मुझे लगता है, जितना हो सके उतना प्रयास करूंगी और देखूंगी कि यह मुझे कहां ले जाता है। ओसाका ने अंतिम सेट में अपना दबदबा जारी रखा, जिसमें दिन का उनका 10वां और अंतिम ऐस उनके पहले मैच प्वाइंट पर पहुंचा।

# केकेएफआई ने पहले खो खो विश्व कप के लिए ट्रॉफी और शुभंकर का किया अनावरण


एजेंसी

**नई दिल्ली।** खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने शुक्रवार को 13-19 जनवरी को होने वाले पहले खो खो विश्व कप के लिए ट्रॉफी का अनावरण किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के तत्वावधान में, इस टूर्नामेंट में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में छह महाद्वीपों के 24 देशों की 21 पुरुष और 20 महिला टीमें हिस्सा लेंगी। विश्व कप में दो ट्रॉफी होंगी - पुरुषों की चैंपियनशिप के लिए एक नीली ट्रॉफी और महिलाओं की स्पर्धा के लिए एक हरी ट्रॉफी। दोनों ट्रॉफी अपने समकालीन डिजाइन के माध्यम से खो खो की भावना को दर्शाती हैं, जिसमें घुमावदार वक्र और सुनहरे आंकड़े हैं। नीली ट्रॉफी विश्वास, दृढ़ संकल्प और सार्वभौमिक अपील का प्रतीक है, जबकि हरी ट्रॉफी विकास और जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। दोनों ही टुकड़ों में जटिल क्रिस्टल डिटेलिंग है जो प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर अपेक्षित सटीकता और उत्कृष्टता का प्रतीक है।



## भारत में व्हाइट कॉलर भर्तियां 9 प्रतिशत बढ़ीं

# सबसे अधिक एआई और एमएल की मांग : रिपोर्ट




● चेन्नई और बेंगलुरु में भर्तियों में क्रमशः 35 और 21 % का उछाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** व्हाइट कॉलर भर्तियों में दिसंबर 2024 में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसमें उच्च-कौशल और रणनीतिक रूप से महत्व रखने वाली नौकरियों में भर्तियां अधिक रही हैं। नौकरी जॉबस्पीक के मुताबिक, दिसंबर 2024 में इंडेक्स बढ़कर 2,651 अंक हो गया है। इसमें सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की मजबूत बढ़त देखने को मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने में हुई व्हाइट कॉलर भर्तियों में एआई/एमएल (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग) में 36 प्रतिशत, ऑयल एवं गैस में 13 प्रतिशत, एफएमसीजी में 12 प्रतिशत और हेल्थकेयर में 12 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि फ्रेशर की भर्तियों में पूरे वर्ष 2024 के दौरान नरमी देखी गई, लेकिन दिसंबर 2024 में इसमें 6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इस दौरान फ्रेशर्स की भर्तियों में डिजाइन सेक्टर में 39 प्रतिशत, ब्यूटी और वेलनेस में 26 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 19 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष मेट्रो शहरों में साल के अंत में भर्तियों में 10 प्रतिशत का उछाल देखा गया है।रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिण भारत का प्रदर्शन दिसंबर 2024 में भी मजबूत रहा है और व्हाइट कॉलर नौकरियों को बढ़ाने में इसका बड़ा योगदान रहा है। चेन्नई और बेंगलुरु में भर्तियों में क्रमशः 35 प्रतिशत और 21 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। कोयंबटूर में फ्रेशर्स की भर्तियों में 14 प्रतिशत और हैदराबाद में भर्तियों में 15 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) द्वारा भर्तियों में 52 प्रतिशत की बढ़त हुई है। नौकरीडॉटकॉम के चीफ बिजनेस ऑफिसर, पवन गोयल ने कहा कि भारत का जॉब मार्केट 2025 में जोश के साथ प्रवेश कर रहा है और यह एआई/एमएल (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग) विकास और रचनात्मक क्षेत्रों द्वारा संचालित है। नए लोगों की भर्ती और सी-सूट भूमिकाओं में तेजी वृद्धि से पता चलता है कि हम अधिक गतिशील परिदृश्य में बदल रहे हैं। एफएमसीजी जैसे पारंपरिक क्षेत्र इस विकास को अपना रहे हैं, जिसमें रणनीतिक विशेषज्ञता के साथ नई प्रतिभाओं को जोड़ा जा रहा है।

# 2025 में भारत कृषि निर्यात में शानदार तेजी के लिए तैयार



● देश का कृषि क्षेत्र 42 प्रतिशत आबादी को देता है रोजगार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2025 में अपने कृषि निर्यात क्षेत्र में शानदार वृद्धि दर्ज करवाने की मजबूत स्थिति में है। यह तेजी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, तकनीकी प्रगति और निर्यात को बढ़ावा देने की पहल पर सरकार के फोकस की वजह से देखी गई है। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) भारतीय किसानों, विशेष रूप से छोटे किसानों की आर्थिक भलाई में सुधार के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरे हैं। संसाधनों को इकट्ठा कर, एफपीओ किसानों को कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण इनपुट तक पहुंच प्रदान करते हैं और बाजार तक पहुंच को सुविधाजनक बनाते हैं। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस में खाद्य और कृषि के प्रैक्टिस लीडर अक्षत गुप्ता ने कहा, एफपीओ मॉडल के सबसे सफल उदाहरणों में से एक डेयरी सहकारी अमूल है, जिसने लाखों छोटे किसानों को उचित मूल्य और विशाल बाजार नेटवर्क तक पहुंच प्रदान कर सशक्त बनाया है। भारत का कृषि क्षेत्र इसकी अर्थव्यवस्था का आधार बना हुआ है, जो लगभग 42 प्रतिशत आबादी को रोजगार देता है। सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 18 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के अनुसार, मेगा फूड पार्कों की स्थापना और कोल्ड चेन में निवेश के साथ, भारत फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम कर सकता है और अपने उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ा सकता है, जिससे उसे उच्च मूल्य वाले अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। कृषि निर्यात के विस्तार में ऑस्ट्रेलिया की सफलता काफी हद तक फार्म एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन प्रोग्राम (एफईएफपी) के कारण है, जो लॉजिस्टिक्स में सुधार करता है। साथ ही, निर्यात केंद्र स्थापित करता है और बेहतर व्यापार समझौतों के माध्यम से बाजार तक पहुंच बढ़ाता है।

प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस में खाद्य और कृषि के प्रबंध भागीदार मधुर सिंघल ने कहा, नियमों को सुव्यवस्थित करने और इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करने के साथ ऑस्ट्रेलिया ने निर्यात को काफी बढ़ावा दिया है। भारत इस मॉडल को अपना सकता है, विनियामक बाधाओं को दूर कर सकता है और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट प्रदान कर सकता है।

वैल्यू-एडेड टेक्नोलॉजी में निवेश निर्यात राजस्व में काफी वृद्धि कर सकता है। उदाहरण के लिए, कच्चे दूध को पाउडर, मट्ठा प्रोटीन और पनीर जैसे उत्पादों में बदलने से आकर्षक अंतरराष्ट्रीय बाजार खुलते हैं। न्यूजीलैंड जैसे देशों ने मिल्क-प्रॉसेसिंग टेक्नोलॉजी में निवेश कर डेयरी निर्यात में सफलतापूर्वक विविधता लाए हैं। इसी तरह, भारत हाई-वैल्यू फसलों जैसे फलों से जूस, मसालों से एसेंशियल ऑयल, डेयरी से पाउडर और चीज प्रॉसेस करने पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकता है, जिससे विशिष्ट निर्यात बाजारों को पूरा किया जा सके। भारत की कृषि प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाने में निजी कंपनियों की अहम भूमिका है। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में निवेश के माध्यम से, कई नई पहल की जा सकती है, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि किसान उपज को अनुकूलित करें और लागत और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करें।

# सेंसेक्स 720.60 और निफ्टी 183.90 अंक गिरा

आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में हुई भारी बिकवाली

एजेंसी

**मुंबई।** नए साल की शानदार शुरुआत के बाद शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला थम गया। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 720.60 अंक या 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,223.11 पर बंद हुआ और निफ्टी 183.90 अंक या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,004.75 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 616.75 अंक या 1.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,988.8 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 177.15 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,931.05 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 46.65 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,033.70 पर बंद हुआ।

बाजार के जानकारों के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई, जो मुख्य रूप से आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थकेयर और बैंकिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नुकसान के कारण हुई। उन्होंने कहा, आगामी तिमाही के लिए संभावित आय वृद्धि के बारे में पहले की आशावादिता के बावजूद, हाल के आर्थिक संकेतकों ने उम्मीदों को कम कर दिया है, जिससे बाजार में अस्थिरता बढ़ रही है, क्योंकि निवेशक नए साल में सतर्क बने हुए हैं।

# ऑडी इंडिया ने 2024 में बेची 5816 कार

## भारत में पूरा हुआ 1 लाख यूनिट का आंकड़ा




एजेंसी

**मुंबई।** जर्मन लग्जरी कार निमार्ता ऑडी ने जानकारी दी कि कंपनी ने इस साल भारत में 5,816 कार बेची। चौथी तिमाही में कंपनी ने 1,927 रिटेल यूनिट की बिक्री की। इसी के साथ ऑटो मेकर ने अब तक देश में 1,00,000 यूनिट बेचने का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने बताया कि ब्रांड के प्री-ओन्ड कार बिजनेस 'ऑडी अप्रूव्ड : प्लस' ने पिछले साल की तुलना में 2024 में 32 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, वर्ष 2024 की पहली छमाही ऑडी इंडिया के लिए आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियां लेकर आई, फिर भी हमारे उत्पादों की निरंतर मांग हमारे ग्राहकों के ब्रांड पर अटूट विश्वास को दर्शाती है। वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में सप्लाई में सुधार के साथ, पिछली तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में वॉल्यूम में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

ढिल्लों ने बताया, इस साल भारत में 1,00,000 कारों की बिक्री के साथ एक बड़ी उपलब्धि भी दर्ज की गई। नई ऑडी क्यू8 और ऑडी क्यू7 की शुरुआत के साथ-साथ एक मजबूत पोर्टफोलियो के साथ, हम चौथी तिमाही में मजबूती से साल का समापन कर रहे हैं और उम्मीद है कि आगे भी बिक्री बढ़ेगी। ऑटोमेकर ने गुवाहाटी में उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अपने सबसे बड़े लग्जरी यूज्ड कार शोरूम का उद्घाटन किया।

### बच्चों को अधिकार व कर्तव्य की दी गई जानकारी

**चतरा।** शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत बीएमपी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलभी जुलकर नैन ने बच्चों को शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, बच्चों के यौन अपराध से बचाव तथा बच्चों से संबंधित कानून की जानकारी देने के साथ बाल विवाह मुक्त भारत का संदेश दिया। पीएलभी ने बताया कि शिक्षा के अधिकार को संविधान द्वारा मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। बाल विवाह से संबंधित कानूनों एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम से छात्रों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गंधरिया पंचायत की पीएलवी रेणु कुमारी, बीएमपी स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार के अलाव अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक

# 16783 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की मिली स्वीकृति




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति की स्वीकृति व अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन व अनुश्रवण समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्राथमिक, मध्य व उच्च (वर्ग 1 से 10) के कुल 16783 छात्र-छात्राओं का सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला के सभी सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश उपस्थित थे।

### बीडीओ पर पथराव मामले में सात पर प्राथमिकि दर्ज

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बड़ाकर नदी के सोकी घाट पर बीडीओ पर पथराव मामला में सात पर मुकदमा दर्ज किया गया। पथराव में अंचलाधिकारी ने अपने सूझ बूझ से किसी प्रकार अपने कर्मियों को लेकर सुरक्षित निकले थे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। पथराव मामला में सात लोगों को चिन्हित किया गया। अंचलाधिकारी ने हजारीबाग जिला के पदमा थाना क्षेत्र के पिंडारकोन गांव के विकास महतो उर्फ विक्की महतो,उदय महतो, राजू महतो, करर गांव के सकलदेव महतो पिता का नाम बालेश्वर महतो,प्रभु मेहता, सकलदेव महतो पिता प्रयाग महतो,सहदेव महतो के विरुद्ध मयूरहंड थाना में आवेदन दिया।

## भाजयुमो नेता ने ज्ञापन देकर होल्डिंग टैक्स वसूली में राहत देने की मांग किया




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री के नाम ज्ञापन नगर पंचायत कार्यपालक में शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी को सौंपा । इसमें नगर विकास मंत्री से हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों को होल्डिंग टैक्स वसूली में राहत देने तथा विलंब शुल्क माफ करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि हरिहरगंज में नगर पंचायत का अभी तक चुनाव नहीं हुआ है। वहीं महज पिछले 6 माह से नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न कार्य किया जा रहा है। इससे पहले नगर वासियों को नगर का कोई भी लाभ नहीं मिल रहा था। इसे लेकर नागरिकों द्वारा कई बार प्रदर्शन भी किया गया था। जबकि नगर पंचायत कार्यालय द्वारा होल्डिंग टैक्स बकायेदारों पर कार्रवाई करने की नोटिस दी जा रही है,जो उचित नहीं है। उन्होंने नगर विकास मंत्री से नगर पंचायत क्षेत्र वासियों के हीत में निर्णय लेने का आग्रह किया है। साथ ही नगर पंचायत के योग्य नागरिकों के बीच ठंड को देखते हुए जल्द कंबल मुहैया कराने की मांग की है। मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी सहित कई कर्मी मौजूद थें। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिलेश मेहता, संजय जायसवाल, मृत्युंजय सिंह, शंभू यादव, कृष्णा साव, विजय प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, गोपाल प्रसाद, दिनेश पासवान, अभय कुमार का नाम शामिल है।

## आदिवासी महासभा ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनायी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार ने की। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला सदस्य मुद्रिका बैगा ने कहा 3 जनवरी को आदिवासियों के भाग्य विधाता, आदिवासी आइकन, सच्चे मसीहा जयपाल सिंह मुंडा की जन्मदिवस है। भारतीय संविधान में आदिवासी जीवन दर्शन, कला, संस्कृति, परंपरा ,जल जंगल जमीन आदि को पांचवी और छठवीं अनुसूची में शिल्पकार ने लिखा, संरक्षित किया उसका नाम है जयपाल सिंह मुंडा। जंगलों, पहाड़ों व बीहड़ों निवासरत आदिवासी के बच्चों के लिए खोले गए आवासीय आश्रम व छात्रावास जयपाल सिंह मुंडा की देन है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सदस्य कविता सिंह ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 3 जनवरी 1903 में हुआ था। यह भारतीय आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता थे। वह जाने माने राजनीतिक, पत्रकार, लेखक ,संपादक, शिक्षाविद थे। उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर के ही आदिवासियों के हक अधिकार को बचाया जा सकता है। मौके पर अजय सिंह खरवार, मुद्रिका बैगा ,राजाराम सिंह, रामेश्वर सिंह, कविता सिंह, वंशीधर सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रंजीत सिंह, सत्यनारायण सिंह इत्यादि थे।

### अलाव की व्यस्था व कंबल वितरण की मांग

**मोहम्मदगंज।** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने वृद्ध, असहाय और लाचारों के बीच कंबल वितरण की मांग करते हुए कड़ाके की ठंड के बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर से इसका वितरण नहीं कराने पर आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनहीनता बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें विलंब करना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने अलाव की भी व्यस्था नहीं करने पर भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले ही वृद्ध, असहाय और लाचारों में कंबल और चौक-चौराहे पर अलाव की व्यस्था की जानी चाहिए थी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निक्षय पोषण योजना का शुभारंभ

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल परियोजना प्रबंधन व सिनी संस्था के संयुक्त पहल से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा के सभागार में निक्षय पोषण योजना का विधिवत शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार की मौजूदगी में हुई। वहां 20 इलाजरत यक्ष्मा रोगियों को पोषाहार पैकेट दिया गया। जानकारी देते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ. कुमार ने बताया कि यक्ष्मा नियंत्रण के लिए पीड़ित मरीजों को विशेष देखभाल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण व उचित खुराक के साथ पोषाहार लेना अति आवश्यक है। साथ ही वजन, बलगम और हीमोग्लोबिन आम लोगों को भी जांच करानी चाहिए। बता दें कि परियोजना से प्रभावित प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायतों का चयन किया गया है, जहां स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। मौके पर बीपीएम उदय तिवारी,एसटीएस सुधांशु कुमार,बीडीएम दीपेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार, सुरेन्द्र कुमार,एसटीएलएस अख्तर हुसैन, सीनी संस्था से ओमप्रकाश शर्मा, मुंतजिर, अमरजीत समेत यक्ष्मा मरीज व उनके परिजन मौजूद थे।

### टोरी में माकपा का कफन सत्याग्रह आज

**चंदवा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का टोरी जंक्शन के रेलवे क्रॉसिंग के समीप 4 जनवरी को होने वाले कफन सत्याग्रह की तैयारी पूरी कर ली गई। माकपा नेता अयूब खान ने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग के जाम की समस्या पर एनएचएआई व रेलवे समेत सरकार का ध्यान नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने राजस्व की चिंता है। आवागमन में ग्रामीणों को हो रही परेशानी उन्हें अगर दिखाई देती तो आज आरओबी का निर्माण कार्य शुरू होकर कंप्लीट हो जाता।

## रणपुरी डैम में मछली पालन विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हुआ, थाना परिसर में हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना अंतर्गत ग्राम सोहगड़ा के रणपुरी डैम में मछली पालन को लेकर पिछले तीन वर्षों से चल रहे विवाद का समाधान शुक्रवार को हो गया। इस विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से जिला मत्स्य पदाधिकारी की अध्यक्षता में लेस्लीगंज थाना परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने की। बैठक में दोनों पक्षों को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं और मतभेद जिला मत्स्य पदाधिकारी के समक्ष रखी। चर्चा के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को समाप्त करने पर सहमति जतायी। बैठक पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और उपस्थित सभी सदस्यों ने समाधान के लिए जिला प्रशासन और थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के प्रयासों की सराहना की। साथ ही समझौते के तहत दोनों पक्षों ने निर्णय लिया कि रणपुरी डैम में मछली पालन का कार्य साझा रूप से किया जाएगा। जिससे किसी एक पक्ष को विशेषाधिकार न मिल सके। इसके अलावा, मछली पालन के लिए समय-समय पर दोनों पक्ष आपसी सामंजस्य स्थापित करेंगे। विवाद से संबंधित किसी भी नई समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की निगरानी में बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि रणपुरी डैम में मछली पालन सरकारी नियमों और प्रावधानों के तहत किया जाएगा। उन्होंने दोनों पक्षों को आगाह किया कि भविष्य में विवाद बढ़ाने की कोशिश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि इस समझौते से मछली पालन में नई संभावनाओं का विकास होगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मौके पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी, स्थानीय जन प्रतिनिधि और दोनों पक्षों के लोग सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। सभी लोगों ने शांतिपूर्ण समाधान में सहयोग के साथ विवाद समाप्त होने पर खुशी जताई।

## चंदवा पुलिस ने पोस्ता की फसल को किया नष्ट

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के तोड़ार के समीप छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने लगभग 8 से10 एकड़ भूमि पर लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि हुटाप के तोड़ार में अवैध रूप से पोषता की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर लगभग 8 से 10 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की मदद से नष्ट कर दिया गया है।

## प्रशासन ने आदिम जनजातियों के बीच राशन बांटा



● **ग्रामीणों ने की खराब चावल की शिकायत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** जिला के गारू प्रखंड के बारीबांध गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने डाकिया योजना के तहत आदिम जनजाति परिवारों को एक माह का राशन वितरित किया। हालांकि, ग्रामीणों ने राशन की गुणवत्ता और वितरण में अनियमितताओं को लेकर नाराजगी जताई। गांव के आदिम जनजाति परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें नवंबर और दिसंबर माह का राशन नहीं मिला, जिससे भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को इस बारे में शिकायत भेजी थी। शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया और आज से राशन वितरण शुरू कराया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें मिली चावल की गुणवत्ता बेहद खराब थी और वितरण में पारदर्शिता की कमी थी। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की डाकिया योजना के तहत उनके घर-घर राशन पहुंचाने का प्रावधान है, लेकिन यह योजना सही तरीके से लागू नहीं हो रही है। समय पर राशन न मिलने और घटिया गुणवत्ता के कारण आदिम जनजाति परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राशन वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और चावल की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। साथ ही उन्होंने दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर प्रशासन का कहना है कि शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### बीडीओ ने पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड सभागार में बीडीओ कलिंदर साहू ने सभी पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मियों के साथ समिक्षा बैठक की। बीडीओ ने पंचायत वार अबुआ आवास, आंबेडकर आवास, प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन, 15वें वित, मनरेगा से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए पंचायत सचिव को निर्देश दिया की अबुआ आवास के अलावे अन्य योजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। साथ ही बीडीओ ने कहा कि मनरेगा द्वारा संचालित योजना बिरसा कूप, आम बागवानी, खेल मैदान अन्य सभी पंचायत में संचालित पुराने योजनाओं का रिकॉर्ड तंदुरुस्त करने के साथ अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। बीपीओ राजेश्वर कुमार ने कहा कि मनरेगा योजना इसीबी, डोभा व अन्य योजनाएं 10 जनवरी से प्रशासनिक स्वीकृति दी जाएगी। बैठक में पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, मोहम्मद असलम, सुरेश साहू, जई मनोज कुमार, 15वें वित्त के जई भवानी प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर राजन कुमार, रोजगार सेवक टेकनरायण राम, जितेंद सिंह, पुनकेश सिंह व मनरेगा कर्मी आदि उपस्थित थे।

## मुखिया से सिंदरी से चिलोय तक पक्की सड़क बनाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा )।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण करने का मांग किया है। खुटवालिया,सिंदरी, कोयता, उलवार, रजवार, टटेज, इचाक, रगनीतरी, समेत अन्य गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग पंचायत क्षेत्र के मुखिया भरत यादव के पास रखी। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए पक्की सड़क नहीं रहने के कारण पहुंचने के लिए दूसरे मार्ग होते हुए नवादा पंचायत मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है, जो लगभग 30 किलोमीटर के आसपास है। उक्त सड़क यदि बन जाती तो पंचायत मुख्यालय की दूरी मात्र 5 से10 किलोमीटर के आसपास होगी। जिला मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए उक्त गांव के लोगों को लगभग 20 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। साथ ही शाहपुर, मेदवाडीह, इचातु समेत अन्य कई गांवों को भी जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। मुखिया भरत यादव ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताया। कहा कि इन ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए आजादी के बाद से अब तक पक्की सड़क नसीब नहीं हुआ। इस कारण इन सभी ग्रामीणों को विषम परिस्थितियों में भी काफी कठिनाईययों का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया ने कहा कि वर्तमान सांसद व विधायक के साथ चतरा उपायुक्त के समक्ष उक्त समस्या को रखकर समाधान करने का पहल किया जाएगा।

### प्रखंड प्रमुख ने जिला प्रशासन से कंबल वितरण कराने की मांग की

**मनिका।** असहाय लोगों के बीच मनिका प्रखंड में साल बीत जाने के बाद भी अब तक कंबल का वितरण नही हो पाया है। बताते चले कि जिला में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही। ठंड व बढ़ते शीतलहर को देखते हुए प्रखंड प्रशासन द्वारा बीते माह अलाव की व्यवस्था चौक-चौराहों पर की गई थी। कंबल का वितरण नहीं हो पाया। ग्रामीण क्षेत्र में ठंड व शीतलहर को देखते हुए प्रत्येक वर्ष जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में असहाय, बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया जाता रहा है। इससे लोगों को ठंड से काफी राहत मिलती थी। इस वर्ष अब तक असहाय व बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण नहीं हो पाया है। मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने बढ़ते ठंड व शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन से अविलंब असहाय गरीब बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण कराने की मांग की है।

## पेज एक के शेष

### सतबरवा में घने...

निवासी की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गई। टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण पवन विश्वकर्मा, नारायण मेहता, अजीत पांडेय, अरविंद विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग घटना स्तर पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सतबरवा पुलिस की मदद से नवजीवन हॉस्पीटल तुंबागड़ा में भर्ती कराया। ट्रक ड्राइवर टक्कर के बाद कुछ देर तक ट्रक में ही फंसा रहा। बाद में ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से ट्रक से बाहर निकल कर इलाज के लिए नवजीवन हॉस्पीटल में भर्ती कराया।

### पीएलएफआइ के 3...

उसके खिलाफ तोरपा थाने में चार मामले दर्ज हैं, जबकि जरियागढ़ थाने में भी एक मामला दर्ज है। कमलेश कुमार के खिलाफ भी जरियागढ़ थाने में उग्रवादी गतिविधियां को लेकर एक मामला दर्ज है। पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ के थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल, कमडारा के थाना प्रभारी शशि कुमार, कमडारा थाना के एसआई नीरज कुमार, जरियागढ़ थाना के एसआई मनीष कुमार के अलावा सशस्त्र बल शामिल थे।

### सीएम हेमंत को...

उल्लेखनीय है कि इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही वह उपस्थित हुए थे।

### उचित मुआवजा दिए...

लेकिन संविधान के अनुच्छेद 300-ए के मुताबिक यह एक संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को बिना उचित मुआवजे के उसे उसकी जमीन से बेदखल नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने यह फैसला दो दशक पहले बेंगलुरु मैसूर इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए अपनी जमीन देने वाले लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जमीन मालिक न केवल मुआवजे से वंचित रहे, बल्कि उन्हें करीब 22 साल तक अपने वाजिब हक के लिए अदालतों के चक्कर काटने पड़े। इसलिए मुआवजे की रकम तब से तय नहीं की जा सकती, जब से अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुई थी।


### देश में 12...

वित्त वर्ष 24 में 4.86 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 4.09 प्रतिशत रहा है। यह वित्त वर्ष 23 के ग्रामीण गरीबी के 7.2 प्रतिशत और शहरी गरीबी के 4.6 प्रतिशत के अनुमान से भी काफी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है, यह संभव है कि 2021 की जनगणना पूरी होने और नई ग्रामीण-शहरी जनसंख्या हिस्सेदारी प्रकाशित होने के बाद इन संख्याओं में मामूली संशोधन हो सकता है। हमारा मानना है कि शहरी गरीबी में और भी कमी आ सकती है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) का अंतर अब 69.7 प्रतिशत है, जो 2009-10 के 88.2 प्रतिशत से काफी कम है। यह मुख्य रूप से सरकारी योजनाओं जैसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण आजीविका में अधिक सुधार के कारण संभव हुआ है।

**परेशानी**

### स्वास्थ्य सुविधा और चिकित्सक विहीन हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

# सीएचओ चला रहे हैं स्वास्थ्य केंद्र







**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** 13 वर्ष पूर्व करोडों रुपए की लागत से बना करचा स्थित सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र जिस उद्देश्य से बना था वह आज भी नहीं पूरा हो पा रहा है। इससे इस प्रखंड के गरीब-मजदूर और मध्यम वर्ग के लोग स्वास्थ्य सुविधा के मौलिक अधिकार से आज भी वंचित हैं। बेहतर ईलाज के आभाव में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता। जिंदगी बचाने के प्रयास में जमा पूंजी है उसे भी गवां दें रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति दिन प्रतिदिन सुधरने के जगह और खराब होते जा रही है। इस केंद्र में चिकित्स्कों की कमी का मामला दैनिक 'राष्ट्रिय नवीन मेल' लगातार उठाता रहा है, लेकिन इस केंद्र को आज भी सीएचओ ही चला रहे हैं। आपातकालीन सेवा के लिए एक आयुष चिकित्सक आते हैं। इस केंद्र में कभी उपचार के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती थी, वहां आज कुछ लोग ही इलाज कराने आते हैं। इस केंद्र में चिकित्सक की उपस्थिति नहीं होने के कारण लोग ईलाज के लिए नहीं जाते। चिकित्सक की कमी के अलावा ग्रामीणों को मिलने वाले अन्य चिकित्सीय सुविधा की स्थिति भी दयनीय हैं। इस केंद्र के पैथोलॉजिस्ट अरुण कुमार ने केंद्र में होने वाले जांच के बारे में बताया कि अपवाद स्वरूप कुछ जांच को छोड़ सभी प्रकार का जांच इस केंद्र में होता है। जिनके पास राशन कार्ड हैं उन्हें निःशुल्क ईलाज किया जाता और जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं उन्हें भी निजी जांच घर से आधे शुल्क पर जांच किया जाता। केंद्र में सैंपल लिया जाता है और जांच गढ़वा मेडाल लैब में किया जाता है, जिस कारण जांच रिपोर्ट आने में एक-दो दिन का समय लग जाता है। केंद्र पर जांच उपकरण नहीं है। यदि इस केंद्र में भी जांच की सभी सुविधाएं होती तो इस क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वाथ्य सुविधा मिलता। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा इस केंद्र में चिकित्सक की मांग हमेशा की जाती रही है, लेकिन यह मांग केवल मांग ही रह जा रहा है। इस समस्या की तरफ जनप्रतिनिधियों का भी ध्यान नहीं हैं, जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीण लोग स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार से आज भी वंचित हैं। इतना ही नहीं इस प्रखंड में एक भी एमबीबीएस चिकित्सक नहीं हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य सुविधा 21वीं सदी में भी अकुशल चिकित्स्कों के सहारे होता है।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 69 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 69 में से 61 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव व मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत और सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदनों के जांच व सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज समेंत अन्य कई संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



कृषि क्षेत्र में 19, तो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई

### केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने मोदी सरकार के कार्यकाल में रोजगार सृजन पर कहा

# पिछले 10 वर्षों में 17.19 करोड़ नौकरियां हुईं हैं सृजित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में रोजगार वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ से 36 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ हो गया है, जो कि एनडीए कार्यकाल के दौरान रोजगार सृजन में सुधार को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए शुक्रवार को कहा कि यूपीए के कार्यकाल के दौरान भारत में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा हुईं। वहीं, मोदी सरकार के तहत, वर्ष 2014-24 के बीच 10 वर्षों में 17.19 करोड़ नौकरियां सृजित हुईं। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार का सृजन हुआ।

**बीते साल ईपीएफओ से करीब 7.50 लाख नए सदस्य जुड़े**

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) वर्ष 2017-18 में 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 60.1 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से अक्टूबर में 13.41 लाख सदस्य जुड़े हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते साल अक्टूबर में ईपीएफओ से करीब 7.50 लाख नए सदस्य जुड़े, जिनमें से 58.49 प्रतिशत 18-25 आयु वर्ग के थे। युवा आयु वर्ग की कुल संख्या 5.43 लाख है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से 2023 के बीच कृषि क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं यूपीए के कार्यकाल में 2004 से 2014 के बीच कृषि क्षेत्र में 16 प्रतिशत की गिरावट आई। वर्ष 2014 से 2023 के बीच मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि यूपीए के कार्यकाल में 2004 से 2014 के बीच इस क्षेत्र में केवल 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2014-2023 के बीच सर्विस सेक्टर में रोजगार में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि यूपीए के कार्यकाल में वर्ष 2004 से 2014 के बीच इस क्षेत्र में यह वृद्धि 25 प्रतिशत रही थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि बेरोजगारी दर वर्ष 2017-18 में 6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई है। वहीं, रोजगार दर (डब्ल्यूपीआर) वर्ष 2017-18 में 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत हो गई है।

## वित्त वर्ष 2023-24 में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार का हुआ सृजन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए। आधिकारिक आंकड़ों की मानें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में रोजगार सृजन की रफ्तार बरकार रही। ये आंकड़े बताते हैं कि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में रोजगार सृजन की रफ्तार जारी रही। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान भारत के असंगठित क्षेत्र में कुल अनुमानित रोजगार में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों (ब्रॉड सेक्टर) में, अन्य सेवाओं (अदर सर्विस) में प्रतिष्ठानों ने अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच 12 करोड़ से अधिक अतिरिक्त श्रमिकों को रोजगार दिया। यह वर्ष 2022-23 से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों की वृद्धि और मजबूत श्रम बाजार वृद्धि को दर्शाता है। व्यापक गतिविधियों में, 'अन्य सेवा' क्षेत्र ने 17.86 प्रतिशत की उच्चतम वार्षिक वृद्धि दिखाई, इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 10.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसी तरह, औपचारिक क्षेत्र में वृद्धि जारी रही है। यह क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता वाली नौकरियां प्रदान करता है। नवंबर में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नए सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है।

### प्रधानमंत्री का दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल पर तंज, कहा

# मैं भी 'शीश महल' बनवा सकता था

**नई दिल्ली (हि.स.)**



पीएम मोदी ने कहा

- 4 करोड़ लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए
- बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी 'आप-दा' से घिरी है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने 'आप' सरकार को 'आप-दा' की संज्ञा देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों से राष्ट्रीय राजधानी आपदा से घिरी हुई है। उन्होंने दिल्लीवालों से इसे बदलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री अशोक विहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए बनवाए गए स्वाभिमान अपार्टमेंट में 1,675 फ्लैट की चाबी लाभार्थियों को सौंपने के बाद रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया। इसमें जेजे क्लस्टर के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैट, स्कूल और कॉलेजों से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अच्छी तरह जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। मैं भी अपने लिए शीश महल बनवा सकता था, लेकिन पिछले 10 सालों में मैंने 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री ने झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वालों से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि स्वाभिमान अपार्टमेंट गरीबों के स्वाभिमान को बढ़ाने वाला है। उनका कहा कि झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वाले भले ही दिल्ली के अलग-अलग स्थानों के हैं, लेकिन वे सभी मोदी का परिवार हैं। 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्ना हजारे को आगे रखकर कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आपदा' की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली पर एक 'आप-दा' की तरह आई है। ये लोग खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं और इसका जश्न भी मनाते हैं। ये और कुछ नहीं, 'चोरी, ऊपर से सीनाजोरी' है।


दिल्ली पर 'आपदा' का संकट आ गया है। इसलिए दिल्ली के लोगों ने इस आपदा के खिलाफ जंग छेड़ दी है। दिल्ली एक सुर में कह रही है, 'आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी 'आप-दा' से घिरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग 'आप-दा' बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने 'आप-दा' के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बन चुका है। 2025 में भारत की ये भूमिका और भी मजबूत होगी। ये साल दुनिया में भारत की स्थिति को और मजबूत करने का साल होगा। ये साल भारत को दुनिया के सबसे बड़े मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर में से एक बनाने का साल होगा।

### आज पूरा देश एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण के लिए कर रहा है काम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अशोक विहार आने से उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष के दौरान जब देश उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा था, तब मैं और मेरे कई साथी भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे। उस दौरान अशोक विहार मेरा निवास स्थान था। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहा है। हमारा संकल्प है कि हर नागरिक के पास पक्का मकान हो और हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यमुना की सफाई को लेकर भी प्रधानमंत्री ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई नहीं होने के कारण दिल्लीवालों को गंदा पानी मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली 'आयुष्मान भारत' योजना का लाभ देना चाहते हैं। 'आप-दा' सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को 'आप-दा' वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

## भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति की 'मजबूत अभिव्यक्ति' है मालदीव : एस जयशंकर

**नई दिल्ली/माले (आईएएनएस)**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि मालदीव भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति की एक 'मजबूत अभिव्यक्ति' बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली हमेशा हिंद महासागर द्वीपसमूह के साथ खड़ा है, खासकर जब उसे चुनौतीपूर्ण समय में मदद की जरुरत होती है। विदेश मंत्री जयशंकर ने यह बात शुक्रवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील के साथ बैठक के दौरान कही।

जयशंकर ने कहा, हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने संबंधों को बढ़ाया है और मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा है। आप हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति की मजबूत अभिव्यक्ति हैं। इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत सरकार की मदद से मालदीव में चरण-3 के अंतर्गत सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों मंत्रियों ने अक्टूबर 2024 में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की राजकीय यात्रा के दौरान हुई सहमतियों पर प्रगति का जायजा लिया। इसके अलावा उन मुद्दों पर चर्चा की, जिन पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। खलील ने भारत की ओर से मालदीव को जरूरत के समय में दी गई आपातकालीन वित्तीय सहायता की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2025 मालदीव-भारत संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि दोनों देश औपचारिक राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

मालदीव के विदेश मंत्री ने कहा, हमारी साझेदारी सदियों पुरानी है। हमारी साझेदारी आपसी समझ, सम्मान और साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। दशकों के विश्वास और मित्रता के साथ, यह आगे भी फलती-फूलती रहेगी... भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के लाभार्थी के रूप में, मालदीव की सरकार भारत द्वारा दिए गए महत्व को समझती है। हमारे पास ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां भारत सरकार ने जरूरत के समय तत्काल मदद पहुंचाई है।

## हम एक अत्यंत प्राचीन सभ्यता हैं : उपराष्ट्रपति

### कहा, सनातन और हिंदू शब्दों को समझे बिना प्रतिक्रिया देना दुखद

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सनातन और हिंदू शब्दों के गहरे अर्थ को समझे बिना इन पर प्रतिक्रिया देने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारत में इन दोनों शब्दों का जिक्र गुमराह लोगों की ओर से हैरान करने वाली प्रतिक्रिया पैदा करता है। उन्होंने इसे विडंबनापूर्ण और दुखद बताते हुए कहा कि देश में सनातन और हिंदू का इस प्रकार जिक्र करना विस्मयकारी प्रतिक्रियाएं उत्पन्न कर रहा है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर में 27वें अंतरराष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस के उद्घाटन भाषण में धनखड़ ने कहा कि हम एक अत्यंत प्राचीन सभ्यता हैं। विडंबनापूर्ण और दुखद है कि इस देश में सनातन और हिंदू का संदर्भ, इन शब्दों के गहरे अर्थ को समझने के बजाय, अक्सर बेतुकी प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है। लोग तुरंत प्रतिक्रिया मोड में आ जाते हैं। क्या अज्ञानता की कोई सीमा हो सकती है? क्या उनकी त्रुटियों का कोई अनुमान लगाया जा सकता है? ये वे आत्माएं हैं, जिन्होंने खुद को गलत रास्ते पर डाल लिया है।

## लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू करवाने वाले डीएसपी गुरशेर सिंह बर्खास्त

**चंडीगढ़** । पंजाब सरकार ने लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर लॉरेंस बिश्नोई का जेल में इंटरव्यू करवाने के मामले में डीएसपी गुरशेर सिंह को नौकरी से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने गुरुवार की रात यह आदेश जारी किया। पंजाब में लोक गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद पंजाब पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को रिमांड पर लेकर आई थी। रिमांड की अवधि के दौरान खरड़ में एक टीवी चैनल ने लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू किया गया था। यह इंटरव्यू करवाने का आरोप डीएसपी गुरशेर सिंह पर लगा था।

# केंद्रीय मंत्री रिजिजू आज जाएंगे अजमेर ख्वाजा को पेश करेंगे पीएम की 'चादर'

**ब्यूरो**



- पीएम मोदी ने 11वीं बार अजमेर शरीफ की दरगाह पर भेजी है 'चादर'
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में 813वां उर्स हो गया है शुरू

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत गुरुवार (2 जनवरी) को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू को एक 'चादर' सौंपी। यह पवित्र 'चादर' 13वीं शताब्दी के सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के अवसर पर अजमेर शरीफ दरगाह पर 4 जनवरी को चढ़ाई जाएगी।

रिजिजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में 'चादर' की तस्वीर साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'चादर' पेश की, जो ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर उनकी ओर से अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाई जाएगी। पीएम मोदी की दी गई चादर को अजमेर शरीफ दरगाह की मजार पर ऐसे समय में चढ़ाई जाएगी, जब पिछले दिनों हिंदू राष्ट्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। याचिका पर अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी। उधर, अजमेर में गरीब नवाज हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में 813वां उर्स शुरू हो गया है। इस मौके पर 4 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी की चादर अजमेर शरीफ दरगाह में मजार पर चढ़ाई जाएगी। पीएम मोदी ने 11वीं बार अजमेर शरीफ की दरगाह पर चादर भेजी है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू 4 जनवरी को अजमेर जाएंगे, जहां वे ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर पीएम मोदी की चादर पेश करेंगे।

मंत्री किरेन रिजिजू की यात्रा का आधिकारिक कार्यक्रम जारी किया गया है। किरेन रिजिजू चादर लेकर शुक्रवार सुबह 9:30 बजे हजरत निजामुद्दीन दरगाह जाएंगे। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता भी उनके साथ होंगे। निजामुद्दीन दरगाह के बाद चादर लेकर महरौली की दरगाह होते हुए काफिला जयपुर के लिए रवाना होगा। कल अल्पसंख्यक कार्य मंत्री सिर्फ हजरत निजामुद्दीन दरगाह के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शनिवार को वह अजमेर में पीएम की 'चादर' मजार पर चढ़ाएंगे। इस अवसर पर अजमेर दरगाह के खादिम व चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सलमान चिश्ती ने पीएम मोदी की ओर से भेजी 'चादर' का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से जो 'चादर' भेजी गई है, वह देश के 140 करोड़ देशवासियों को एक तोहफा है, मोहब्बत का, अमन का, एकता का।

## असम समेत देश के 12 राज्यों में नाइलिट डीम्ड यूनिवर्सिटी शुरू

**गुवाहाटी (हि.स.)**

पूर्वोत्तर की सतत प्रगति की दिशा में शुक्रवार का दिन एक महत्वपूर्ण कदम है। गुवाहाटी रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में असम समेत देश के कुल 12 स्थानों पर नाइलिट (एनआईएलईआईटी) डीम्ड यूनिवर्सिटी का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नाइलिट और टाटा इलेक्ट्रानिक्स के बीच एक एमओयू भी हस्ताक्षरित हुआ। कार्यक्रम में तीन जोड़ी नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और तेतेलिया में एक ओवरब्रिज को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसके अलावा, कोकराझार में एक एफएम रेडियो स्टेशन का शुभारंभ भी किया गया। उल्लेखनीय कि नाइलिट का मेन कैंपस रोपड़ में है। इसके अलावा, औरंगाबाद, कालीकट, गोरखपुर, अजमेर, पटना, कोहिमा, इटानगर, आइजोल, श्रीनगर, इंफाल, अगरतला में नाइलिट की औपचारिक रूप से शुरुआत हो रही है।

## छत्तीसगढ़ के सोरनामाल में मुठभेड़ तीन नक्सली ढेर

**गरियाबंद** । छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के बाद तीन नक्सलियों के पास से कई ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्पेशल टास्क फोर्स की टीम के साथ नक्सलियों की शुक्रवार सुबह मुठभेड़ हुई है। इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के लगभग 300 जवान मौके पर मौजूद हैं। ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से भी जवानों ने घेराबंदी की थी, जिससे नक्सलियों को भागने का मौका नहीं मिला। हालांकि, शुरुआती जानकारी के अनुसार मारे गए नक्सली बस्तर से भागकर इस क्षेत्र में सक्रिय थे। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

### वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पिछले तीन दिनों में कई परीक्षणों से गुजरी

# 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की

- अंतिम चरण सफल होने के बाद भारतीय रेलवे को सौंप दिया जाएगा

**नई दिल्ली (हि.स.)**



रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। ये परीक्षण इस महीने के अंत तक जारी रहेंगे। उसके बाद देशभर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में ट्रेन की गति का उल्लेख किया। वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास दिखाया गया है। वीडियो में पानी का स्तर स्थिर देखा जा सकता है। चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। मंत्रालय के अनुसार, यह पोस्ट तीन दिनों के सफल परीक्षण के बाद आया है, जो 2 जनवरी को संपन्न हुआ, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी अधिकतम गति को छू लिया था। राजस्थान के बूंदी जिले में गुरुवार को कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। वर्ष 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि एक बार ये परीक्षण पूरे हो जाने के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही वंदेभारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा और उन्हें भारतीय रेलवे को शामिल करने और नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा। इन वंदेभारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजे, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाई-फाई और विमान जैसी डिजाइन जैसी सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। देश में यात्री पहले से ही मध्यम और छोटी दूरी पर चलने वाली 136 वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से शयन सीटों और विश्व-स्तरीय यात्रा अनुभव का आनंद ले रहे हैं।

रेल मंत्रालय के अनुसार वंदे भारत ट्रेनें अब कई शताब्दी ट्रेन मार्गों पर उपलब्ध हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की सबसे तेज ट्रेन है और 180 किमी प्रतिघंटा तक की गति तक पहुंचने में सक्षम है। अब तक यह दिल्ली और वाराणसी जैसे छोटे और मध्यम दूरी के प्रमुख शहरों को जोड़ती है और एक शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करती है। वंदे भारत ट्रेनें गति और आराम का एक सहज मिश्रण प्रदान करती हैं। यह केवल यात्रा का एक तरीका नहीं है, बल्कि आधुनिक भारतीय इंजीनियरिंग का एक अनुभव है।

## अमेरिका के फुलर्टन में विमान गोदाम से टकराया, दो की हुई मौत



**वाशिंगटन (हि.स.)।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के फुलर्टन शहर में गुरुवार को हुए विमान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 18 झुलस गए। बताया गया कि एक छोटा विमान व्यावसायिक गोदाम की छत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान आग लग गई। गोदाम से 100 लोगों को सुरक्षित निकालकर बचा लिया गया। लॉस एंजिल्स टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, फुलर्टन पुलिस के प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि पुलिस को गुरुवार दोपहर 2:09 बजे ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन शहर में हुए विमान हादसे की सूचना मिली। दमकलकर्मियों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बुझाई और आसपास के भवनों को खाली कराया। आग ने एक गोदाम को नुकसान पहुंचाया। गोदाम में सिलाई मशीनें और कपड़े का स्टॉक रखा हुआ था। झुलसे लोगों के इलाज के लिए पास में ही व्यवस्था की गई। दुर्घटनाग्रस्त विमान की पहचान एकल इंजन वैन के आरवी-10 के रूप में की गई है।